# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

बालाघाट
सोमवार 26 फरवरी 2024
माघ शुक्ल 12 विक्रम सम्वत 2080
वर्ष 15, अंक 156
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

E-mail: balaghatexpress@gmail.com
/padmeshmedia /padmeshmedia
epaper.balaghatexpress.in


## खास खबर

### संघ कार्यालय में पिन लगा बम मिला

भिंड। भिंड में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय में शनिवार रात पिन लगा बम मिला है। रात 12 बजे एसपी डॉ. असित यादव फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। स्निफर डॉग को भी बुलाया गया।

बजरिया स्थित संघ कार्यालय परिसर के मैदान में जिस जगह ध्वज लगाया जाता है, वहां यह बम मिला। संघ कार्यालय पहले ही खाली था, क्योंकि प्रचारक और विस्तारक इंदौर में बैठक में शामिल होने गए हैं। रात 2 बजे मुरैना से बम डिस्पोजल टीम पहुंची। हथगोला बम को पुलिस ने जब्त कर लिया है।

एसपी असित यादव ने बताया कि बम ×0 साल पुराना हो सकता है। भिंड के नजदीक डीडी गांव के पास कुंवारी नदी के बीहड़ में फायरिंग रेंज एरिया हुआ करता था। कुछ रोज पहले कार्यालय में मिट्टी से भराव कराया गया था। मिट्टी इसी फायरिंग रेंज एरिया से लाई गई थी। संभवत~ बम इसी मिट्टी में आकर दब गया होगा। फिर भी जांच की जा रही है।

### 2000 करोड़ के ड्रग्स नेटवर्क का भंडाफोड़

नई दिल्ली। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और दिल्ली पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन में एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तारी किया, साथ ही इनके पास से ड्रग्स बनाने में इस्तेमाल आने वाले 50 किलोग्राम स्यूडोइफेड्राइन केमिकल जब्त किया है। ब्यूरो ने कहा कि ड्रग तस्करी नेटवर्क के मास्टरमाइंड की पहचान एक तमिल फिल्म प्रोड्यूसर के रूप में की गई है। वह अभी फरार है। प्रोड्यूसर और उसकी गैंग ने सिर्फ 3 साल में करीब 2 हजार करोड़ रुपए के ड्रग्स की तस्करी की है। यह केमिकल 'मिक्स फूड पाउडर' और सूखे नारियल में छिपाकर ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड भेजा जा रहा था।

### इनेलो की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या

नई दिल्ली। हरियाणा के झज्जर जिले में इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष नफे सिंह राठी की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। पूर्व विधायक राठी एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) में जा रहे थे, इसी दौरान झज्जर के बहादुरगढ़ शहर में कार सवार अज्ञात हमलावरों ने उन पर हमला किया। इनेलो नेता अभय चौटाला ने बताया कि राठी की झज्जर जिले में गोली मारकर हत्या कर दी गई। उन्होंने सरकार पर राठी की जान को खतरा होने के बावजूद सुरक्षा मुहैया कराने में विफल रहने का आरोप लगाया और राज्य के मुख्यमंत्री और गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग की। झज्जर एसपी अर्पित जैन ने कहा, हमें फायरिंग की एक घटना की सूचना मिली।

### दिल्ली शराब नीति घोटाले में पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं हो सकेंगी कविता

नई दिल्ली। भारत राष्ट्र समिति की नेता के कविता कथित दिल्ली शराब नीति घोटाले के संबंध में पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं हो सकेंगी। कविता ने सीबीआई को लिखे अपने पत्र में कई जरूरी सार्वजनिक व्यस्तताओं और सुप्रीम कोर्ट में लंबित एक याचिका का हवाला दिया है। यह दूसरी बार है जब बीआरएस नेता और तेलंगाना के पूर्व मुख?यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी पूछताछ में शामिल नहीं होंगी। केंद्रीय एजेंसी ने उनसे आखिरी बार दिसंबर 2022 में पूछताछ की थी। कविता ने पिछले साल मार्च में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा पूछताछ से राहत की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी।

## शाह ने भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र, कहा

# इस बार 400 पार...लक्ष्य में जुट जाएं आप

भोपाल/ग्वालियर/खजुराहो। मप्र के दौरे पर आए अमित शाह ने भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि इस पर लोकसभा चुनाव में 400 पार सीटें जीतना है। ये काम बूथ कार्यकर्ताओं के बगैर नहीं हो सकता। इसलिए मोदी जी के दिए लक्ष्य में जुट जाइए। अमित शाह ने अयोध्या में राम मंदिर बनने से लेकर जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने और गरीबों को मुफ्त राशन वितरण तक मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। साथ ही कांग्रेस को भी जमकर निशाने पर लिया।

बता दें कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रविवार को मध्यप्रदेश के दौरे पर रहे। सुबह उन्होंने ग्वालियर में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। फिर खजुराहो पहुंचे। शाम को भोपाल में कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में वृहद प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित किया। खजुराहो में बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि ये सम्मेलन विजय का संकल्प लेने का है। ये सम्मेलन 400 से ज्यादा सीटों के साथ सरकार बनाने के संकल्प का सम्मेलन है। शाह ने कहा कि मप्र में 2019 में एक सीट बच गई थी। 24 में सभी 29 सीटें देकर मोदी जी की झोली भर दीजिए। इस बार मोदी जी ने हमें 400 पार का लक्ष्य दिया है। ये काम बूथ के कार्यकर्ताओं के बगैर हो ही नहीं सकता।




### इस बार सभी बूथ जीतना है

अमित शाह ने कहा कि अभी प्रदेश अध्यक्ष बता रहे थे कि पिछली बार 156 बूथों पर जीत नहीं मिली। विजय की भूख को मंद मत करिए। इस बार सभी बूथ पर कमल खिलाने का संकल्प लेकर जाना है। हमने हर वादा पूरा किया। हमने कहा था अयोध्या में राम मंदिर बनाएंगे। राहुल बाबा मेरा मजाक उड़ाता था। मंदिर वहीं बनाएंगे, तारीख नहीं बताएंगे। राहुल बाबा 22 जनवरी 2024 को रामलला 500 साल के बाद भव्य मंदिर में विराजे हैं।

### हमारी सरकार ने गरीबों का कल्याण किया

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो भी वादा किया उसे पूरा किया। 10 साल के अंदर देश के बड़े बदलाव हुए हैं। राहुल गांधी कहते थे मंदिर वहीं बनाएंगे लेकिन तारीख नहीं बताएंगे। अब अयोध्या के भव्य राम मंदिर में रामलला विराजमान हो गए हैं। राम मंदिर निर्माण देश के लिए सबसे के लिए ऐतिहासिक पल है। कांग्रेस नेताओं को सनातन धर्म का अपमान करे बिना चैन नहीं आता। कांग्रेस का मतलब भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचार मतलब कांग्रेस है। 10 साल में भारत चांद तक पहुंच गया। हमारी सरकार ने गरीबों का कल्याण किया। कांग्रेस ने हमेशा सनातन धर्म का अपमान किया। भारतीय संस्कृति को अपमानित करने का काम किया। कांग्रेस इस देश की राजनीति के अंदर भ्रष्टाचार की पर्याय बन गई। कांग्रेस मतलब भ्रष्टाचार, भ्रष्टाचार मतलब कांग्रेस पार्टी।

## स्टार्ट कर हैंडब्रेक लगाना भूला; जम्मू से पंजाब पहुंची ट्रेन, लकड़ी के स्टॉपर लगाकर रोका गया

# बिना ड्राइवर 78 किमी. दौड़ी मालगाड़ी

होशियारपुर। जम्मू-कश्मीर के कठुआ से मालगाड़ी बिना ड्राइवर-गार्ड के चल कर पंजाब पहुंच गई। करीब 78 किलोमीटर तक मालगाड़ी ऐसे ही दौड़ती रही। होशियारपुर के ऊंची बस्सी रेलवे स्टेशन पर लकड़ी के स्टॉपर लगाकर उसे रोका गया। घटना के बाद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जांच के आदेश दिए हैं। कठुआ रेलवे स्टेशन पर ड्राइवर मालगाड़ी का इंजन स्टार्ट कर बिना हैंड ब्रेक लगाए नीचे उतर गया था। पठानकोट की तरफ ढलान होने की वजह से मालगाड़ी चल पड़ी।

रेलवे के अधिकारियों को मालगाड़ी के चलने का पता चला तो उसे कठुआ रेलवे स्टेशन पर रोकने की कोशिश की गई, लेकिन वह सफल नहीं हुए। कुछ देर में मालगाड़ी ने रफ्तार पकड़ ली। देखते ही देखते मालगाड़ी की रफ्तार 80 किमी प्रति घंटे तक पहुंच गई।

### कई स्टेशनों पर रोकने की कोशिश की

कठुआ रेलवे स्टेशन के अधिकारियों ने तुरंत पंजाब के पठानकोट में सुजानपुर रेलवे स्टेशन के रेलवे अधिकारियों से संपर्क किया। वहां भी ट्रेन को रोकने की कोशिश की गई। रेलवे लाइन पर स्टॉपर लगाए गए। इस बार भी कोशिश विफल रही और मालगाड़ी स्टेशन क्रॉस कर गई। इसके बाद मालगाड़ी को पठानकोट कैंट, कंडरोड़ी, मीरथल, बंगला और मुकेरियां में भी रोकने की कोशिश की गई। धीरे-धीरे मालगाड़ी की रफ्तार कम होती चली गई। आखिर में होशियारपुर के ऊंची बस्सी रेलवे स्टेशन पर लगाए गए लकड़ी के स्टॉपर से मालगाड़ी रुक गई।

### रेलवे ट्रैफिक मैनेजर बोले- जांच शुरू की

जम्मू रेलवे डिवीजन ट्रैफिक मैनेजर ने बताया कि घटना का कारण जानने की कोशिश की जा रही है। भविष्य में इसी तरह की घटनाओं को रोकने के लिए किसी भी संभावित सुरक्षा चूक की पहचान करने के लिए मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 9 की मौत

कौशांबी। कौशांबी में रविवार को एक पटाखा फैक्ट्री के अंदर भीषण आग लग गई। इसके बाद जोरदार विस्फोट हुआ। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। इसमें फैक्ट्री मालिक साहिद अली भी शामिल है। हादसे में 4 गंभीर घायल हैं। अभी फैक्ट्री में कुछ लोगों के फंसने की आशंका जाहिर की जा रही है।

फैक्ट्री के अंदर 24 लोग काम कर रहे थे। ये हादसा कितना भयानक है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पुलिस को घटना स्थल से लगभग 500 मीटर की दूरी पर काम करने वाले वर्कर्स के कटे हुए हाथ-पैर बरामद हो रहे हैं। फैक्ट्री में लगी आग ने आस-पास के घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया है।



### 15 फीट उछलकर मजदूर फैक्ट्री से बाहर आकर गिरे

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हमें अचानक से तेज-तेज आवाजें सुनाई दीं। हम लोगों को पहले लगा कि मौसम खराब है, बादल गरज रहे हैं, लेकिन जब बाहर आए, तो धुएं का गुब्बारा आसमान में दिखाई दिया। फैक्ट्री में तेज धमाके हो रहे थे। हम लोगों के सामने 15 फीट उछलकर मजदूर बाहर आकर गिरे हैं। गांव के लोगों का कहना है कि एक से डेढ़ बीघा जमीन पर ये फैक्ट्री थी। आस-पास के गांव के 2 दर्जन लोग यहां काम करते थे। न्यू रंगोली फायर ब्रिगेड फैक्ट्री का नाम था। फैक्ट्री से 100 मीटर की दूरी पर एक प्राइवेट स्कूल बना है। रविवार होने के कारण स्कूल बंद था नहीं, तो बड़ा हादसा हो जाता।

## पीएम ने समुद्र में डूबी द्वारका नगरी के किए दर्शन, बोले- ये डुबकी नहीं बल्कि समय यात्रा

द्वारका।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के दौरे पर हैं। अपने दौरे के तहत प्रधानमंत्री ने द्वारकाधीश मंदिर में पूजा अर्चना की। साथ ही समुद्र में डूबी प्राचीन द्वारका नगरी के भी दर्शन किए। द्वारका नगरी के दर्शन के बाद पीएम मोदी ने कहा कि ये सिर्फ समुद्र में एक डुबकी नहीं थी बल्कि समय यात्रा थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पानी में डूबी द्वारका नगरी में प्रार्थना करना आलौकिक अनुभव रहा। मुझे आध्यात्मिक वैभव और शाश्वत भक्ति के एक प्राचीन युग से जुड़ाव महसूस हुआ। भगवान श्रीकृष्ण हम सभी को आशीर्वाद दें।

पीएम मोदी ने द्वारका नगरी को अर्पित किए मोर पंख

प्रधानमंत्री ने कहा द्वारका नगरी के दर्शन से भारत की आध्यात्मिक और ऐतिहासिक जड़ों का दुर्लभ और गहरा संबंध अनुभव हुआ। द्वारका नगरी भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ी हुई है और कभी भव्यता और समृद्धि का केंद्र थी। प्रधानमंत्री ने कहा यह सिर्फ पानी में एक डुबकी ही नहीं थी बल्कि समय यात्रा थी, जो नगरी के गौरवशाली अतीत और हिंदू धर्म के सबसे प्रतिष्ठित देवताओं में से एक के साथ इसके जुड़ाव को दर्शाती है। प्रधानमंत्री ने आस्था के तहत द्वारका नगरी को मोर पंख भी अर्पित किए।



प्रधानमंत्री मोदी ने बाद में द्वारका में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज जो मैंने अनुभव किया, वो हमेशा मेरे साथ रहेगा। मैं समुद्र के भीतर गया और प्राचीन द्वारका नगरी के दर्शन किए। पुरातत्वविदों ने द्वारका के बारे में काफी कुछ लिखा है। हमारे धार्मिक ग्रंथों में भी बताया गया है कि द्वारका में ऊंची ऊंची इमारतें थी और सुंदर दरवाजे थे। समुद्र के भीतर मैंने दिव्यता का अनुभव किया। मैंने द्वारकाधीश के सामने शीश झुकाया। मैं मोर के पंख भी अपने साथ लेकर गया था और उन्हें भगवान श्रीकृष्ण के चरणों में समर्पित किया। मैं हमेशा से वहां जाने का इच्छुक था और द्वारका नगरी के अवशेषों को छूना चाहता था, आज मैं भावुक हूं क्योंकि मेरा दशकों पुराना सपना पूरा हो गया है।

### किसानों ने दिल्ली मार्च फिलहाल 29 फरवरी तक टाला

नई दिल्ली। फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य सहित विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे किसानों ने दिल्ली मार्च फिलहाल 29 फरवरी तक टाल दिया गया है। इसके चलते हरियाणा के सात जिलों में इंटरनेट सेवा बहाल कर दी गई है और कुछ रास्तों को भी खोला जा रहा है। साथ ही दिल्ली के सिंधु और टिकरी बॉर्डर पर सर्विस रोड खोले जा रहे हैं, जिसके कारण आम लोगों ने राहत की सांस ली है। शंभु और खनौरी बार्डर पर प्रदर्शनकारी किसान अपनी मांगों को लेकर बैठे हैं। फिलहाल शुभकरण नाम के किसान को शहीद का दर्जा और हरियाणा पुलिस के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए यह धरना प्रदर्शन किया जा रहा है, लेकिन पंजाब में चल रहे धरने से हरियाणा और केंद्र सरकार ने जरूर राहत की सांस ली है। हरियाणा के सात जिलों में इंटरनेट सेवा बहाल कर दी गई है, जिससे छात्रों और तमाम लोगों की दिक्कत कम हुई है।

अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार, फतेहाबाद और सिरसा में 11 फरवरी को सेवाएं निलंबित कर दी गई थीं और 13, 15, 17, 19, 20, 21, 23 और 24 फरवरी को निलंबन की अवधि को बढ़ाया गया था। इंटरनेट सेवा ही नहीं दिल्ली के सील बार्डर पर भी थोड़ी राहत की खबर है। सिंधु और टिकरी बार्डर के सर्विस रोड खोले जा रहे हैं ताकि लोगों को कुछ सहूलियत मिले। हालांकि प्रदर्शन कर रहे किसानों की वजह से अब भी दिल्ली से पंजाब जाना आसान नहीं है। सिंधु बार्डर के अलावा हरियाणा में अंबाला से पहले शाहबाद और लालडू दो जगह पर पुलिस की अब भी कड़ी मोर्चाबंदी है।

## हाईकोर्ट ने सैनिक की पेंशन जारी न करने पर केंद्र को लगाई फटकार

चंडीगढ़। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने सैनिक की पेंशन जारी न करने पर केंद्र को कड़ी फटकार लगाई है। हाईकोर्ट ने कहा कि इतने साल बीतने और पूर्व सैनिक के हक में फैसला आने के बावजूद लाभ जारी नहीं किया गया, आप कितना इंतजार करवाएंगे। 24 साल से कानूनी लड़ाई लड़ रहे पूर्व सैनिक के पक्ष में फैसला आने के बावजूद पेंशन लाभ जारी न करने पर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि अगली सुनवाई तक आदेश का पालन नहीं हुआ तो आईटीबीपी के महानिदेशक को खुद कोर्ट में हाजिर होना पड़ेगा। श्रीनगर में हुए दुष्कर्म के एक मामले में कोर्ट मार्शल प्रक्रिया पूरी की गई थी और याची जयपाल गुलेरिया (मूल रूप से हिमाचल के मंडी से) को दोषी करार देकर सजा सुनाई गई थी। सजा कम होने की वजह से बाद में दोबारा कोर्ट मार्शल हुआ और उसे बर्खास्त कर दिया गया। हाईकोर्ट ने यह निर्णय दिया था कि आदेश-2000 में इस कार्रवाई के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी।

दरअसल हाईकोर्ट ने 2013 में दोहरे कोर्ट मार्शल को गैर कानूनी करार दे दिया था, लेकिन याचिकाकर्ता के 13 साल ड्यूटी से दूर रहने के चलते दोबारा सेवा में लेने का आदेश नहीं दिया था। इसके बाद याचिकाकर्ता ने पेंशन व अन्य लाभ जारी करने की मांग की थी। हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने याची के हक में फैसला सुनाया तो केंद्र सरकार ने खंडपीठ में अपील दाखिल कर दी। खंडपीठ ने जनवरी 2024 को अपील खारिज कर याची को पेंशन व अन्य लाभ का पात्र माना था।

## एनेस्थीसिया देने में गड़बड़ी के कारण बदल गई मरीज की आवाज

### सुप्रीम कोर्ट का आदेश, अब अस्पताल को देने होंगे 10 लाख रुपये

नई दिल्ली। एक मरीज को ऑपरेशन के दौरान गलत तरीके से एनेस्थीसिया देने के कारण उनकी आवाज कर्कश हो गई। केस लगाया तो फैसले के तौर पर सुप्रीम कोर्ट ने एक प्राइवेट अस्पताल को निर्देश दिया है कि मरीज की पत्नी को मुआवजे के तौर पर 10 लाख रुपये भुगतान किए जाए। दरअसल एक ट्रेनी की ओर से एनेस्थीसिया देने में हुई गलती के कारण मरीज की आवाज कर्कश हो गई थी। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस हीमा कोहली की अगुआई वाली बेंच ने मेडिकल में लापरवाही मामले में यह फैसला दिया है। दरअसल, मरीज का ऑपरेशन हुआ था। इस दौरान उसे एनेस्थीसिया देने में गलती हुई थी और बाद में उनकी आवाज बदल गई और वह कर्कश हो गई। इस कारण मरीज को नौकरी में प्रमोशन में दिक्कत हो गई। मरीज इलाज के बाद 2003 से लेकर 2015 यानी जब तक जिंदा रहे प्रमोशन नहीं पा सके। हालां?कि मामले की पेंडेंसी के दौरान मरीज की मौत हो चुकी थी।

तब मरीज की पत्नी की ओर से आग्रह किया गया कि रकम का भुगतान उन्हें किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह अस्पताल की ड्यूटी है कि वह एनेस्थीसिया से संबंधित काम में लापरवाही न करें, जब?कि डिपार्टमेंट का हेड की अनुपस्थिति में ट्रेनी ने यह काम किया। जिला उपभोक्ता फोरम ने पांच लाख रुपये मुआवजे का निर्देश दिया था। जब?कि सुप्रीम कोर्ट ने उसे दोगुना करते हुए मुआवजे की राशि 10 लाख कर दी और कहा कि अस्पताल को इस रकम का 10 फीसदी ब्याज भी देना होगा।

## यमन में हूती विद्रोहियों के 18 ठिकानों पर बड़ा हमला

नई दिल्ली। यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर अमेरिका और ब्रिटेन ने मिलकर बड़ा हमला किया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि यमन की राजधानी सना में हूती के ठिकानों को निशाना बनाकर ये हमले किए गए हैं और इस दौरान 18 ठिकानों को निशाना बनाया गया है।

अमेरिका ने कहा कि हूती आतंकी मालवाहक जहाजों पर हमला कर रहे थे और यमन को जो मानवीय मदद दी जा रही है उसे भी रोकने का प्रयास कर रहे थे। इसलिए हमने उनपर हमला किया। ब्रिटिश और अमेरिकी फौजों के अलावा ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कनाडा, डेनमार्क, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड की फोर्स ने भी इस साझा हमले को अंजाम दिया।

### हूतियों की वजह से व्यापार हुआ प्रभावित

हूती विद्रोहियों पर किए गए हमले अभी तक हूतियों के एक्शन को रोकने में विफल रहे हैं जिसकी वजह से वैश्विक व्यापार बाधित हुआ है और शिपिंग दरें बढ़ गई हैं। हमलों में भाग लेने वाले या समर्थन देने वाले देशों ने एक संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि सैन्य कार्रवाई यमन में आठ जगहों पर की गई जिसमें 18 हूती ठिकानों को निशाना बनाया गया।

## उत्तराखंड सरकार का बड़ा प्लान :

# संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले दंगाइयों के घर पहुंचकर वसूली करेगी सरकार

देहरादून। हल्द्वानी में हुए उपद्रव के बाद उत्तराखंड सरकार दूसरी बार कोई जोखिम उठाना नहीं चाहती है। भविष्य में उपद्रव न हो इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। राज्य सरकार एक ऐसी योजना बना रही है ताकि उपद्रवी सरकारी या निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की हिम्मत न जुटा सकें। इसी कड़ी में धामी सरकार विरोध प्रदर्शन के नाम पर सरकारी और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले उपद्रवियों के खिलाफ 26 फरवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र में 'उत्तराखंड सार्वजनिक और निजी संपत्ति क्षति वसूली विधेयक' लाएगी। इस बिल के तहत विरोध प्रदर्शन और हड़ताल के दौरान हुए नुकसान की वसूली उपद्रव में शामिल आरोपियों से की जाएगी। नुकसान की भरपाई के लिए सेवानिवृत्त जिला जज की अध्यक्षता में ट्रिब्यूनल का गठन किया जाएगा।

बता दे कि बीते 8 फरवरी को हल्द्वानी में हुई हिंसा में उपद्रवियों ने जमकर तोड़फोड़ की थी। यहां तक की थाना को भी आग के हवाले कर दिया था। हल्द्वानी हिंसा में राज्य सरकार को बड़ा नुकसान हुआ। वहीं इस हिंसा के मास्टरमाइंड को पुलिस ने बीते शनिवार को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसे सेशन कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 10 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया था। दरअसल, मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक ने अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की थी, जिसमें उसके दिल्ली के घर का पता था। इसके बाद पुलिस उस याचिका के जरिए मलिक के ठिकाने का पता लगा लिया और फिर गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि बीते 8 फरवरी को हुई हिंसा के बाद से वह फरार चल रहा था। जिसकी तलाश में पुलिस दूसरे राज्यों में भी लगातार दबिश दे रही थी।बता दें कि उत्तराखंड सरकार से पहले उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ऐसा विधेयक ला चुकी है। यूपी में साल 2022 में 23 सितंबर को उत्तर प्रदेश लोक और निजी संपत्ति क्षति वसूली (संशोधन) विधेयक, 2022 पारित किया गया था।

## राहुल और प्रियंका ने पार्टी कार्यकर्ताओं बढ़ाया मनोबल

बुलंदशहर। भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर राहुल और प्रियंका गांधी उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जनपद में रविवार 25 फरवरी की सुबह पहुंचे थे। यहां कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के अलीगढ़ की ओर रवाना होने के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका मनोबल बढ़ाया।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर बुलंदशहर से अलीगढ़ के लिए निकले थे, इसी दौरान राहुल व प्रियंका ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात की। कांग्रेस पार्टी के बुलंदशहर जिला अध्यक्ष राकेश भाटी ने बताया कि यहां कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने और सभी की बात सुनने के बाद खुली जीप में सवार होकर राहुल व प्रियंका पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ पंडावल से अलीगढ़ के लिए रवाना हुए। यहां बतलाते चलें कि संभल से गंगा का पुल पार कर 24 फरवरी की रात उन्होंने जनपद बुलंदशहर के अनूपशहर विधानसभा क्षेत्र से प्रवेश किया था इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने पांच क्विंटल फूलों की पुष्प वर्षा कर उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इसके बाद शिकारपुर विधानसभा क्षेत्र के पंड्रावल नामक स्थान पर यात्रा ने रात्रि विश्राम किया और आज रविवार सुबह अलीगढ़ के लिए रवाना हो गई। इस दौरान ग्रामीण इलाकों से गुजर रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। राहुल और प्रियंका को अपने बीच पाकर पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।



# जिले की जनता से सांसद ने किया झूठा वादा

## 02 माह से इतवारी बालाघाट ट्रेन का इंतजार कर रही जनता

**कटंगी( पद्मेश न्यूज )। लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ ढाल सिंह बिसेन एक बार फिर से सक्रिय नजर आ रहे है. वह बीते कुछ महीनों से लगातार बालाघाट जिले की अलग-अलग तहसीलों में पार्टी के कार्यक्रमों के साथ ही अन्य कार्यक्रमों में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे है. इसके अलावा सोशल मीडिया पर भी एक्टिव नजर आ रहे है. इस बीच बालाघाट जिले की जनता सांसद से सवाल कर रही है कि महोदय इतने दिनों से कहां थे. दरअसल, बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ ढाल सिंह बिसेन ने सांसद बनने के तमाम मौकों पर बालाघाट जिले की जनता को ठगने का काम किया है. खासतौर से रेलवे से जुड़े विषयों पर बालाघाट जिले की जनता सांसद से ठगा हुआ महसूस कर रही है. बात फिर चाहे अमृत भारत स्टेशन स्कीम के बालाघाट स्टेशन के बजट की हो या फिर नई रेलों के परिचालन की. सांसद ने बालाघाट जिले के लिए सिवनी जिले की अपेक्षा महज खानापूर्ति भर का काम किया है. जिस**



कारण जनता उनसे खासी नाराज है।

### अधूरा स्टेशन आज होगा उद्घाटन-

बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी आज अमृत भारत स्टेशन स्कीम के अंतर्गत 554 पुर्नविकास रेलवे स्टेशनों के अलावा 15 सौ से अधिक अंडर ब्रिज और ओवर ब्रिज का वर्चुअल शिलान्यास/ उद्घाटन करने वाले है. बालाघाट रेलवे स्टेशन भी इसमें शामिल है. रविवार को सांसद ने बालाघाट स्टेशन का निरीक्षण किया. आपके लिए यह जानना जरूरी है कि अब तक बालाघाट रेलवे स्टेशन का कार्य प्रगति पर है इस बीच इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री के हस्ते होने वाला है. यह बेहद ही हास्यास्पद लग रहा है. चूंकि बालाघाट स्टेशन में शुरू से ही कच्छप गति से कार्य चला है. सूत्र बताते है कि सांसद ने रेल अधिकारियों और ठेकेदार पर कार्य में प्रगति लाने के लिए कभी दबाव नहीं बनाया. जिस कारण आज अधूरे कार्य का उद्घाटन होगा. ज्ञात रहे कि अमृत भारत स्टेशन के तहत बालाघाट स्टेशन को केवल 07 करोड़ रुपए का बजट मिला है जबकि अभी हाल ही में बनकर तैयार हुए सिवनी स्टेशन को करीब दोगुना 13 करोड़ से अधिक का बजट मिला है. सिवनी स्टेशन को दोगुना राशि दिलवाने में निश्चित तौर पर सांसद की बड़ी भूमिका होगी किन्तु बालाघाट और सिवनी स्टेशन को मिलने वाले बजट में बड़ी राशि का अंतर इस बात का दर्शाता है कि बालाघाट जक्शन स्टेशन होने के बावजूद सांसद की भेदभाव वाली राजनीति के चलते उपेक्षा का शिकार हो गया. अगर, सांसद इस बात से इनकार करते है तो वह बताएं कि उन्होंने सिवनी और बालाघाट के बजट में दोगुना अंतर देखने के बाद रेल अधिकारियों से क्या पत्र व्यवहार किया है।

### बालाघाट से इतवारी के बीच नहीं चली ट्रेन-

गौरतलब हो कि सांसद डॉ ढाल सिंह बिसेन ने दो माह पहले सोशल मीडिया पर ट्रेन के रूट परिवर्तन पर जनता से जमकर श्रेय लूटने का काम किया. दरअसल, उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए बताया था कि ट्रेन सं. 08714/08715 इतवारी बालाघाट मेमू (प्रतिदिन) व्हाया तुमसर रोड़, तिरोड़ी, कटंगी, वारासिवनी के संचालन की भी अनुमति प्राप्त हो गई है. अतिशीघ्र सुविधा अनुसार तिथि पर इस ट्रेन का संचालन शुरू कर दिया जाएगा. सांसद के इस पोस्ट के बाद तो मानो जिले की जनता में खुशी की लहर ही दौड़ पड़ी थी. भाजपा के तमाम छोटे और बड़े पदाधिकारी इसे सांसद की बड़ी उपलब्धि के तौर पर पेश कर रहे थे. वहीं सांसद भी इसमें पीछे नहीं थे. वह बता रहे कि उनके कार्यकाल में यह बालाघाट जिले को सबसे बड़ी सौगात है लेकिन आपको बता दें कि इस ट्रेन का परिचालन आज तक शुरू नहीं हो पाया है. जिससे जनता स्वयं को ठगा सा महसूस कर रही है. वहीं सोशल मीडिया पर बड़े-बड़े दावे करने वाले सांसद और उनकी पार्टी के तमाम नेता इस विषय पर चुप्पी साधे बैठे हुए है।

### कटंगी स्टेशन से सांसद ने बनाई दूरी-

उल्लेखनीय है कि बालाघाट सिवनी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ ढाल सिंह बिसेन ने अपने अब तक के कार्यकाल में एक बार भी रेलवे स्टेशन कटंगी का निरीक्षण नहीं किया. उन्होंने कटंगी स्टेशन पहुंचकर कभी यह जानने की कोशिश नहीं की कि स्टेशन में यात्रियों को किस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और स्टेशन में किन मूलभुत सुविधाओं की कमी है।

# कामर्स आइडियल परीक्षा का हुआ आयोजन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कामर्स के छात्रों के सुनहरे कैरियर के लिये 25 फरवरी को कामर्स आइडियल कामर्स की प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया गया, यह आयोजन दादाबाड़ी जैन विद्यालय परिसर में आयोजीत किया गया। परीक्षा में ष्ट, ष्टस्, ष्टस्न्न, ष्टज्ञ की तैयारी से जुड़े सभी विषयों को ध्यान में रखते हुये प्रश्नपत्र तैयार किया गया। इस



परीक्षा का आयोजन एस्पायर कामर्स क्लासेंस बालाघाट द्वारा किया गया। जिसकी संचालिका ष्ट स्नेहा कोठारी ने बताया कि रिसनिंग, एपटिट्यूट, पिक्चर प्रतियोगी परीक्षा के पैटर्न पर 90 मिनट की परीक्षा मे 188 को परीक्षार्थी रजिस्टर्ड हुये जिसमें से 179 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। यह सभी परीक्षार्थी 11 वी एवं 1 2 वी के हैं । इस परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कामर्स आइडियल को ट्रॉफी, कैश प्राइज 10,000 रुपये, सर्टिफिकेट एवं स्कालरशिप प्रदान की जायेगी। द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर ट्रॉफी, कैश प्राइस 7500 रुपये, सर्टिफिकेट एवं स्कालरशिप प्रदान की जायेगी। जो सी.बी. एम.ई और एम.पी. बोर्ड के बच्चों को अलग-अलग दी जायेगी। शेष सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। आज प्रतियोगिता के इस दौर में बच्चे मानसिक तनाव और चुनौतियों से गुजरते हैं, ऐसे में इस तरह की परीक्षा कामर्स के विद्यार्थियों के लिये उपयोगी साबित होगी। परीक्षा के आयोजन में सीए. रोहित कोठारी, दादाबाड़ी स्कूल की प्राचार्या अलका चौधरी, सीए. तन्मय सुराना, जयति सुराना, जैनम सुराना, श्वेता परमानंदनी, सौम्या कांकरिया, मोहित गंगवानी, अलका चौधरी, नेहा बाफना, निशा कोठारी का सहयोग रहा।

# हर्षोल्लास से मनाई गई शबरी माता की जयंती, दुर्गा चौक ग्राउंड में विभिन्न कार्यक्रमों के हुए आयोजन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आदिवासी कोल समाज विकास समिति के तत्वधान में माता शबरी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।जिसके तहत हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए।ग्राम भरवेली स्थित दुर्गा चौक ग्राउंड में गरिमामय माहौल में अयोजित इस कार्यक्रम की शुरुवात माता शबरी एवम बिरसा मुंडा जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर की गई।जिसके उपरांत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जहा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जबलपुर से पधारी आदिवासी नेता पूर्व राज्य मंत्री सुश्री कौशल्या गोटिया एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा कंकर मुंजारे द्वारा की गयी इनके साथ बड़ी संख्या में ग्राम के सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने आदिवासी कोल समाज के विकास एवं




उत्थान के लिए अपने अपने विचार रखे और माता सबरी द्वारा किये गए कार्यो को याद किया गया। जिसमें हर किसी ने माता शबरी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनकी जीवनी से प्रेरणा लेकर उनकी जीवनी को आत्मसात करने और उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर जीवन का उद्धार करने की बात कही। वहीं उन्होंने कार्यक्रम दौरान आदिवासी कोल समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक नृत्य भी प्रस्तुत किए गए मंची कार्यक्रम के पश्चात माता शबरी रैली निकाली गई जिसमें सभी समाज के लोग एवं बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा कंकर मुंजारे शामिल हुई रैली द्वारा ग्राम भरवेली का भ्रमण कर कार्यक्रम स्थल दुर्गा चौक ग्राउंड पहुंची जहां रात्रि में सभी सामाजिक बंधु एवं ग्रामीणों के लिए सामूहिक भोजन की व्यवस्था की गई जहां विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन कर देर रात इस कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान आदिवासी कोल समाज अध्यक्ष दिनेश रौतेल,महिला मण्डल अध्यक्ष सरोज कठौते, कोषाध्यक्ष पुनिया बाई कटोते, , गुलाब सिंह कोल, राजेश गोटिया, रामजी गोटिया, बबलु कठौते, लक्ष्मी प्रसाद कठौते केंद्रीय उपाध्यक्ष ,सामाजिक कार्यकर्ता इमरान खान, मनिष शेन्डे, राजेश उर्फ रज्जु कठौते, श्री राम गराडे श्यामलाल बिसेन लेखराम पटले मुस्लिम समाज के अध्यक्ष हाजी इसराइल कुरैशी कन्हैया संचेती शेख चांद भाई अमीन खान आदिल शेख एवं समाज लोग एवम ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।

# चित्रगुप्त नगर में जुआ खेल रहे तीन जुआरी गिरफ्तार

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कोतवाली पुलिस ने नगर के वार्ड नंबर 6 चित्रगुप्त नगर हनुमान मंदिर के पास जुआ खेल रहे 3 जुआरी को गिरफ्तार किया। जिनके पास से ताश के 52 पत्ते ,10700 जप्त किए गए। कोतवाली पुलिस के मुताबिक 24 फरवरी को शाम 06 बजे करीब सूचना मिली कि नगर के वार्ड नंबर 6 चित्रगुप्त नगर हनुमान मंदिर के पास कुछ लोग ताश के 52 पत्तों पर रुपए का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। नगर निरीक्षक प्रकाश वास्कले के मार्गदर्शन में प्रधान आरक्षक राहुल गौतम सहित अन्य पुलिस कर्मचारियों ने चित्रगुप्त नगर पहुंचकर हनुमान मंदिर के पास घेराबंदी कर वहा जुआ खेल रहे तीन लोग जिनमे आकाश शर्मा वार्ड नंबर 18 सराफा मार्केट बालाघाट, आनंद एवले 42 वर्ष वार्ड नंबर 6 बालाघाट, शिवम दुबे चित्रगुप्त नगर बालाघाट निवासी पकड़े ।जिनके पास से ताश की 52 पत्ते और नगद 10700 रुपए जप्त किये। तीनों को धारा13 जुआ एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

# राजा भोज जयंती व राम मंदिर भुमि पुजन कार्यक्रम हुआ संपन्न

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी सम्राट राजा भोज जयंती व राम मंदिर भुमि पुजन हेतु कार्यक्रम पंवार समाज सर्कल मौरिया में संपन्न हुआ।क्षत्रिय पंवार समाज



सर्कल मौरिया के तत्वावधान में सर्व प्रथम राजा भोज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भव्य बाईक रैली निकालकर विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया गया ।इस दौरान राम मंदिर भुमि पुजन स्थल ढुटी बांध वैनगंगा नदी तट पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर राम मंदिर भुमि पुजन विधायक मधु भगत व हरकचंद टेम्भरे जिला अध्यक्ष सिवनी,के करकमलो से संपन्न हुआ ।समाज को जागरूक करने सभी सामाजिक वक्ताओं ने समाज के उत्थान के लिए अपने अपने मुखारविंद से वक्तव्य दिये ।इसके उपरांत सभी ने ढुटी बांध वैनगंगा नदी तट को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए विशेष प्रयास करने की बात की ।राजा भोज जयंती के कार्यक्रम में पंवार समाज सर्कल मौरिया के सभी ग्रामो के स्वजातीय बंधुओं के साथ क्षेत्रीय विधायक मधु भगत ,गौरव पारधी विधायक ,विवेक पटेल विधायक ,ढालसिंह बिसेन सांसद ,हरकचंद टेम्भरे जिला अध्यक्ष सिवनी,शंकर लाल बिसेन जनपद पंचायत बालाघाट उपाध्यक्ष व सभी पंवार समाज के सभी गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

# बंदर के काटने से ५ वर्षीय बालिका घायल

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। बंदरो के आतंक से नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोग काफी परेशान है। नगर में तो यह आलम है कि बंदरों के डर से छोटे बच्चे खेलने तक बाहर निकलने से कतरा रहे है। बंदरों का



झुंड बच्चो को काटने दौड़ता है। ऐसा ही एक मामला ५ वर्षीय बालिका के साथ हुआ जब वो अपनी मम्मी रानी ठाकरे के साथ २५ फरवरी की दोपहर में छत पर पापड़ सूखा रही थी। तभी १ बंदर ने उसके हाथ में झपट्टा मारकर उसे काट लिया। जिसे एक प्राईवेट चिकित्सक के पास उपचार के लिये लेकर जाया गया। फिलहाल बालिका की उपचार के बाद हालत ठीक है। यह बालिका वार्ड क्रमांक ३ की निवासी है। गौरतलब है कि वर्तमान समय में आवारा श्वान व बंदर के आतंक से नगरवासी काफी परेशान है। जिन्हे पकड़ने की कवायद नगर पालिका या वन विभाग को करनी चाहिये ताकि वे हिंसक रूप न धारण करे।

# अहीर यादव समाज महिला संगठन नगर कार्यकारिणी का मनोनयन संपन्न

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिला अहीर यादव समाज महिला संगठन की नगर कार्यकारिणी घोषित करने यादव अहीर समाज की महत्वपूर्ण बैठक शहर के भटेरा रोड स्थिति यादव समाज के भवन में रविवार को रखी गई। बैठक में मुख्य रूप से समाज के संरक्षक अमृतलाल यादव, कुसुम यादव, महिला जिला अध्यक्ष संगीता यादव, नगर अध्यक्ष विक्की यादव और मुकेश यादव उपस्थित रहे। जहा सर्वप्रथम समाज के आराध्य भगवान श्रीकृष्ण के छायाचित्र




पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। अतिथि सत्कार की परंपरा का निवर्हन करते हुए सभी स्वागत सत्कार किया गया। महिला संगठन की नगर कार्यकारिणी के नाम प्रस्तावित किए गए। महिला संगठन के नगर अध्यक्ष के लिए समाज की वरिष्ठ कुसुम यादव ने सुनीता यादव का नाम प्रस्तावित किया। सभी ने तालिया बजाकर अपनी सहमति प्रदान की। अहीर यादव समाज महिला संगठन की नगर अध्यक्ष के रूप में बैहर चौकी निवासी सुनीता यादव को मनोनीत किया गया। इसी तरह नगर सचिव चांदनी विक्की यादव और उपाध्यक्ष मालती दिलीप यादव सरेखा को मनोनीत किया गया। सभी नव नियुक्त महिला पदाधिकारियों का फूल मालाओं और मिठाईयां खिलाकर स्वागत सत्कार किया गया। नवागत पदाधिकारियों ने समाज हितार्थ कार्य किए जाने का भरोसा दिलाया। अंत में अयोध्या रामलाल मंदिर निर्माण में कार सेवक की भूमिका का निवर्हन करने वाले अमृतलाल यादव का पूरी महिला टीम ने सम्मान किया। वहीं समाज पर मार्गदर्शन बनाए रखने की आशा प्रगट की। बैठक में पदाधिकारियों के अलावा प्रतिमा यादव, शिव यादव, रूपा यादव, चंद्रकला यादव, अनुराधा यादव, सोनू यादव, प्रभा, अंजली यादव, लाली यादव, चांदनी, मानसिंह, माया, राजकुमारी, तारा यादव, मंजू, श्यामदेवी, मंगला, दीपमाला, ज्योति यादव सहित यादव समाज महिला संगठन की पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# महाराष्ट्रीयन मराठा समाज ने मनाई छत्रपति शिवाजी की जयंती

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती 19 फरवरी को थी, लेकिन अवकाश न होने ,बच्चों के एग्जाम शुरू होने और अन्य कार्यो के चलते महाराष्ट्रीयन मराठा समाज द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती औपचारिक तौर पर मनाई गई थी। लेकिन जयंती विशेष पर इसका भव्य आयोजन नहीं किया गया था। जिसके चलते आज रविवार को महाराष्ट्रीयन मराठा समाज द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई ।जिसके



तहत विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए ।जहा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी महाराष्ट्रीयन मराठा समाज द्वारा नगर के महाराष्ट्र मंडल जिजा माता हाल में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती हर्षोल्लाह के साथ मनाई गई। जिसमें समाज के बुजुर्ग महिला पुरुष को शाल श्रीफल और साड़ी देकर सम्मानित किया गया तो वही समाज के प्रतिभावान बच्चों को विभिन्न पुरस्कार देकर उनकी हौसला अफजाई की गई है। इसके अलावा विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन कर छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती का समापन किया गया ।जहां मंचीय कार्यक्रमों के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने छत्रपति शिवाजी महाराज की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनकी जीवनी को आत्मसात करने,उनकी जीवनी से प्रेरणा लेने और उनके बताए हुए मार्ग पर चलने की बात कही तो वहीं उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन से प्रेरणा लेकर हमेशा आगे बढ़ाने की बात कही। इस दौरान भारी संख्या में महाराष्ट्रीयन मराठा समाज के पदाधिकारी सदस्य व सामाजिक बंधु प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# पशु सखी को आत्म निर्भर बनाने हेतु 10 दिवसीय प्रशिक्षण समूह की महिलाओं को दिया गया

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। आज दिनांक 25.02.2024 को 10 दिवसीय का इन कैंपस प्रशिक्षण सेनट आर सेटी,बालाघाट में पशु सखी को आत्म निर्भर बनाने हेतु डेरी एवं वर्मि कमपोसट मेकिंग का 10 दिवसीय प्रशिक्षण*कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें बैच में 33 प्रशिक्षणार्थियों ने सफलता पूर्वक भाग लिया7 प्रशिक्षण समाप्ति के बाद सभी प्रशिक्षणर्थियों को सर्टिफिकेट वितरण किया गया इस अवसर पर अग्रणी बैंक प्रबंधक सजिव कुमार,



निदेशक एस बी भोडेकर , फेकल्टी अनिता चौधरी, आफिस असिस्टेंट शिवानी चिमोटे व एनआरएलएम से दिनेश सिंह व बागडे उपस्थित रहे 7बैच का असेसमेंट सौरभ डेहरीया के द्वारा किया गया । इसमें पशु पालन विभाग व कृषि विभाग का विशेष सहयोग रहा. समापन के दौरान एस.बी. भौंडेकर जी (डॉयरेक्टर) नें सभी प्रशिक्षणर्थियों को स्वरोजगार के माध्यम से स्वावलम्बी बनने की प्रेरणा दी साथ हीं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की,तथा बैंक से ऋण अनिवार्य रूप से प्राप्त कर शासकिय योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत प्राप्त करने व क्रेडिट लिकेज हेतु प्रोत्साहित किया गया ।

# गुरूद्धारा गुरूसिंघ सभा कार्यकारिणी का 2 वर्षो के लिए किया गया पुन: गठन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। रविवार को नगर के गुरुद्धारा में एक बैठक का आयोजन कर गुरूद्धारा गुरूसिंघ सभा कार्यकारिणी का 2 वर्षो के लिए पुन: गठन किया गया ।जहा सर्व सहमति से गुरूद्धारा श्री गुरूसिंघ सभा के सेवादार हीरासिंघ भाटिया को गुरूद्धारा गुरूसिंघ सभा का नया अध्यक्ष (मुख्य सेवादार) मनोनित किया गया है ।जिसकी घोषणा रविवार की सुबहा संरक्षक कमेटी, प्रबंधक कमेटी और साध संगत द्वारा श्री



गुरु ग्रंथ साहिब जी की हजूरी में की गई ।बताया गया कि,अब आगामी 2 वर्षो फरवरी 2026 तक सेवादार हीरासिंघ भाटिया अध्यक्ष पद पर आसीन रहेंगे ।गुरूद्धारा गुरूसिंघ सभा के निर्विरोध अध्यक्ष बनने पर सरदार हीरासिंघ भाटिया को संरक्षक सरदार हरभजनसिंघ गांधी, सरदार गुरदयालसिंघ सौंधी, सुरजीतसिंह छाबड़ा, सरदार पूरनसिंघ भाटिया, सरदार हरविंदरसिंघ अतालिया, सरदार हरमिंदरसिंघ कैथ, सरदार सतनामसिंघ सलूजा, सरदार सुरेन्द्रसिंघ सौंधी, निक्कू वीर, सरदार गुरदयाल सिंह भाटिया, नरेन्द्रसिंघ छाबड़ा, हरमिंदरसिंघ गांधी, अमरिकसिंघ सौंधी, गुरूद्धारा के ज्ञानी सहित स्त्री सत्संग और अन्य लोगों ने बधाई दी।

## समाज को एकजुट करना प्रमुख प्राथमिकता रहेगी- भाटिया

गुरूद्धारा श्री गुरूसिंघ सभा के अध्यक्ष चुने जाने पर नवनियुक्त अध्यक्ष सरदार हीरासिंघ भाटिया ने बताया कि अमृत वेले दीवान में ज्यादा से ज्यादा साध संगत को जोड़ना और अमृतपान कराना ही मेरी प्राथमिकता होगी। इसके अलावा समाज को एकजुट करने के साथ ही सेवा के हर कार्यो में अग्रणी भूमिका होगी ।उन्होंने समाज के प्रत्येक कार्य को प्राथमिकता देने की भी बात कही है।

# कार्यालय ग्राम पंचायत मोहगांव ध.

**जनपद पंचायत लालबर्रा, जिला - बालाघाट ( म.प्र. )**

क्रमांक - क्यू दिनांक २४/०२/२०२४

**साप्ताहिक बैठकी बाजार नीलामी सूचना वर्ष २०२४-२५**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मोहगांव(ध)के अधीन साप्ताहिक बैठकी व मवेशी बाजार की नीलामी वर्ष २०२४-२५ अर्थात अवधि १ अप्रैल २०२४ से ३१ मार्च २०२५ तक एक वर्ष के लिये मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम की धारा ८० (फीस संग्रहण का पट्टा), १९९५ नियम एवं नीलामी शर्तों के अध्याधीन रहते हुए नीलाम किया जाना है, साप्ताहिक बैठकी बाजार नीलामी की अमानत राशि १५२७०(पंद्रह हजार दो सौ सत्तर रूपये) जमा कर बोली बोल सकेंगे, बोली दिनांक से एक दिन पूर्व अमानत राशि जमा करना अनिवार्य है तभी बोली बोल सकेंगे। बकायादार को प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से बोली लगाने का अधिकार नही रहेगा साथ ही पंचायत के पदाधिकारियों को बोली लगाने का अधिकार नही रहेगा। यह नीलामी दिनांक ०५/०३/२०२४ दिन मंगलवार को दोपहर १२ बजे से ग्राम पंचायत भवन मोहगांव(ध) में की जायेगी, किसी अपरिहार्य कारणों से इस तिथि में नीलामी नहीं होने पर ०६/०३/२०२४ दिन बुधवार को नीलामी की जायेगी एवं उक्त तिथि को अपरिहार्य कारणों से नीलामी न होने पर दिनांक ०७/०३/२०२४ दिन गुरूवार को पुन: नीलामी निर्धारित समय पर की जायेगी।

भारतीय स्टाम्प अधिनियम १८९९ के तहत स्टाम्प ड्यूटी (मुद्रांक शुल्क) नीलामी की राशि पर नियमानुसार देय होगा।

टीप : नीलामी कार्यवाही से संबंधित सभी नियम व शर्तें कार्यालयीन समय पर ग्राम पंचायत कार्यालय के सूचना फलक में देखी जा सकती है।

**श्रीमती हिरकन पवन नगपुरे** सरपंच

**आर.एल. नगपुरे** उपसरपंच

**डीजनलाल दशरिये** सचिव

**फकीरचंद नगपुरे** रोजगार सहायक

**ग्राम पंचायत मोहगांव ध. ( लालबर्रा )।**




बारबेड वायर (कांटेदार तार)
एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# वार्ड नं 10 में लगा समस्याओं का अंबार

## सप्ताह भर से फूटी पाइप लाइन पर नहीं दिया जा रहा ध्यान, रोजाना हो रही लाखों लीटर पानी की बर्बादी, नाली, साफ सफाई के भी नही है व्यापक इंतेजाम

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। लाख जतन के बाद आखिरकार बालाघाट नगर पालिका ने केंद्र से थ्री स्टार का दर्जा तो पा लिया है,लेकिन थ्री स्टार जैसी सुविधा देने में बालाघाट नगर पालिका अब भी नाकाम है। जहा थ्री स्टार का दर्ज पाने वाली नगर पालिका नगर वासियों को मूलभूत सुविधाएं तक नहीं दे पा रही है जिससे लोगों में नगरपालिका के प्रति आक्रोश पनप रहा है। वही कई वार्डों के हालात बद से ज्यादा बत्तर बने हुए हैं जिन्हें देखकर ऐसा लगता है मानो नगर को 3 स्टार का दर्जा तो दूर, नगर तो स्टार रेटिंग की लाइन में खड़े होने लायक तक नहीं है।जी हां बात कर रहे हैं नगर के वार्ड नंबर 10 रजा नगर की जहा समस्याओ का जहा तहाँ अम्बार लगा है।जहा आज भी लोग सड़क पानी नाली साफ सफाई सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे है। जहां वार्ड वासियों को पानी देने के लिए नगर पालिका द्वारा पाइपलाइन तो बिछाई गई है लेकिन इसका मेंटेनेंस ना होने के चलते पाइपलाइन दो जगह से फुट चुकी है। इस बात को सप्ताह भर बीत जाने के बाद भी उसकी अब तक मरम्मत नहीं की गई है जिसके चलते लोगों के घरों में पीने का गंदा पानी आ रहा है वही वार्ड से पानी निकासी की ठीक से व्यवस्था नहीं की गई है जिसके चलते बिना बरसात के ही वार्ड में जल जमाव की समस्या से झूझना पड़ रहा है जहां बरसात नहीं बल्कि गर्मी के शुरुआती दिनों में भी गन्दा पानी, नालियों से बहता हुआ लोगों के घर और सड़कों पर जमा हो रहा है।वही साफ सफाई भी ठीक से ना होने के चलते जहा तहाँ गंदगी पड़ी नजर आती है। वही महीनों से पानी भरा होने के कारण गंदगी और मच्छर का प्रकोप पूरे वार्ड में है।जिसपर नगरपालिका का अब तक कोई ध्यान नहीं है। जिस पर ऐतराज जताते हुए वार्ड वासियों ने फूटी पाइप लाइन को सुधारने, पानी निकासी की व्यवस्था किए जाने सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं दिए जाने की मांग की है।





### सप्ताह भर से फूटी पाइपलाइन से बह रहा पानी

एक ओर नगरी क्षेत्र के कुछ इलाकों में ठीक ढंग से पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है, तो वहीं दूसरी ओर नगर पालिका की अनदेखी के चलते लाखों लीटर पीने का पानी रोजाना बर्बाद हो रहा है। जहाँ मेंन पाइप लाइन फूटने का ताजा मामला नगर के वार्ड नंबर 10 रजा नगर का है । जहां घोड़े वाले की लाइन में पिछले एक सप्ताह से पाइप लाइन दो जगह से फूटी पड़ी है। जिसे अब तक दुरुस्त नहीं किया गया है । जिसके चलते करीब सप्ताह भर से रोजाना लाखों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है जो सड़क से बहता हुआ नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि इस मार्ग में दो जगह से पाइपलइन फूट चुकी है जिसे दुरुस्त कराने की जहमत भी अब तक नगर पालिका के संबंधित विभाग द्वारा नहीं उठाई गई है। जिसके चलते जहां एक ओर स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, तो वहीं दूसरी ओर इस मार्ग से गुजरने वाले स्कूली बच्चे, अन्य वार्डवासी और आम लोगों को भी इस मार्ग से गुजरने में भारी परेशानी हो रही है।जहां के स्थानीय लोगों ने फूटी पाइप लाइन की यथाशीघ्र मरम्मत कराने और पानी की बर्बादी को तुरंत रोके जाने की मांग की है।

### सिर्फ कागजों में चल रही जल संरक्षण की बातें

एक ओर नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी नगरी क्षेत्र के वार्ड वासियों से पानी व्यर्थ ना बहाने, पेय जल का संरक्षण करने और पेयजल की बर्बादी को रोकने की अपील करते नजर आते हैं, तो वहीं दूसरी ओर स्वयं उनका फूटी पाईप लाइन से व्यर्थ बह रहे पानी पर ध्यान नहीं है। जहां सप्ताह भर से लाखों लीटर पानी बहने की शिकायत मिलने के बावजूद भी, नगरपालिका ने फूटी पाइप लाइन, और नल कनेक्शन जॉइंट से वार्डों में बह रहे लीकेज को दुरुस्त करने की जहमत नहीं उठाई है। नगर के वार्ड न 10 मे बिछाई गई नई और पुरानी दोनों पाइप लाइन से पेयजल बहकर बर्बाद हो रहा है जहां करीब सप्ताह भर से देखी जा रही इस समस्या पर अब तक नगर पालिका ने कोई ध्यान नहीं दिया है। जिसके चलते वहा लाखों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। जो सड़क से बहता हुआ निचले ढलान इलाके में जमा हो रहा है। जह मार्ग में गंदा पानी जमा होने के चलते मार्ग से गुजरने वाले स्कूली बच्चों, और राहगीरों को उक्त मार्ग से गुजरने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### टैक्स के अनुरूप नहीं मिल रही सुविधाएं- जमील बेग

इस पूरे मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान स्थानीय वार्डवासी जमील बेग ने बताया कि उन्होंने व्यर्थ बह रहे पानी को बंद करने ,नालियों की साफ सफाई कराने , रेलवे नाले से वार्ड में आ रहे गंदे पानी को बंद करने ,और पानी निकासी की व्यवस्था बनाने की शिकायत कई बार वार्ड पार्षद, व नपा अमले से की है।कई बार नपा अधिकारियों को फोन कर समस्या से अवगत कराया है। बावजूद इसके भी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने बताया कि पाइप लाइन लीकेज होने के चलते मार्ग में हमेशा पानी भरा रहता है जिससे स्कूल आने जाने वाले बच्चों, वार्डवासी सहित अन्य राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।हमने पाइपलाइन लीकेज को जल्द से जल्द दुरस्त करने और करीब सप्ताह भर से व्यर्थ बह रहे पानी को बहने से रोकने की मांग की है। लेकिन कई शिकायत करने के बावजूद भी हमारी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है हमारी मांग है कि हमें इस समस्या से जल्द छुटकारा दिलाया जाए। क्योंकि हम हर साल टैक्स जमा करते हैं बावजूद इसके भी हमें सुविधाए नहीं मिल पा रही है।

### गन्दा और काला पानी आ रहा है- शाहीन

वही मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान वार्ड वासी शाहीन ने बताया कि सप्ताह भर से दोनों पाइप लाइन फूटी है।जिसमे नाली का पानी घुस रहा है। घरों में भी गंदा पानी आ रहा है उसमें कीड़े आ रहे हैं। तीन-चार दिनों का जमा हुआ पानी हमें पीना पड़ रहा है और पूरा मकान पिझर रहा है पाइपलाइन से लगातार काला पानी आ रहा है जो नाली का है। टंकी भी पूरी खराब हो चुकी है कई बार आवेदन निवेदन किए पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। हमारी मांग है की पाइपलाइन के लीकेज को सुधार जाए। पक्की नाली का निर्माण कराकर पानी निकासी की व्यवस्था बनाई जाए

### यहां समस्याओं का अंबार लगा है -आसिफ

वही मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान वार्ड वासी मो आसिफ कुरैशी ने बताया कि वार्ड में दोनों पाइपलाइन लीकेज हैं उसे अब तक सुधारा नहीं गया है समीप में रेलवे का नाला है जिसका पानी वार्ड में उल्टा घुस रहा है। हमारी मांग है कि यहां पक्की नाली और सड़क बनाकर पानी निकासी की व्यवस्था की जाए। कई बार शिकायत करने पर कल कुछ कर्मचारी आए थे जिन्होंने थोड़ी बहुत साफ सफाई की लेकिन उसके बाद वार्ड का पानी रेलवे नाले में जाने की बजाय रेलवे नाले का पानी उल्टा वार्ड में आ रहा है जिससे समस्या बन गई है।इसके अलावा साफ सफाई के भी यहां व्यापक इंतजाम नहीं है। यह समस्याओं का अंबार लगा है लेकिन कोई निराकरण नहीं कर रहा है।

# घर से लापता व्यक्ति की 24 घंटे बाद फांसी पर लटकी लाश बरामद

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। बिरसा थाना अंतर्गत भोरधार के जंगल जमुनिया नाला के पास सागौन के पेड़ में एक व्यक्ति की फांसी पर लटकी हुई लाश बरामद की गई। मृतक भागचंद पिता प्यारेलाल बोरीकर 49 वर्ष ग्राम चरचेंडी निवासी है। बिरसा पुलिस ने इस व्यक्ति की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भागचंद बोरीकर ग्राम चरचेंडी में अपने परिवार के साथ रहता था। जिसके परिवार में पत्नी बेटा भाई सहित अन्य लोग है। भागचंद बोरीकर अपने परिवार के साथ खेती मजदूरी करता था ।सन 2016 में कान का ऑपरेशन होने के बाद भागचंद बोरीकर बहुत परेशान रहता था और वह मानसिक रूप से कमजोर हो गया था जो घर से कभी भी बाहर निकल जाया करता था ।भागचंद बोरीकर अपने परिवार वालों की देखरेख में रहता था। किंतु 23 फरवरी को 12ः00 बजे भागचंद बोरीकर अपने परिवार वालों की नजर से बचकर घर से बाहर निकल गया। भागचंद शाम तक घर नहीं लौटा तब परिवार वालों ने उसकी खोजबीन किये। किंतु रात्रि में भागचंद बोरीकर नहीं मिला। दूसरे दिन 24 फरवरी को भागचंद को उसके परिवार वालों ने खोजबीन किया और भोरधार का जंगल में जब भागचंद बोरीकर की खोजबीन की जा रही थी। तब जमुनिया नाला के पास सागोंन के पेड़ में भागचंद बोरीकर की फांसी पर लटकी हुई लाश देखी गई। भागचंद बोरीकर ने सागौन के पेड़ में स्वयं का गमछा बांधकर फांसी लगा ली थी। जिसकी रिपोर्ट उसके छोटे भाई रमेश बोरीकर ने बिरसा थाना में की थी ।जहां से उपनिरीक्षक कलीराम उइके ने भोरधार का का जंगल पहुंचकर जमुनिया नाला के पास सागौन के पेड़ में फांसी पर लटकी हुई भागचंद बोरीकर की लाश बरामद की और पंचनामा कार्यवाही पश्चात भागचंद बोरीकर की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए। संभावना व्यक्त की जा रही है कि भागचंद बोरीकर ने मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ।आगे मर्ग जांच उप निरीक्षक श्री उइके के द्वारा की जा रही है।

# वन्य प्राणियों का शिकार करने बिछाए गए विद्युत तार की चपेट में आने से मौत

## आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का अपराध दर्ज

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। परसवाड़ा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम भीड़ी में 15 दिन पहले वन्यप्राणी का शिकारी करने बिछाए गए विद्युत तार की चपेट में आने से बुधराम सैयाम 45 वर्ष की मौत होने के मामले में परसवाड़ा पुलिस ने इसी ग्राम के आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है।यह घटना 6 फरवरी की रात्रि में हुई थी। अपराध दर्ज होने के बाद सभी आरोपी फरार बताए गए हैं। जिनकी तलाश की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधराम सैयाम अपने परिवार के साथ मजदूरी करता था। 6 फरवरी को बुधराम अपने गांव में ही किसी कार्यक्रम में टेंट लगाने के काम में मजदूरी से गया था ।शाम को घर आने के बाद बुधराम ने अपने घर में खाना खाया और रात्रि में ही जहां टेंट लगा था वहीं पर सोने के लिए चला गया था ।किंतु 7 फरवरी को सुबह बुधराम घर नहीं पहुंचा। 10 बजे करीब जब खेत में मवेशी चला रहे हैं एक व्यक्ति ने सालिकराम यादव के खेत में बुधराम की लाश देखी। जिसके पैर जले हुए थे वहीं पर जी आई तार और बांस की खूंटियां लगी हुई थी। खबर मिलते ही बुधराम के परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। परसवाड़ा पुलिस थाने से उप निरीक्षक फुलकली तिलगाम ने मृतक बुधराम की लाश बरामद की और पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए। मर्ग जांच में पाया गया कि 6 फरवरी की रात्रि ग्राम भीड़ी के हरिओम उइके मानसू पटले,गोलू यादव, योगेश पटले, नाती यादव, राधेश्याम पटले,ने अपने ग्राम के सालिकराम यादव के खेत में वन्यप्राणियों का शिकार करने के लिए विद्युत तार बिछाए थे ।सम्भतः बुधराम निस्तार हेतु खेत में गया था ।जहां वह वन्य प्राणियों का शिकार करने बिछाए गए विद्युत तार की चपेट में आने से उसकी मौके पर मौत हो गई। मर्ग जांच उपरांत इस मामले में हरिओम उइके, योगेश पटले,मानसू पटले,गोलू यादव नाती यादव, राधेश्याम पटेल के विरुद्ध धारा 304 भादवि और धारा 3(2)5 अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है। अपराध दर्ज होने के बाद सभी आरोपी फरार बताए गए हैं। जिनकी तलाश की जा रही है। आगे विवेचना उप निरीक्षक अविनाश कुमार राठौर द्वारा की जा रही है।

# संत शिरोमणि आचार्य 108 गुरु विद्यासागर जी महाराज को सामाजिक बंधुओ ने किया याद

## महावीर भवन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का किया गया आयोजन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जैन धर्म के सबसे बड़े आचार्य गुरु श्री विद्यासागर जी महाराज के परिनिर्वाण के बाद से ही नगर के जैन समाज में शोक व्याप्त है। जिसके चलते जगह जगह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर आचार्य जी को श्रद्धांजलि दी जा रही है ।इसी कड़ी में दिगंबर जैन पंचायत द्वारा रविवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। नगर के जय हिंद टॉकीज परिसर स्थित महावीर भवन में आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के कार्यो और उनके संघर्षों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।जहा सभा के दौरान बारी-बारी से उपस्थित जनों ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनकी जीवनी को आत्मसात करने और उनकी जीवनी से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ाने की बात कही, तो वही हर किसी ने नम आंखों से आचार्य गुरु विद्यासागर जी महाराज को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की ।बताया जा रहा है कि 17 फरवरी की रात्रि लगभग ढाई बजे आचार्य जी परिनिर्वाण हो गए। इसके बाद से ही समाज में शोक की लहर व्याप्त है ।



### चार बार बालाघाट आए थे आचार्य

महावीर भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा के दौरान दिगंबर जैन पंचायत पदाधिकारी ने बताया कि सन 1972 में आचार्य ज्ञान सागर के हाथों आचार्य गुरु विद्यासागर जी ने आचार्य की पदवी हासिल की थी ।जिसके बाद उन्होंने अपना पूरा जीवन, पूरा ज्ञान, विश्व कल्याण के लिए लगा दिया।ऐसे युगदृष्टा का मृत्यु हो जाना नहीं बल्कि उनके सिद्स्त अवस्था में होना कहा जाता है। उन्होंने बताया गया कि उनकी कई गौशाला चल रही है, पांच सीबीएसई विद्यालय है,जबलपुर में औषधालय है ।इसके अलावा ऐसे अनेक कार्य हैं जो लोगों के कल्याण के लिए चल रहे हैं। बताया गया कि आचार्य गुरु विद्यासागर जी महाराज चार बार बालाघाट आए थे ,उनके साधु संत ने पांच बार बालाघाट में चातुर्मास किया है।

### हर किसी ने अर्पित किया श्रद्धा सुमन

दिगंबर जैन पंचायत द्वारा महावीर भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा के दौरान विधायक श्रीमती अनुभा कंकर मुंजारे, भाजपा युवा नेत्री श्रीमती मौसम हरिनखेड़े, जैन समाज के महिला पुरुष बच्चे , सभी व्यापारिक संगठनों और सामाजिक प्रमुख, नगर के अन्य समाजों के गणमान्य उपस्थित हुए जिन्होंने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।आपको बता देवे कि आचार्यश्री वर्तमान में जैन धर्म के सबसे बड़े व उच्च प्रतिष्ठित गुरु थे। इसलिए दुनियाभर के जैन अनुयायी इस समय गहरे शोक में डूबे हुये है।जैन समाज के अलावा अन्य समाजों में भी उनकी स्वीकार्यता थी। देश का संत समाज भी उनके गमन से स्पंदित हुआ है।

# लौगुर घाटी में अनियंत्रित होकर पलटी कार

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। भरवेली थाना क्षेत्र अंतर्गत लौगुर घाटी में उसे समय अपरा तफरी मच गई जब एक कार अचानक एक दो पहिया वाहन चालक को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जंगल में पलट गई, हालांकि इस सड़क हादसे में किसी को किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई कार में सवार चार लोगों को मामूली चोटे आई है जिनका उपचार जिला चिकित्सालय में किया जा रहा है पुलिस से मिली जानकारी



अनुसार भरवेली थाना क्षेत्र अंतर्गत लौगुर घाटी में रविवार सुबह एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार बेकाबू होकर सड़क किनारे जंगल में पलट गई। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई। भरवेली थाना प्रभारी हेमंत शर्मा ने बताया कि सुबह सूचना मिली थी कि लौगुर घाटी के पास एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई है। हादसे में कुछ लोगों को मामूली चोटें आई हैं, जिनका जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, कार में चार लोग सवार थे, जो परसवाड़ा से बालाघाट की ओर आ रहे थे। तभी उनके सामने अचानक दो पहिया वाहन आ गया। बाइक में सवार दो लोगों को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे पलट गई। स्थानीय लोगों की मदद से कार में सवार लोगों को बाहर निकाला गया।

# 21 मवेशी कत्ल खाने जाने से बचे

## दो युवक गिरफ्तार- न्यायिक अभिरक्षा में भेजे गए जिला जेल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। भरवेली पुलिस ने 21 मवेशियों को नागपुर कत्ल खाना जाने से बचा लिए ।इन मवेशियों को डंडा से मारपीट कर नागपुर ले जा रहे दो युवक को गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार दोनों युवक सतीश पिता किशन चौधरी 24 वर्ष ग्राम हरदौली थाना हट्टा, रितेश पिता मंगल प्रसाद हरिनखेडे 18 वर्ष ग्राम भानपुर थाना भरवेली निवासी है। जिन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया। भरवेली पुलिस के मुताबिक 24 फरवरी को सूचना मिली की ग्राम रट्टा नहर के रास्ते से कुछ व्यक्ति मवेशियों को लाठी डंडे से क्रूरता पूर्वक मारते पीटते हुए कत्ल खाना नागपुर महाराष्ट्र की ओर पैदल हांकते हुए ले जा रहे हैं ।उक्त सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर पुलिस की एक टीम ग्राम रट्टा नहर के पास पहुंची दो लोग गोवंश मवेशियों को मारते पीटते हुए और दौड़ते हुए रट्टा जंगल रास्ते से ले जा रहे थे। दोनों व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे जिन्हें घेराबंदी कर पकड़े पूछताछ करने पर दोनों ने अपना नाम सतीश चौधरी ग्राम हरदौली और रितेश हरिनखेडे ग्राम भानपुर निवासी बताएं और मवेशियों को कत्ल खाना नागपुर ले जाने के संबंध में बताया ।इन दोनों युवक के पास मवेशी खरीदी बिक्री के कोई दस्तावेज नहीं थे ।जिनके विरुद्ध धारा 4 6 9 मध्य प्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 और धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम 1960 के तहत अपराध पंजीकृत कर उनके कब्जे से 21 मवेशियों को जप्त किया गया और दोनों युवक युवक सतीश चौधरी और रितेश हरिनखेडे को गिरफ्तार करके दोनों को बालाघाट की अदालत में पेश कर दिए जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है।



# चांगोटोला पुलिस ने और दो चोरी का किया खुलासा

## लैपटॉप प्रिंटर मोबाइल एसेसरीज एवं गैस सिलेंडर के अलावा एलइडी टीवी जप्त, गिरफ्तार तीन चोर न्यायिक अभिरक्षा में भेजे गए जिला जेल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। चांगोटोला पुलिस ने ग्राम तीखाखारी स्थिति ऑनलाइन कंप्यूटर की दुकान एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांगोटोला में हुई चोरी का खुलासा करते हुए दोनों चोरी में सलिप्त तीन आरोपियों की गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तीनो आरोपी अनुराग उर्फ अनु पिता दयाराम खरे 18 वर्ष ग्राम पचपेड़ी, निखिल उर्फ निशु पिता होमचन्द नागेश 21 वर्ष ग्राम चांगोटोलाऔर राही पिता तिलक राज ब्रम्हे 23 वर्ष ग्राम मऊ को न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है। इन आरोपियों के पास से उनके द्वारा चोरी किया गया करीब 80 हजार रुपए का सामान जप्त किया गया है। चांगोटोला पुलिस के मुताबिक 18 जनवरी की रात्रि में ग्राम तीखाखारी स्थित सांई ऑनलाइन कंप्यूटर की दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने लैपटॉप प्रिंटर मोबाइल एसेसरीज एवं गैस सिलेंडर चोरी किए थे चोरी गए सामानों की कीमत करीब 50 हजार रुपए बताई गई थी। इसी प्रकार 1 फरवरी की रात्रि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांगो टोला की स्मार्ट क्लास विभाग से 35 हजार रुपए कीमत की एक एलइडी टीवी चोरी हो गया था। अज्ञात आरोपी के विरुद्ध शिकायतकर्ताओं के द्वारा की गई रिपोर्ट पर धारा 457 380 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर अज्ञात चोरों की लगातार खोजबीन की जा रही थी। तथा घटनास्थल घटनास्थल क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे तथा पुराने चोरी करने वाले आरोपियों निगरानी बदमाशों की खोजबीन की जा रही थी। इसी दौरान विश्वसनीय मुखबिरों से मिली सूचना पर संदेही अनुराग खरे को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। सघन पूछताछ के दौरान इस आरोपी अनुराग खरे ने अपने साथी लक्खू उर्फ लकेश,राही ब्रम्हे, शुभम ओर निखिल के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांगो टोला और साईऑनलाइन ग्राहक सेवा केंद्र तिखाखारी मैं चोरी करना बताया।चांगोटोला पुलिस ने अनुराग खरे के दो साथी निखिल नागेश और राही को गिरफ्तार किया और तीनो की निशान देही पर बालाघाट भटेरा चौकी स्थित उनके किराए के कमरे से उनके द्वारा चोरी किए गए लैपटॉप प्रिंटर मोबाइल एसेसरीज एवं गैस सिलेंडर के अलावा एलइडी टीवी जप्त की गई। तीनों आरोपी को 25 फरवरी को बालाघाट की विद्वान अदालत में पेश कर दिया गया। जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है।




# एक व्यक्ति ने ससुराल में आकर अपनी पत्नी से की मारपीट- मारपीट में 1 वर्ष की बेटी भी घायल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कोतवाली क्षेत्र में आने वाले ग्राम गर्रा एक व्यक्ति ने अपने ससुराल में आकर अपनी पत्नी को हाथ बुक्को से मारपीट किया और सिर सोफे पर पटक कर घायल कर दिया । मारपीट के दौरान इस व्यक्ति की एक वर्ष की मासूम बच्ची को भी चोटे आई। 25 फरवरी को 4ः00 बजे करीब यह घटना पारिवारिक रंजिश के चलती हुई। घायल महिला श्रीमती अश्वनी पति राजेश बघेले 30 वर्ष ग्राम नवेगांव थाना खैरलांजी निवासी और उसकी बेटी को जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम प्रमोद राहंगडाले अपने परिवार के साथ ग्राम गर्रा में बोटैनिकल गार्डन रोड पर स्थित अपने मकान में परिवार के साथ रहते हैं। जिनके परिवार में पत्नी और दो बेटी और एक बेटा है। बड़ी बेटी अश्वनी की शादी 2 वर्ष पहले राजेश बघेले ग्राम नवेगांव खैरलांजी निवासी के साथ सामाजिक रीति रिवाज से हुई थी। शादी के बाद से ही राजेश बघेल है अपनी पत्नी को उसके चरित्र पर शक कर मारपीट करने लगा था। मारपीट से परेशान होकर के अश्वनी गर्भवती हालत में ही अपने मायके ग्राम गर्रा में आकर रहने लगी थी।जिसने जिला अस्पताल मेंएक बच्ची को जन्मदिन जो अब 1 वर्ष की है। बताया गया है कि राजेश बघेले और अश्वनी के बीच मामला महिला एवं बाल विकास में चल रहा है। अश्वनी अपने मायके में रहकर यही की एक निजी कॉलेज में पढ़ने जाती थी। 25 फरवरी को अश्वनी अपनी बेटी के साथ घर में थी और उसका पिता मां और भाई-बहन रिश्तेदारी में ग्राम सालेटेका चले गए थे। 4ः00 करीब राजेश बघेले मोटरसाइकिल में गर्रा अपने ससुराल आया और और घर में अपनी पत्नी को अकेला सुना मौका देख घर में घुस गया और राजेश बघेल ने अपनी पत्नी को हाथ बुक्को से मारपीट कर उसे सोफे पर पटक दिया। इस दौरान उसकी बेटी रेहाशी को भी चोटे आई। मारपीट करने के बाद राजेश बघेल वहा से भाग खड़ा हुआ। इस दौरान प्रमोद राहंगडाले के घर में किराए से रहने वाले लड़के आ गए जिन्होंने राजेश बघेले को मोटरसाइकिल में भागते देखे। जब यह लड़के घर के अंदर गए तो उन्होंने अश्वनी को खून से लतफत देखे उसके चेहरे गाल नाक में चोटे थी उसकी बेटी भी खून से सनी हुई थी। सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायल मां बेटी को जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये। कोतवाली पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचकर प्रमोद राहंगडाले के घर किराए से रहने वाले लड़कों से पूछताछ कर बयान लिए। आगे की कार्रवाई कोतवाली पुलिस द्वारा की जा रही थी।





# किसानों ने नहर सीमेन्टीकरण कार्य में घटिया मटेरियल का उपयोग करने का लगाया आरोप

## नहर का सीमेन्टीकरण कार्य गुणवत्ताहीन होने पर किसानों ने करवाया काम बंद , करोड़ों रूपयों की लागत से नहर का हो रहा सीमेन्टीकरण कार्य





लालबर्रा ( पद्मेश न्यूज )। नगर मुख्यालय से लगभग ८ किमी दूर ग्राम पंचायत टेकाड़ी ला. सर्राटी जलाशय से लेकर रामजीटोला माइनर नहर का करोड़ों रूपयों की लागत से जल संसाधन विभाग के द्वारा सीमेंटीकरण नहर का कार्य करवाया जा रहा है परन्तु निर्माण कंपनी के द्वारा निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरतते हुए घटिया मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है। जिससे ऐसा लग रहा है कि निर्माण के कुछ सालों बाद ही नहर जीर्णशीर्ण एवं क्षतिग्रस्त हो जायेगी। जिसका निर्माण कार्य वर्तमान में ग्राम आमाटोला-पांढरवानी के बीच में जारी है। नहर के सीमेन्टीकरण कार्य में घटिया मटेरियल का उपयोग कर निर्माण कार्य में अनियमितता बरतते हुए गुणवत्ताहीन कार्य होने पर २५ फरवरी को आमाटोला एवं पांढरवानी के किसानों ने निर्माण कंपनी व प्रशासन के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्माण कार्य बंद करवा दिया और निर्माण कंपनी एवं प्रशासन पर निर्माण कार्य में अनियमितता बरतते हुए शासन की राशि का दुरूपयोग कर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया है। साथ ही निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण नही होने पर निर्माण कार्य आगे नही बढ़ने और आंदोलन करने की चेतवानी भी शासन-प्रशासन को दी है। किसानों के द्वारा निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाने एवं काम बंद करवा देने की जानकारी लगने के बाद निर्माण कंपनी के ठेकेदार व प्रशासनिक अधिकारी ने किसानों से कहा कि निर्माण कार्य में अनियमितता है तो उसमें सुधार किया जायेगा जिसके बाद कार्य शुरू हुआ। किसानों के विरोध के चलते कुछ देर तक निर्माण कार्य बंद रहा और किसानों ने कहा कि कार्य में सुधार नही होने पर काम पूर्णत: बंद करवाकर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। वहीं किसानों का कहना है कि निर्माण कंपनी के द्वारा निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरतती जा रही है। साथ ही तराई भी नही की जा रही है जिसके चलते कुछ ही दिनों में सीमेन्टीकरण नहर में दरारे आ जायेगी और किसानों को पानी भी नही मिलेगा जिससे किसानों के हित में बनाई जा रही करोंड़ों रूपये की सीमेन्टीकरण नहर एक औचित्यहीन साबित होगी।

### सीमेन्टीकरण नहर की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल, जिम्मेदार मौन

आपकों बता दे कि किसानों के खेतों में लगने वाली फसल की सिंचाई के लिए सर्राटी जलाशय से छोटी माइनर नहर निकली है जिसका निर्माण अंग्रेजों के शासनकाल में १०० वर्ष पूर्व कच्चा निर्माण किया गया था और यह नहर ग्राम टेकाड़ी ला., बघोली, औल्याकन्हार, पांढरवानी व रामजीटोला की ओर बहती है। जिसकी मदद से किसान अपनी फसल में सिंचाई करते थे परन्तु नहर जीर्णशीर्ण होने के कारण किसानों के खेतों तक पानी नही पहुंच पाता है जिससे फसल पानी के अभाव में खराब हो जाती थी। जल संसाधन विभाग के द्वारा करोड़ों रूपयों की लागत से टेकाड़ी ला. से रामजीटोला माइनर नहर का सीमेंटीकरण किया जा रहा है और वर्तमान में आमाटोला-पांढरवानी के बीच में निर्माण कार्य जारी है परन्तु उक्त कार्य गुणवत्ताहीन नही किया जा रहा है और नहर की गहराई अधिक होने से किसानों के खेतों तक पानी भी नही पहुंच पायेगा। जबकि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं किसानों के खेत तक सरलता से पानी पहुंच सके ऐसा बनाया जाना चाहिए था परन्तु ऐसा नही बनाया जा रहा है जिससे क्षेत्रीय किसानों में आक्रोश व्याप्त है। साथ ही निर्माण कार्य में सीमेंट कम रेत अधिक उपयोग किया जा रहा है एवं तराई भी नही की जा रही है। जिसके चलते जल्द ही नहर खराब हो जायेगी क्योंकि सीमेंट की परत भी बहुत पतली डाली जा रही है। अगर नहर में तेज बहाव के साथ पानी आता है तो सीमेन्ट उखड़ने लगेगें इसलिए किसानों ने गुणवत्तापूर्ण कार्य करवाने की मांग शासन-प्रशासन से की है। वही बार-बार सीमेन्टीकरण नहर की गुणवत्ता पर किसान सवाल उठा रहे है परन्तु जिम्मेदार मौन बैठे हुए है जिससे ऐसा लगता है कि निर्माण कंपनी को प्रशासन का संरक्षण है।

### गुणवत्ताहीन किया जा रहा निर्माण कार्य - सादिक



किसान मो. सादिक खान ने बताया कि सर्राटी जलाशय टेकाड़ी ला. से माइनर नहर का सीमेंटीकरण के लिए करोड़ों रूपये स्वीकृत हुए है और उक्त राशि से निर्माण कार्य किया जा रहा है परन्तु निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण नही किया जा रहा है। जबकि १०० वर्ष बाद निर्माण हो रहा है तो गुणवत्तायुक्त बनना चाहिए परन्तु निर्माण कार्य में अनियमितता बरती जा रही है जो कुछ ही सालों में खराब हो जायेगी और किसानों को पूर्व की तरह ही पानी की समस्या से जुझना पड़ेगा।

### घटिया मटेरियल का किया जा रहा उपयोग - अबरार



किसान अबरार कुरैशी ने बताया कि अंग्रेजों के जमाने में १०० साल पहले नहर का निर्माण हुआ था परन्तु समय-समय पर मरम्मत कार्य नही होने के कारण नहर जीर्णशीर्ण हो चुकी थी जिसके कारण किसानों के खेतों तक पानी नही पहुंच पा रहा था इसलिए वर्तमान में करोड़ों रूपयों की लागत से सीमेन्टीकरण नहर का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है परन्तु निर्माण कंपनी के द्वारा गुणवत्ता का ध्यान नही रखा जा रहा है। सीमेंट की मात्रा कम और रेत व गिट्टी अधिक डाली जा रही है एवं तराई भी नही की जा रही है जिसके कारण कुछ दिनों में ही सीमेंट उखड़ने के साथ ही दरारे भी आ जायेगी। श्री कुरैशी ने बताया कि १०० वर्ष बाद निर्माण हो रहा था तो अच्छे से होना चाहिए परन्तु थूक पॉलिस करते हुए भ्रष्टाचार किया जा रहा है जबकि शासन की राशि का सही उपयोग होना चाहिए।

### निर्माण कार्य में सुधार नही होने पर करेगें आंदोलन - दीपक



जनपद सदस्य दीपक कावरे ने बताया कि आमाटोला एवं पांढरवानी के बीच में सीमेन्टीकरण नहर का निर्माण का कार्य जारी है परन्तु गुणवत्ताहीन कार्य किया जा रहा है जिसका किसानों ने विरोध भी किया है और काम बंद करवा दिया गया था। जिसके बाद ठेकेदार से चर्चा हुई तो उन्होने आश्वास्त किया है कि गुणवत्तायुक्त कार्य किया जायेगा, यदि निर्माण कार्य में सुधार नही हुआ तो किसानों के साथ मिलकर आंदोलन किया जायेगा। श्री कावरे ने बताया कि लंबे वर्षों के बाद नहर का सीमेन्टीकरण किया जा रहा है इसलिए किसानों की मांग है कि गुणवत्तायुक्त नहर बनना चाहिए परन्तु निर्माण कंपनी के द्वारा घटिया तरीके से निर्माण किया जा रहा है एवं तराई भी नही की जा रही है जो कुछ ही सालों में खराब हो जायेगी। इस तरह से शासन की राशि का दुरूपयोग किया जा रहा है जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है।

### इनका कहना है।

स्टीमेट एवं शासन के मापदण्ड के अनुसार निर्माण कार्य किया जा रहा है, अगर किसानों को लग रहा है कि आमाटोला-पांढरवानी के बीच में सीमेंट कम मात्रा में डाल रहे है तो उसकी मात्रा बढ़ा दी जायेगी और इस नहर का तीन वर्ष तक मैंटेनेस भी किया जायेगा क्योंकि हमारा पूरा प्रयास है कि किसानों के खेतों का सरलता से पानी पहुंचना चाहिए।

**राहुल पटेल**
**सुपरवाईजर**

टेकाड़ी ला. सर्राटी जलाशय से रामजीटोला माइनर नहर का सीमेन्टीकरण का कार्य किया जा रहा है, आपके माध्यम से संज्ञान में आया है कि आमाटोला-पांढरवानी के बीच में निर्माण कार्य में अनियमितता बरती जा रही है, जिसका किसान विरोध कर रहे है, निर्माण स्थल का निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण कार्य करवाने ठेकेदार को निर्देशित किया जायेगा।

**सुश्री स्लेशा डोंगरे**
**एसडीओं**
**जल संसाधन विभाग बालाघाट।**

# श्री दिगम्बर जैन मंदिर में विनयांजलि सभा का हुआ आयोजन

## परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री १०८ गुरूवर विद्यासागर जी महाराज को अर्पित की विनयांजली

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज) । नगर मुख्यालय के श्री दिगम्बर जैन मंदिर परिसर में श्री सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वाधान में सर्व धर्म समाज लालबर्रा के द्वारा २५ फरवरी को विनयांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भाजपा नेत्री श्रीमती मौसम हरिनखेड़े, जिला पंचायत सदस्य झामसिंह नागेश्वर, समाजसेवी रवि अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, पंकज बिसेन सहित अन्य धर्मप्रेमियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने जैन मुनि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया एवं दो मिनट का मौन धारण कर विनयांजलि अर्पित की। इस विनयांजलि सभा को संबोधित करते हुए उपस्थितजनों ने परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री १०८ गुरूवर विद्यासागर जी महाराज के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आचार्य श्री ने समस्त मानव समाज के लिए धर्म प्रभावना की और भारत की शिक्षा के स्तर को उत्कृष्ट एवं संस्कारित करने के लिए प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ की स्थापना की तो देश को आत्मनिर्भर और अहिंसक रोजगार की दिशा में पहल करने के लिए चल चरखा के माध्यम से कई हथकरघा का आशीर्वाद भी दिया। आज शारीरिक रूप से वह हमारे साथ नहीं है लेकिन उनके विचारों की उत्कृष्ट श्रृंखलाओं में से किसी एक का भी अनुसरण हमारे जीवन को मोक्ष मार्ग की ओर प्रशस्त करने के लिए प्रभावी होगा इसलिए हम सभी को उनके बताये मार्ग पर चलकर जीवन को बेहतर बनाना चाहिए। समाजसेवी रवि अग्रवाल ने सभा को संबोधित करते हुए कि हमने भगवान श्रीकृष्ण, श्रीराम, महावीर स्वामी को तो नहीं देखा लेकिन भगवान स्वरूप आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज को हमने देखा है, उनका आशीर्वाद हमें प्राप्त हुआ इससे बड़ा सौभाग्य और कुछ नहीं हो सकता है। साथ ही यह भी कहा कि हमारे शास्त्रों में लिखा है कि ६४ लाख योनियों में मनुष्य योनी सबसे उत्तम योनी है और मनुष्य योनी को उत्तम योनी इसलिए बनाया गया है कि हम ऐसे महान संतों के दर्शन कर सके, हम सभी भाग्यशाली है कि हमें गुरूवर श्री विद्यासागर जी महाराज के दर्शन हुए, हमारी लालबर्रा की पावन धरा इतनी भाग्यशाली है कि यहां पर आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने दो बार दर्शन दिये है, उन्हे शत-शत नम करते है। श्री दिगम्बर जैन मंदिर लालबर्रा अध्यक्ष प्रशांत जैन ने बताया कि छत्तीसगढ़ के राजनांदगाव जिले के डोंगरगढ़ में विश्व प्रसिध्द जैन मुनि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने गत १८ फरवरी को रात ढाई बजे अंतिम सांस ली थी एवं वे पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे और तीन दिन तक उपवास करने के बाद उन्होंने अपना शरीर त्याग दिया था। ऐसे हमारे महान आचार्य श्री को विनयांजलि अर्पित करने के लिए लालबर्रा श्री दिगम्बर जैन मंदिर में श्री सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वाधान में सर्व धर्म समाज लालबर्रा के द्वारा २५ फरवरी को विनयांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर में उपस्थित सर्वधर्म के लोगों ने परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री १०८ गुरूवर विद्यासागर जी महाराज के छात्राचित्र पर माल्यार्पण किया एवं दो मिनट का मौन धारण कर उन्हे विनयांजलि अर्पित कर उनके बताये मार्ग पर चलने का सभी ने संकल्प लिया है। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन बाल ब्रम्हचारी आशुतोष भैया के द्वारा किया गया। इस अवसर पर टीके तुरकर, प्रकाश रहांगडाले, बालमुकुन्द शर्मा, कंजई सरपंच अधि. आनंद बिसेन, अमर फगवानी, विनीत संचेती, बाबूलाल बोथरा, बसंत गोलछा सहित सर्वधर्म के स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।





# राष्ट्रीय कब-बुलबुल उत्सव से लोहारा स्कूल के 6 कब, 6 बुलबुल, 2 कब मास्टर, फ्लॉक लीडर हुए वापस

## हरियाणा के गदपुरी में ५ दिवसीय राष्ट्रीय कब-बुलबुल उत्सव का हुआ आयोजन, लोहारा के कब-बुलबुल ने दूसरी बार जीते ट्रॉफी

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत लोहारा स्थित शासकीय एकीकृत माध्यमिक स्कूल के ६ कब, ६ बुलबुल एवं दो कब मास्टर व फ्लॉक लीडर १९ फरवरी से २३ फरवरी तक गदपुरी हरियाणा में आयोजित राष्ट्रीय कब बुलबुल उत्सव २०२४ में शामिल होकर विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेकर दूसरी बार ट्रॉफी जीतकर अपने गृह जिला बालाघाट २४ फरवरी को वापस हो गये है। लालबर्रा विकासखण्ड के लोहारा शासकीय माध्यमिक स्कूल के स्काउट गाईड के कब, बुलबुल के बच्चे मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए गये थे। जिन्होने इस प्रतियोगिता व उत्सव में २१ राज्यों के प्रतिभागियों के साथ भाग लिया और लगातार दूसरी बार ट्रॉफी जीतकर वापस हुए है जिससे सभी में हर्ष की लहर व्याप्त है। चर्चा में कब मास्टर हरिप्रसाद देशमुख ने बताया कि राष्ट्रीय कब बुलबुल उत्सव २०२४ का आयोजन गदपुरी हरियाणा में १९ फरवरी से २३ फरवरी तक संपन्न हुआ जिसमें लालबर्रा विकासखण्ड स्थित लोहारा शासकीय एकीकृत माध्यमिक स्कूल के कब, बुलबुल के बच्चें शामिल होने के लिए गये थे और आयोजित उत्सव एवं प्रतियोगिता में शामिल होकर म.प्र. का प्रतिनिधित्व करने के साथ ही दुसरी बार ट्राफी जीतकर जिले का नाम गौरवांवित कर वापस लौटे चुके है। श्री देशमुख ने बताया कि राष्ट्रीय कब बुलबुल उत्सव पर आयोजित प्रतियोगिता व उत्सव में २१ राज्यों के प्रतिभागियों ने भाग लिया जैसे कब ब्रिटिश, बुलबुल ट्री, बड़ी सलामी, प्ले एक्टिंग, मॉडल व हस्तकला पेरंपतोल, समूह गायन , सांस्कृतिक नृत्य व एग्जीक्यूशन व फुट प्लाजा में भाग लिया बच्चों को केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, गुजरात, राजस्थान ,पंजाब, ईस्टर्न रेलवे, साउदर्न रेलवे, इको रेलवे व अन्य राज्यों के प्रतिभागियों के साथ सामना करना पड़ा व उनके कल्चर, रहन-सहन, पहनावा, बोली, भाषा को करीब से जानने का मौका मिला व नये-नये दोस्त बनाये और छोटी सी उम्र में माता-पिता को छोड़कर रहना साथ ही आत्मनिर्भर बनने का पूरा प्रशिक्षण प्राप्त किया है। साथ ही यह भी बताया कि बच्चों के सहयोगी शिक्षक उनके साथ-साथ रहकर व उनके माता-पिता की जिम्मेदारी का निर्वहन करते हैं। वह उन्हें प्रशिक्षण की बारीकियों से अवगत करवाते हैं और उन्हें शील्ड के साथ राष्ट्रीय स्तर का प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। इस उत्सव में कब मास्टर हरिप्रसाद देशमुख, फ्लाक लीडर श्रीमती सरिता देशमुख, कब आर्यन पटले, अभिषेक पटले, भव्य पटले, वीर बोरकर, कृष बान्सुरे, प्रियांशु चौधरी, बुलबुल रागिनी पटले, अश्विनी पटले, गुंजन पटले, भावी टेंभरे, अनामिका चौधरी, सौम्या, रागिनी ने उत्सव में भाग लिया। राष्ट्रीय कब-बुलबुल उत्सव कार्यक्रम से दूसरी बार ट्राफी जीतकर जिले का नाम गौरवांवित करने पर कब-बुलबुल के बच्चों को शुभकामनाएं देने वालों में जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनीकुमार उपाध्याय, जिला संगठन आयुक्त इनेंद्र डहरवाल, जिला आयुक्त के जी बिसेन, जिला संघ अध्यक्ष छगन हनवत, कोषाध्यक्ष भेजेंद्र कुमार चौधरी, प्रधान पाठक पंचम हनवत टिहलीबाई स्कूल वारासिवनी, प्रधानपाठक सत्य प्रकाश डोंगरे, आनंद लांजेवर, भुनेंद्र ऐड़े, प्रेमचंद मेश्राम, श्रीमती आशा ठाकरे, सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी बेनेंद्र टेंभरे, पूर्व सरपंच भावेश टेंम्भरे, जनपद सदस्य श्रीमती ममता रावत, पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती आशा देशमुख, सरपंच धनेंद्र कड़पेती लोहारा, संकुल प्राचार्य श्रीमती शकुंतला भारतकर, श्रीमती लक्ष्मी पटले, श्रीमती नीता बोपचे, श्रीमती उषा मसराम, बीआरसी श्रीराम तुरकर सहित पालकगण







# मानपुर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं हवन-पूजन आज

## ५ दिवसीय शिव पार्वती प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव जारी, हो रहे विविध धार्मिक कार्यक्रम

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत मानपुर के पिपलेश्वर महादेव मंदिर में समस्त पिपलेश्वर महादेव परिवार मानपुर के तत्वाधान में गत २२ फरवरी से ५ दिवसीय भगवान शिव-पार्वती प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव जारी है। शिव-पार्वती प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के चौथे दिन २५ फरवरी को मंदिर में प्रात: के समय वेदीपूजन संपन्न करवाया गया जिसके बाद दोपहर में डीजे की धून पर जीवंत झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा ग्राम मानपुर, लालबर्रा, अस्पताल कालोनी सहित अन्य चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची। जिसके बाद भगवान शिव-माता पार्वती का विवाह एवं शयनाधिवास कार्यक्रम संपन्न हुआ। शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मुख्य यजमान ठानुराम ठाकरे ने बताया कि इस ५ दिवसीय कार्यक्रम में चित्रकुट धाम उ.प्र. से पधारे आचार्य अशोककुमार पाण्डेय, उपआचार्य विमल मिश्रा के द्वारा विविध धार्मिक कार्यक्रम संपन्न करवाये जा रहे है। जिसमें २२ फरवरी को वेदीपूजन, जलाधिवास, २३ फरवरी को वेदीपूजन, अन्नाधिवास, २४ फरवरी को वेदीपूजन, पुष्पाधिवास, २५ फरवरी को वेदीपूजन, नगर भ्रमण, शिव-पार्वती विवाह एवं शयनाधिवास कार्यक्रम संपन्न करवाया गया एवं २६ फरवरी को भगवान शिव-पार्वती की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा व हवन-पूजन कार्यक्रम संपन्न करवाया जायेगा। साथ ही विविध धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे है जिसमें क्षेत्रीयजन पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित कर रहे है। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर मानपुर के पदाधिकारियों ने की है।



# खमरिया में दो दिवसीय विशाल संत समागम आज से

खमरिया/लालबर्रा (पद्मेश न्यूज) । जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खमरिया में विठ्ठल रूखमाई मंदिर दुर्गा प्रसाद चौधरी के निवास में २६ फरवरी से दो दिवसीय विशाल संत समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। चर्चा में दुर्गाप्रसाद चौधरी ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी २६ फरवरी से दो दिवसीय संत समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें २६ फरवरी को रात्रि में संतो जागृति द्वारा प्रवचन कीर्तन किया जायेगा एवं २७ फरवरी को दोपहर २ बजे से दहीकाला, दोपहर ३ बजे से महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर आमंत्रित संतगण महंत सालिकराम साकुरे, गरीबदास शनिचरे साहेब, रेखाबाई अपने संतवाणी से प्रवचन देगें। इस अवसर पर क्षेत्रीय धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील कार्यक्रम संयोजक उरकुड पगाड़े, दिलीप गाते, उदेलाल गाते, रामाजी वाघाड़े, भोजराम वाघाड़े, खमरिया पूर्व सरपंच श्रीमती लक्ष्मीबाई वाघाड़े ने की है।

कंजई में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# नवनिर्वाचित विधायकों का अभिनंदन समारोह संपन्न

## अध्यापक शिक्षक संवर्ग ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। पंवार मंगल भवन में रविवार को अध्यापक शिक्षक संवर्ग विकासखंड वारासिवनी के तत्वावधान में नवनिर्वाचित विधायको का जिलास्तरीय अभिनंदन समारोह कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। यह कार्यक्रम विवेक पटेल विधायक वारासिवनी, गौरवसिंह पारधी विधायक कटंगी, राजकुमार कर्राहे विधायक लांजी, श्रीमती अनुभा मुंजारे विधायक बालाघाट की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थित जनों के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का आयोजन समिति के द्वारा स्वागत कर सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट की गई। जहाँ शिक्षकों के द्वारा अपनी समस्याएं रखी गई वहीं चारों विधायकों को अध्यापक संयुक्त मोर्चा विकासखंड वारासिवनी की ओर से ज्ञापन सौंपकर चार सूत्रीय मांगों का शासन स्तर से जल्द निराकरण करने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया कि जबलपुर संभाग के अलावा अन्य संभागों में प्राथमिक शिक्षक से माध्यमिक शिक्षक के उच्च पद के प्रभार के आदेश जारी हो चुके हैं किंतु जबलपुर संभाग में अब तक नहीं हुए हैं। मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के ५ अक्टूबर २०२३ के आदेश के परिपालन में प्रदेश संवर्ग के क्रमोन्नति के आदेश आज तक जारी नहीं हुए हैं। जिले में ऐसे अध्यापक शिक्षक संवर्ग जिनकी पूर्व में क्रमोन्नती लग चुकी थी शासन के आदेश अनुसार वापस ले ली गई। परंतु बाद में शासन ने पुनः क्रमोन्नति के आदेश जारी किया जिसके परिपालन में ऐसे सभी अध्यापक शिक्षक संवर्ग जिनकी क्रमोन्नती वापस हो गई थी। जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट के आदेश १४ अक्टूबर २०२३ के अनुसार समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी संकुल प्राचार्य को ऐसे लोक सेवकों को क्रमोन्नति का लाभ देना सुनिश्चित किया जाए। बालाघाट जिले में कई विकासखंड में माह जनवरी २०२३ से जून २०२३ तक के डीए एरियर्स का भुगतान नहीं हो पाया है। उसके भुगतान के भी शीघ्र आदेश जारी किया जायें, ताकि सभी शिक्षकों को समय रहते आदेश का लाभ मिल सके।






### अपने कर्मों का फल यहीं भुगतना पड़ता है- राजकुमार कर्राहे

लांजी विधायक राजकुमार कर्राहे ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा की शिक्षा चिकित्सा पर गंभीरता से उनके द्वारा प्रयास कर सरकार से कार्य करवाने का प्रयास हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने सुझाव देना चाहिए वह उन्हें जनप्रतिनिधि की जगह अपना भाई समझे ताकि हमारे पास विकास की नई दिशा का निर्माण होता रहे और यह हर किसी को आवश्यक है। जिसको हम सरकार के माध्यम से पूरा करने का प्रयास करते हैं और आप सभी का आशीर्वाद है कि आज हम इस मंच पर उपस्थित है। श्री कर्राहे ने कहा कि हमने देखा है कि जो शिक्षक शिक्षिकायें स्कूल में स्कुल समय पर नही आते और दूसरों के बच्चों को शिक्षा देने में लापरवाही करता है तो उसके बालक बालिकायें भी शिक्षा से दूर होते हैं हर किसी को अपने कर्मों का फल यहीं भुगतना पड़ता है। आप जैसा करोगे वैसा लौट के जरूर आएगा इसलिए आप क्षेत्र में गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा देने का प्रयास करें और जो भी समस्या है उसके लिए हम लोगों से संपर्क करें हम आपको सहायता करने का भरपूर प्रयास करेंगे।

### अगले ५ वर्ष में हम क्षेत्र का अच्छा विकास करेंगे -विवेक पटेल

विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि यहां जिले के शिक्षक शिक्षिकायें उपस्थित है आपके ही आशीर्वाद से आज हम यहां बैठे हैं। सभी ६ विधायक पॉजिटिव सोच के हैं किसी को भी आप अपनी समस्या से अवगत करा सकते हैं। शिक्षा चिकित्सा का विकास करना हमारा उद्देश्य है। जिसमें मंत्री ,मुख्यमंत्री सभी से चर्चा करेंगे पहली बार हम काम सीखे हैं। वारासिवनी खैरलांजी में सीएम राइज स्कूल है, डोंगरमाली ग्राम बड़ा केंद्र है ऐसे में भेंडारा ,डोंगरमाली में अगला सीएम राइज स्कुल खोलने का हमारा प्रयास है। नई शिक्षा नीति पर हमने भी अपनी राय रखी है और यदि किसी को भी कोई दिक्कत हो तो वह हमें आकर बता सकते हैं। स्कूल उन्नयन का काम हम कर रहे हैं माध्यमिक को हाई स्कूल और हाई स्कूल को हायर सेकेंडरी स्कूल बनाने शिक्षकों की स्थापना करवाने, यह निश्चित मानकर चलिए कि अगले ५ वर्ष में हम क्षेत्र का अच्छा विकास करेंगे जिसमें गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा देने का हमारा प्रयास होगा।

### जहां चुनाव नहीं होते वहां राजशाही सरकार चलती है -अनुभा मुंजारे

बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा कि मैं आपके आशीर्वाद से नगर पालिका अध्यक्ष रही थी। उस समय मध्य प्रदेश की तत्कालीन दिग्विजय सरकार ने बालाघाट नगर पालिका और वारासिवनी नगर पालिका उस समय निर्दोष मॉडल जी अध्यक्ष थे। हम दोनों को नगर पालिका के श्रेष्ठ कार्य के लिए सम्मानित किया गया था। हमे विदेश यात्रा पर ऑस्ट्रेलिया और मलेशिया २० दिन का ट्रिप पर भेजा गया था। वहां हमने सीखने का प्रयास किया कि कैसा काम होता है सरकार कैसा काम करती है। विधायक सांसद और पंचायत कैसी होती है तो हमें पता चला कि मलेशिया में लोकतंत्र नहीं राजतंत्र है। जहां चुनाव नहीं होते वहां पर राजशाही सरकार चलती है शासन करती है। अब वह सरकार हमारे अधिकारों को क्या समझेगी और हमारा यह सौभाग्य है कि हम भारत देश में रहते हैं जहां विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है।

### सभी शिक्षक अपने दायित्व का अच्छे से निर्वहन करें- गौरवसिंह पारधी

कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी ने कहा कि समाज में आप सभी बुद्धिजीवी वर्ग है देश के भविष्य को तैयार करने के लिए आपके ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। परंतु इससे हटकर स्कूल से बाहर भी आपको अपने दायित्व का निर्वाह करना चाहिए। हमें अपने सुझाव के माध्यम से दिशा देनी चाहिए यहां जितने लोग बैठे हैं सभी बुद्धिजीवी है। शिक्षा से जुड़े हैं आपको केवल दिशा देना है उसे पूरा करने का काम हम करेंगे। यह सभी को साथ लेकर शासन प्रशासन के जरिए ही संभव है मैं स्कूल से बाहर की बात कर रहा हूं जो आपका भी दायित्व है। इस पर आप सभी हम सबसे संपर्क कर अपने सुझाव देने चाहिए। चाहे वह यातायात ,कृषि ,अधोसंरचना सहित समस्त चीजों पर क्योंकि आप जितनी बारीकी से इसका अध्ययन कर पाएंगे उतना बेहतर परिणाम निकलकर आएगा। इस अवसर पर अरविंद पारधी ,प्रमोद पारधी ,कमल टेंभरे ,आशीष माइकल, धन्नालाल बिसेन ,भोजराज पटले ,उत्तमदास मेश्राम ,शीला बोरकर ,सत्येंद्र शरणागत ,गीता टेंभरे ,पूर्णिमा मेश्राम, कुंजीलाल चौहान ,नटवरलाल मेश्राम, किशोरी लाल बिसेन ,आशीष टेंभरे ,कोमल बिसेन, गीता तुरकर ,प्रकाश हनवत ,कमल बोरकर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अमई कन्हारटोला के किसानों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

अमई/वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। खैरलाँजी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत अमई कन्हारटोला के दर्जनों किसानों ने कटंगी विधायक गौरवसिंह पारधी को ज्ञापन सौंपकर अमई जलाशय में राजीव सागर नहर का मायनर देने की मांग की है। जिससे कटंगी खैरलाँजी विधायक गौरव सिंह पारधी ने पूर्ण करने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन देने वाले किसान दामोदर ठाकरे, बानाजी गौतम, अभिनव तिवारी, दिलीप पटले, गुरुदयाल शरणागत,हंसराज पटले, देवेंद्र पटले , देवा देवारे, नीलेश बोपचे, सुखलाल बोपचे, धनीराम टेंभरे, गन्नाराम ठाकरे, गणेश बोपचे , मानिकराव बघेले, चित्रसेन पटले, संतोष टेंभरे, प्रभु ढोके, मुन्नालाल बोपचे सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान किसानों ने वर्षो से लंबित मांग को पूर्ण करने के लिए ज्ञापन दिया गया। जिसमें विधायक गौरव सिंह पारधी ने किसानों की सभी मांगे पूर्ण करने का आश्वासन दिया है। और कहा कि राजीव सागर का मेन केनाल जो चिखला से खड़गपुर की ओर जाता है वह अमई जलाशय के ऊपर से गुजरता है। जिसका एक मायनर काले पत्थर के पास से अमई जलाशय में दे दिया जायेग। जिससे अमई जलाशय में हमेशा से पानी भरा रहेगा जिससे किसानों को खेती के लिये हमेशा पानी मिलते रहेगा।



# संत रविदास जयंती समारोह का महाराजपुर में हुआ आयोजन





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। ग्राम पंचायत डोंगरगॉव अंतर्गत आने वाले ग्राम महाराजपुर में २ दिवसीय संत रविदास जयंती समारोह का आयोजन हुआ। यह आयोजन २४ फरवरी से प्रारंभ हुआ जिसका समापन २५ फरवरी को किया गया। जिसमें क्षेत्र के कई संतो ने भाग लिया।
आयोजन में मुख्य अतिथी के रूप में क्षेत्रीय विधायक विवेक विक्की पटेल शामिल हुये वही संतो में बालमुकुंद महाराज मेंड़की, टामसिंह चौधरी पांजरा, बाल संत राहुल गोपाले, इमलाबाई खोब्रागड़े नागरा शामिल हुये। कार्यक्रम महाराजपुर स्थित दुर्गा मंदिर में संपन्न हुआ।

### यह एक धार्मिक कार्यक्रम है - भूपसिंह ऐड़े

पद्मेश को जानकारी देते हुये भूपसिंह ऐड़े ने बताया कि यह कार्यक्रम धार्मिक है। जिसमें इस वर्ष ४ से ५ ग्रामों के संतो ने अपनी उपस्थिती दर्ज कराई है। उनके द्वारा धार्मिक प्रवचन दिये गये। जिसका समापन ४ बजे शाम २५ फरवरी को किया गया है। प्रात:काल रैली निकाली गई जिसने ग्राम भ्रमण किया तत्पश्चात हम सभी लोगों ने मिलकर संत रविदास की जयंती मनाई है। वही शाम को पूजा अर्चना के बाद भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें पूरे ग्राम के लोग शामिल हुये है।

### यह इक्का पंत से ताल्लुक हिंदू धर्म है - रेखा गौतम

इसी तरह ग्रामीण रेखा गौतम ने पद्मेश को बताया कि यह बारकरी पंत कहलाता है। जिसे इक्का पंत भी कह सकते है। यह हिंदू धर्म के लोग मानते है। इस २ दिवसीय कार्यक्रम में बाहर से संत महात्मा आते है। वही उनके द्वारा धर्म का ज्ञान बताया जाता है साथ ही मंदिर में जोत जलाई जाती है। इस कार्यक्रम में पूरा ग्राम सम्मिलत रहता है। इस कार्यक्रम का आयोजन संत रविदास जयंती समारोह के रूप में किया जाता है। यह आयोजन विठ्ठल मंडल समिति महाराजपुर के तत्वाधान में किया गया है।

# अज्ञात व्यक्ति ने पैरा में लगाई आग, 300 बेट पैरा जल कर राख

## मामला थाना वारासिवनी के ग्राम कोस्ते का

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत कोस्ते निवासी जितेंद्र राजूरकर के खेत में रखे ३ एकड़ की फसल के पैरा को अज्ञात व्यक्ति के द्वारा २४ से २५ फरवरी की दरमियानी रात आग लगा दी गई। जिसमें पूरी पैरा जलकर राख हो गई। इसमें बताया जा रहा है कि पैरा में आईल डालकर आग लगाई गई है जहाँ ३०० से अधिक बेट पैरा रखा हुआ था। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कोस्ते में जितेंद्र राजूरकर का खेत है जो वह स्वयं नहीं लगाते हैं जिसे उन्होंने मनोज राणा और एक अन्य व्यक्ति को अधिया पर दिया हुआ है। जहां पर उनके द्वारा खेती कार्य किया जाता है किसान के द्वारा खरीफ की फसल कटाई के बाद ३ एकड़ की फसल के पैरा की बेट बनाकर सुरक्षित खेत में रखवा दी गई थी। ताकि पूरा पैरा सूखने के बाद उसे घर ले जाया जा सके वहीं खेत में गेहूं की फसल लगाई गई है। जहां से अधियादार मनोज राणा २४ फरवरी की शाम ६ बजे अपने घर चला गया था। इसके बाद वह सुबह खेत आया तो देखा कि पैरा पूरा जल चुका था और अभी भी आग उसमें जल रही थी। जिस पर उसने आस पड़ोस के लोगों को बुलाकर मामले की जानकारी दी और उनसे पूछताछ की तो पता चला की रात ८ बजे तक कुछ नही था। फिर वह सोने चले गये थे उसके बाद की जानकारी नहीं है। जले हुए पैरा को जाकर लोगों ने देखा तो उसमें कुछ जगह चमकता हुआ जला हुआ पैरा दिखा जिससे लोगों के द्वारा संभावना व्यक्त की जा रही है कि आईल के माध्यम से पैरा में आग अज्ञात व्यक्ति के द्वारा लगाई गई है। जिसमें किसान को करीब १२ हजार रुपए की आर्थिक क्षति हुई है। जिसकी पीड़ित के द्वारा वारासिवनी पुलिस थाने में लिखित शिकायत भी कर दी गई है। पद्मेश से चर्चा में किसान मनोज राणा ने बताया कि सुबह जब वह अपने खेत आए तो पैरा जल रही थी जिसमें पड़ोसियों को बुलाकर पूछताछ की तो रात ८ बजे तक कुछ नहीं हुआ था फिर हम सो गए थे ऐसा बताया गया। यहां पर पैरा जला हुआ है मैं अधिया में यह खेत करता हूं। जिसकी जानकारी खेत मालिक को दी गई और संभवत रात में १ बजे के बाद की यह घटना है ऐसा लग रहा है। यहां पर ३ एकड़ की फसल का पैरा करीब ३०० बेट पैरा था जो जल गया है। इसमें दुश्मनी रखने वाला ही कोई व्यक्ति होगा जिसने पैरा को जलाया है। और पैरा जलाने के लिए ऑइल डाले हैं जिससे जला हुआ पैरा चमक रहा है।



# मारपीट के आरोपी जयप्रकाश को ३ वर्ष का सश्रम कारावास

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी न्यायालय के विद्वान न्यायाधीश चैतन्य अनुभव चौबे न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की अदालत में मारपीट के आरोपी जयप्रकाश सोनकुसरे को ३ वर्ष का सश्रम करावास एवं १००० रुपये के अर्थदंड से दंडित कर सजा सुनाई गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी देवकी सोनकुसरे वार्ड नं ११ वारासिवनी में रहती थी। जिसके साथ दिनांक १२ दिसम्बर २०१९ समय लगभग ९.३० बजे फरियादी के पड़ोस में रहने वाले उसके भतीजे अभियुक्त जयप्रकाश सोनकुसरे ने संपत्ति के बटवारे में हिस्सा कम दिये हो कहकर फरियादी देवकी को गंदी गाली दिया। फरियादी के द्वारा गाली देने से मना करने पर उसके साथ डण्डे से मारपीट किया। अभियुक्त ने फरियादी को यह कहते हुए जान से मारने की धमकी दी थी कि हिस्सा बटवारा बराबर नहीं करोगे तो जान से खत्म कर दूँगा डण्डे के वार से फरियादी की हड्डी टूट गई। उक्त घटना की रिपोर्ट फरियादी ने थाना वारासिवनी में की थी। जिस पर अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसके बाद से यह प्रकरण वारासिवनी न्यायालय में विचाराधीन था। जिसमें न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी चैतन्य अनुभव चौबे के द्वारा आरोपी जयप्रकाश पिता प्रमोद सोनकुसरे उम्र करीब ६५ वर्ष निवासी वार्ड नंबर ११ वारासिवनी का अपराध सिद्ध होने पर उसे भादवि की धारा ३२५ के अंतर्गत ३ वर्ष का सश्रम कारावास एवं राशि १००० रूपये के अर्थदंड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड के व्यतिक्रम में अभियुक्त को ३ माह का सश्रम कारावास पृथक से भुगताया जावें। अभियोजन की ओर से पैरवी ऋतुराज कुमरे सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी वारासिवनी के द्वारा की गई।




खैरलांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भोरगढ़ में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

कटंगी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# कर्नाटक हाईकोर्ट में 'एक्स' की अपील

इंटरनेट-बंदी और सोशल मीडिया पर बोलने की आजादी पर मनमाना अंकुश सत्ता में बैठे लोगों के लिए बेरोक हथियार बन गया है। हरियाणा व राजस्थान की राज्य सरकारें और केंद्र सरकार किसानों के विरोध-प्रदर्शन के साथ जिस तरह से पेश आयी हैं, उसमें यह तथ्य बिल्कुल साफ नजर आता है। इन राज्य सरकारों ने इंटरनेट-बंदी का इस्तेमाल मनमाने ढंग से, और बिना पर्याप्त वजहों के किया है। उन्होंने इस तरह की बंदी लागू करने के लिए किसी वास्तविक सबूत के बगैर, कानून-व्यवस्था के ध्वस्त होने की आशंका से जुड़े अस्पष्ट कारणों का इस्तेमाल किया है और इस तरह, यह मामला 'अनुराधा भसीन बनाम भारत संघ' में निर्धारित समानुपातिकता के परीक्षणों के तहत आता है। दूसरी तरफ, भारत सरकार ने विरोध-प्रदर्शनों का नेतृत्व करनेवालों या महज समर्थन करनेवालों के खाते ब्लॉक करने के लिए 'एक्स' जैसी सोशल मीडिया कंपनियों को नोटिस जारी करने के अपने बारंबार-प्रयुक्त हथियार का इस्तेमाल किया है। इसके लिए उसने इन खाता धारकों को कारण भी नहीं बताये हैं। पहले, जब 'एक्स' को 'ट्विटर' के नाम से जाना जाता था, वह ब्लॉक करने के सभी अनुरोधों को तब तक स्वीकार नहीं करता था जब तक कि वे उसके अपने नियमों का उल्लंघन नहीं करते थे या दर्ज कारणों के साथ यथेष्ट रूप से जारी नहीं किये जाते थे। ट्विटर/एक्स ने 2020-21 में किसान आंदोलन के पहले चरण के दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना तकनीक मंत्रालय द्वारा जारी कई थोक ब्लॉकिंग आदेशों को चुनौती देने के लिए कर्नाटक हाईकोर्ट का रुख किया था। हाईकोर्ट ने, एकल पीठ द्वारा दिये गये समस्याग्रस्त फैसले में, एक्स की याचिका खारिज कर दी, लेकिन बाद में कंपनी की अपील स्वीकार की और उस पर सुनवाई चल रही है।

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इलॉन मस्क द्वारा अधिग्रहण के बाद से, 'एक्स' अपनी उस पारदर्शिता रिपोर्ट को प्रकाशित नहीं कर रहा है जो ब्लॉक करने, सामग्री या खाता हटाने के लिए भारतीय सरकारी एजेंसियों द्वारा किये गये कानूनी अनुरोधों की जानकारी देती है। 'एक्स' ने यह स्वीकार किया कि उसने सरकार द्वारा चिन्हित खातों और पोस्टों को रोकने का फैसला लिया है, भले ही वह इन कार्रवाइयों से असहमत हो। ऐसा करके वह इन कार्रवाइयों से प्रभावित अपने उपयोगकर्ताओं की किसी भी किस्म की मदद करने से हाथ खड़े कर रहा था। यह अप्रत्याशित नहीं है। मस्क के अधीन 'एक्स' मुक्त अभिव्यक्ति का वह फलता-फूलता मंच नहीं रह गया है जो चर्चा, सूचना साझा करने और यहां तक कि सरकारों की आलोचना को बढ़ावा देने के लिए डटकर प्रयास करता है। अब यह अपने कामकाज के लिए संकेत अपने मालिक के विचारों और कारोबारी हितों से ग्रहण करता है। लेकिन इससे भी ज्यादा चिंताजनक यह है कि कर्नाटक हाईकोर्ट के अब भी प्रभावी फैसले ने इस विचार को बल दिया है कि सरकारी प्राधिकारियों को सामग्री के सृजनकर्ता को बिना नोटिस दिये किसी सामग्री की ब्लॉकिंग का आदेश जारी करने या बिना वैध कारण के खाता-स्तरीय ब्लॉकिंग की मांग के मामले में पूरी छूट मिली हुई है। उम्मीद की जाती है कि हाईकोर्ट में 'एक्स' की अपील से अपने मंचों पर सामग्री को लेकर सोशल मीडिया कंपनियों के अधिकार और दायित्व निर्णायक रूप से स्पष्ट होंगे। जहां तक सरकार की बात है, तो उसे इसकी बिल्कुल फिक्र नहीं लगती कि स्वतंत्र, खुले और लोकतांत्रिक समाज के बतौर भारत की प्रतिष्ठा के लिए इस तरह की कार्रवाइयों के क्या मायने हैं। ध्यान रहे कि भारत में सोशल मीडिया कंपनियों की मौजूदगी का मुख्य कारण सिर्फ बड़े उपभोक्ता वर्ग की मौजूदगी नहीं, बल्कि उसका स्वतंत्र, खुला और लोकतांत्रिक समाज है।

# पिछले एक दशक में भारत ने पूरे विश्व को प्रभावित किया है

भारत का प्राचीन इतिहास गौरवशाली रहा है। भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था, क्योंकि उस खंडकाल में भारत के ग्रामीण इलाकों में नागरिक सम्पन्न थे एवं हंसी खुशी अपना जीवन यापन कर रहे थे। एक ब्रिटिश अर्थशास्त्री एवं इतिहासकार श्री एंगस मेडिसन ने अपने शोधग्रंथ में बताया है कि एक ईसवी से लेकर 1750 ईसवी तक के खंडकाल में विश्व व्यापार में भारत की भागीदारी 32 से 46 प्रतिशत के बीच तक रही है। भारत से हो रहे विभिन्न कृषि एवं औद्योगिक उत्पादों के निर्यात का भुगतान सोने में किया जाता था अतः भारत में स्वर्ण का अपार भंडार निर्मित हो गया था। इसलिए, भारत को सोने की चिड़िया कहा जाने लगा था। परंतु, अरब आक्रांताओं एवं ब्रिटिश शासकों ने भारत को जमकर लूटा था और भारत को अति पिछड़ा एवं अति गरीब देश बनाकर छोड़ा। आज इतिहास ने पुनः एक नई करवट ली है और भारत अपने पुराने वैभव को प्राप्त करने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

किसी भी देश की आर्थिक प्रगति में शासन द्वारा बनाई गई नीतियों का विशेष प्रभाव रहता है। पिछले 10 वर्षों के खंडकाल में भारत न केवल आर्थिक क्षेत्र बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक एवं राजनैतिक क्षेत्रों में भी मजबूत हुआ है और भारत ने पूरे विश्व में अपनी धाक जमाई है। आज भारतीय मूल के लगभग 3.20 करोड़ लोग विश्व के अन्य देशों में निवास कर रहे हैं। भारतीय मूल के इन नागरिकों ने भारतीय सनातन संस्कृति का पालन करते हुए इन देशों के स्थानीय नागरिकों को भी प्रभावित किया है जिससे विदेशी नागरिक भी अब सनातन संस्कृति की ओर आकर्षित होने लगे हैं। विशेष रूप से विकसित देशों में तो सामाजिक तानाबाना इतना अधिक छिन्न भिन्न हो चुका है कि अब ये देश आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक समस्याओं के हल हेतु भारत की ओर आशाभारी नजरों से देख रहे हैं।

भारत ने वर्ष 1947 में राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त की थी और आज यदि पिछले 77 वर्षों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में भारत के विकास की बात करें तो ध्यान में आता है कि भारत ने पूरे विश्व में अपने लिए विशेष रूप से आर्थिक, अंतरिक्ष, विज्ञान, रक्षा-सुरक्षा, डिजिटल, योग एवं आध्यात्म जैसे क्षेत्रों में अपना एक अलग मुकाम बना लिया है। अंतरिक्ष के क्षेत्र में आज भारत एक वैश्विक ताकत बनाकर उभरा है। भारत आज न केवल अपने लिए सेटेलाईट अंतरिक्ष में भेज रहा है बल्कि विश्व के कई अन्य देशों के लिए भी सेटेलाईट अंतरिक्ष में स्थापित करने में सक्षम हो गया है। योग एवं आध्यात्म के क्षेत्र में तो भारत अनादि काल से विश्व गुरु रहा ही है, परंतु हाल ही के समय में भारत एक बार पुनः योग एवं आध्यात्म के क्षेत्र में विश्व का मार्गदर्शन करने की ओर अग्रसर है। योग को सिखाने के लिए तो यूनाइटेड नेशन्स ने प्रति वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस मनाने का निर्णय लिया है और इसे पूरे विश्व में लगभग सभी देशों द्वारा बहुत ही उत्साह से मनाया जाता है। इसी प्रकार विज्ञान के क्षेत्र में भी भारत ने पूरे विश्व में अपना एक अलग मुकाम बना लिया है। विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी, तकनीकी, डिजिटल एवं ड्रोन तकनीकी में तो भारत ने अपना लोहा पूरे विश्व में ही मनवा लिया है।

किसी भी देश के लिए आर्थिक प्रगति तभी सफल मानी जानी चाहिए जब उस देश के अंतिम पंक्ति में खड़े नागरिक को भी उस देश की आर्थिक प्रगति का लाभ मिलता दिखाई दे। इस दृष्टि से विशेष रूप से गरीबी एवं आय की असमानता को कम करने में भारत ने विशेष सफलता पाई है। जिसकी अंतरराष्ट्रीय मुद्रकोष एवं विश्व बैंक ने भी जमकर सराहना की है। भारत में वर्ष 1947 में 70 प्रतिशत लोग गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे थे, और अब वर्ष 2020 में देश की कुल आबादी का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहा है। जबकि 1947 में देश की आबादी 35 करोड़ थी जो आज बढ़कर लगभग 140 करोड़ हो गई है। वर्ष 2011 में भारत में गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे व्यक्तियों की संख्या 22.5 प्रतिशत थी जो वर्ष 2019 में घटकर 10.2 प्रतिशत पर नीचे आ गई है। भारत के शहरी क्षेत्रों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों की संख्या बहुत तेज गति से कम हुई है। जहां ग्रामीण इलाकों में गरीबों की संख्या वर्ष 2011 के 26.3 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2019 में 11.6 प्रतिशत पर आ गई है तो शहरी क्षेत्रों में यह संख्या 7.9 प्रतिशत से कम हुई है। बहुत छोटी जोत वाले किसानों की वास्तविक आय में 2013 और 2019 के बीच वार्षिक 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है वहीं अधिक बड़ी जोत वाले किसानों की वास्तविक आय में केवल 2 प्रतिशत की वृद्धि प्रतिवर्ष दर्ज हुई है। भारत में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे लोगों की संख्या में आ रही भारी कमी दरअसल केंद्र सरकार द्वारा समय समय उठाए जा रहे कई उपायों के चलते सम्भव हो पाई है।

आज भारत डिजिटल इंडिया के माध्यम से क्रांतिकारी परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। पिछले 10 वर्षों के दौरान भारत ने डिजिटलीकरण के क्षेत्र में अतुलनीय प्रगति की है एवं आज भारत में 120 करोड़ से अधिक इंटरनेट, 114 करोड़ से अधिक मोबाइल एवं 65 करोड़ से अधिक स्मार्टफोन उपयोगकर्ता हैं। इस प्रकार भारत ने एक नए डिजिटल युग में प्रवेश कर लिया है। भारत में सार्वजनिक अधोसंरचना विकसित कर ली गई है ताकि देश के सभी नागरिक इन सुविधाओं का लाभ ले सकें। यूनीफाईड पेमेंट इंटरफेस (क्कु) इसका सबसे अच्छा उदाहरण है, जिसके माध्यम से आज प्रतिदिन 100 करोड़ से अधिक बैंकिंग व्यवहार हो रहे हैं। आधार कार्यक्रम की सफलता के बाद तो डिजिटल इंडिया एक नए दौर में चला गया है। शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी डिजिटल इंडिया ने कमाल ही कर दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बढ़ाई गई है। अब तो ड्रोन के लिए भी नए डिजिटल प्लेटफार्म का उपयोग हो रहा है एवं ड्रोन के माध्यम से कृषि को किस प्रकार सहयोग किया जा सकता है इस पर भी कार्य हो रहा है। ड्रोन के माध्यम से बीजों का छिड़काव आदि जैसे कार्य किए जाने लगे हैं।

भारत ने पिछले 10 वर्षों के दौरान नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भी सबसे तेज वृद्धि दर्ज की है। वर्ष 2014 से भारत ने सौर ऊर्जा में 18 गुना से अधिक वृद्धि दर्ज की है, जबकि नवीकरणीय ऊर्जा में 1.97 गुना वृद्धि दर्ज की है। भारत ने अपने लिए वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पन्न करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी प्रकार भारत ने आगामी 8 वर्षों में अपनी स्थापित बिजली का 40 प्रतिशत हिस्सा गैर-जीवाश्म ईंधन से प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के अनुसार, आगामी 8 वर्षों में भारत में सौर और पावन ऊर्जा की संयुक्त स्थापित क्षमता 51 प्रतिशत हो जाएगी, जो अभी 23 प्रतिशत है।

भारत ने रक्षा के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भरता हासिल करने की ओर अपने कदम बढ़ा लिए हैं एवं कई रक्षा उत्पादों का तो निर्यात भी किया जा रहा है। अभी हाल ही में भारत का स्वदेशी निर्मित तेजस हल्का लड़ाकू विमान मलेशिया की पहली पसंद बनाकर उभरा है। मलेशिया ने अपने पुराने लड़ाकू विमानों के बेड़े को बदलने के लिए प्रतिस्पर्धा की थी। जिसमें चीन के जेएफ-17, दक्षिण कोरिया के एफए-50 और रूस के मिग-35 के साथ साथ याक-130 से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद मलेशिया ने भारतीय विमान तेजस को पसंद किया है। आकाश मिसाइल भी भारत की पहचान है एवं यह एक स्वदेशी (96 प्रतिशत) मिसाइल है। दक्षिणपूर्व एशियाई देश वियतनाम, इंडोनेशिया, और फिलिपींस के अलावा बहरीन, केन्या, सउदी अरब, मिस्त्र, अल्जीरिया और संयुक्त अरब अमीरात ने आकाश मिसाइल को खरीदने में अपनी रुचि दिखाई है। आकाश मिसाइल के साथ ही कई अन्य देशों ने तटीय निगरानी प्रणाली, राडार और एयर प्लेटफार्मों को खरीदने में भी अपनी रुचि दिखाई है। भारत जल्द ही दुनिया के कई देशों यथा फिलीपींस, वियतनाम एवं इंडोनेशिया आदि को ब्रह्मोस मिसाइल भी निर्यात करने की तैयारी कर रहा है। कुछ अन्य देशों जैसे सउदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात एवं दक्षिण अफ्रीका आदि ने भी भारत से ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने में अपनी रुचि दिखाई है। आज भारत से 84 से अधिक देशों को रक्षा उपकरणों का निर्यात किया जा रहा है। इस सूची में कतर, लेबनान, इराक, इक्काडोर और जापान जैसे देश भी शामिल हैं जिन्हें भारत द्वारा बॉडी प्रोटेक्टिंग उपकरण, आदि निर्यात किए जा रहे हैं।

कृषि क्षेत्र, रक्षा उत्पादों, फार्मा, नवीकरण ऊर्जा, डिजिटल व्यवस्था के साथ ही प्रौद्योगिकी, सूचना तकनीकी, आटोमोबाईल, मोबाइल उत्पादन, बुनियादी क्षेत्रों का विकास, स्टार्ट अप्स, ड्रोन, हरित ऊर्जा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में भी भारत अपने आप को तेजी से वैश्विक स्तर पर एक लीडर के रूप में स्थापित करने की ओर अग्रसर हो गया है। इस प्रकार आर्थिक प्रगति के बल पर भारत एक बार पुनः अपने आप को विश्व गुरु के रूप में स्थापित करने जा रहा है।

**-प्रहलाद सबनानी**

# सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी

**- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 फरवरी को अमृत काल में 556 अमृत स्टेशन समेत हजारों करोड़ों के परियोजनाओं का शिलान्यास,लोकापर्ण करेगें**

तेलंगाना राज्य की राजधानी व निजामों के शहर हैदराबाद स्थित सन1874 में र्निमित सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय सुविधाओं व आधुनिक सौंदर्यी करण ऱ्पुर्न विकास कार्य युद्धस्तर पर जारी है। इसी शहर में दो अन्य रेल स्टेशनों का पुन:उदार का कार्य भी प्रगति पर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नें भारत को विकसित भारत का संकल्प लिया है। किसी भी देश को विकसित बनाने में वहाँ की अर्थव्यवस्था को मजबूत होना आवशक होता है। भारत की अर्थव्यवस्था में भारतीय रेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। तभी तो विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र व सबसे अधिक आबादी वाले देश भारत में सबसे अच्छी व सस्ती यातायात व्यवस्था में भारतीय रेल की अंहम भुमिका है। इसकी विस्तृत चर्चा हम अपने अगले आलेख में करेंगे। आज हम आजादी के अमृतकाल में भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए भारतीय रेल सैदव तत्पर है। केन्द्र सरकार के अर्न्तगत रेल मंत्रालय द्वारा इस श्रंखला में वन्दे भारत ट्रेन,अमृत भारत टेन बुलेट ट्रेन व कई कॉलिडोर परियोजनाओं का र्निमाण व विकास कार्य युद्ध स्तर चल रहाहै। सर्वविदित रहे कि सिकंदरावाद रेलवे स्टेशन भी उन ऐतिहासिक प्रमुख रेलवे स्टेशनों में से एक है। सन 1874 में सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन अंग्रेजो द्वारा की गई है। जब अंग्रेज भारत आये थें तो उन्होंने अपने सुविधा को देखते हुए रेलगाडी व ट्रेक र्निमाण का कार्य किया था। चुँकि गोरे दक्षिण बोलने में असमर्थ थे इसलिए उन्होने दक्षिण की डक्कन शब्द का सहारा लिया जिसके नाम पर डक्कन रेलवें (अंग्रेज सरकार का नाम) पड गया था। अपुष्ट खबरों के अनुसार लॉड कर्जन द्वारा लोहे की पटर पर एक ट्राली के आगें धोडे के सहारे 1902 नें लॉड कर्जन जब हैदराबाद सरकारी दौरे पर आये थें उन्होंने सिंकदराबाद स्टेशन लोहे की पटर टॉली पर बैठ कर यात्रा की थी। जिसकी तस्वीरे आज आप यहाँ के रेलवे स्टेशन पर देखने को मिल जायेगी। सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन का विकास कार्य मैसर्स गिरधारीलाल कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड को ईपीसी मोड के तहत 700 करोड़ रुपये (लगभग) की लागत से 36 महीने में पूरा करने के लिए सौंपा गया है। रेल मंत्रालय के सौजन्य से नेशनल मीडिया टीम के एक सदस्य के रूप मुझे नजदीक से देखने का मौका मिला। स्टेशन भवन के दोनों किनारों पर कार्य शुरू हो गया है,ताकि लक्षित समय अवधि के भीतर कार्यों को पूरा करना सुनिश्चित किया जा सके। इस परियोजना स्थल पर उपस्थित टीम के सदस्यों द्वारा एक प्रस्तावित परियोजना की वीडियो व निमार्ण स्थल का निरीक्षण भी करवाया गया। अधिकृत अधिकारियों के अनुसार इस परियोजना में यात्री सेवाओं को बाधित किए बिना यहाँ निर्माण चल रहा है। यात्रियों के लिए इसे सुविधाजनक बनाने के लिए उत्तर की ओर मौजूदा बुकिंग कार्यालय के स्थान पर एक अस्थायी बुकिंग कार्यालय का निर्माण किया गया है। नई आर पीएफ बिल्डिंग का काम पूरा हो चुका है। अब अन्य पुनर्विकास कार्यों के लिए निर्माण प्रगति पर है। केंद्र सरकार के 715 करोड़ रुपये के पर्याप्त निवेश से समर्थित सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर व्यापक विकास परियोजना महत्वपूर्ण प्रगति कर रही है। दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार जैन के अनुसार सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर चल रहे कार्यों का जोर दिया कि करीब 700 करोड़ रुपये की लागत से हो रहे पुनर्निर्माण को एक हवाई अड्डे की आधुनिक सुविधायुक्त से सुसज्जित करने के लिए डिजाइन किया गया है, सीमित स्थान में निर्माण की चुनौतियों के साथ रेलवे स्टेशन पर विकास कार्य ट्रेन सेवाओं या यात्रियों को कोई व्यवधान पैदा किए बिना तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। 2025 के अंत तक सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन एक हवाई अड्डे जैसा परिवर्तन कारी बदलाव से गुजरेगा। जैन नें कहा कि स्टेशन पर चल रहे निर्माण में रेलवे स्टेशन परिसर के भीतर 26 लिफ्ट,38 एस्केलेटर और खुदरा दुकानों की स्थापना शामिल है। बेहतर यात्री सुविधा के लिए मेट्रो और बस स्टेशनों को निर्बाध रूप से जोड़ने के प्रयास चल रहे हैं। रेड्डी ने विकास के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा किए गए वादे पूरी लगन से पूरे किए गए हैं। तेलंगाना में विभिन्न रेलवे परियोजनाओं का पूरा होना समर्पित प्रयासों का प्रमाण है। इस के साथ नामपल्ली रेलवे स्टेशन 350 करोड़ रुपये की आधुनिकीकरण परियोजना का कार्य प्रगति पर है। काजीपेट रेलवे स्टेशन पर भी आधुनिकीकरण का काम चल रहा है,जबकि घाट केसर-यदाद्री एमएमटीएस लाइन के जल्द ही पूरा होने की उम्मीद है। चेरलापल्ली न्यू टर्मिनल का उद्घाटन होना है जो प्रधानमंत्री जल्द ही करेंगे। काजीपेट-एंड की ओर एक नए फुट ओवर ब्रिज (एफओबी)का निर्माण कार्य भी शुरू हो गया है,जिसके लिए दो प्लेटफार्मों पर नींव का काम पूरा हो चुका है,जबकि अन्य प्लेटफार्मों पर काम जारी है। दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार जैन के अनुसार रेलवे के इस परियोजनाओं के पुर्न विकास कार्यों के कारण यात्रियों को कम से कम असुविधा हो इसका विशेष ध्यान रखा गया है। नए स्टेशन भवन में रेल यात्रियों के लिए आधुनिक वास्तुकला और विश्वस्तरीय सुविधाएं होंगी। पुनः र्निमाण कार्य की प्रगति की लगातार निगरानी की जा रही है।

आप को बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 फरवरी को अमृत काल में 556 अमृत स्टेशन समेत हजारों करोड़ों के परियोजनाओं का शिलान्यास,लोकापर्ण करेगें। ताकि विश्व के मानचित्र पर एक नया भारत विकसित भारत समृद्ध भारत शक्तिशाली भारत बनकर एक विश्वगुरु बनकर प्रत्येक भारतवासी का सर ऊँचा हो वह गर्व से कह सकें कि हम भारत वंशी है।

**- -विनोद कुमार सिंह**

# मंदिरों की आमदनी पर टैक्स क्यों नहीं ?

कर्नाटक में मंदिरों की आमदनी पर टैक्स लगाने का एक विधेयक राज्य विधानसभा में पारित नहीं हो पाया । कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है इसलिए भाजपा ने इस विधेयक की मुखालफत की। विधेयक का नाम हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती (संशोधन) विधेयक था विपक्ष इस बिल का विरोध करता आ रहा है। भाजपा और जेडीएस का आरोप है कि सरकार मंदिरों पर टैक्स लगाकर अपने खाली खजाने को भरना चाहती है। वहीं, कांग्रेस सरकार का दावा है कि 2011 में भाजपा सरकार भी ऐसा ही विधेयक लेकर आई थी।

असल सवाल ये है कि मंदिरों की आमदनी पर टैक्स क्यों नहीं लगना चाहिए ? जब मंदिरों को अकूत आमदनी होती है तो उस पर टैक्स लगाया जाना गैर कानूनी कैसे हो सकता है । इसे अधार्मिक मानने वालों के पास भी कोई तर्क नहीं है । वे केवल धर्मांध होकर अपना विरोध जताने में लग जाते हैं। हमारे देश में मंदिरों की आमदनी इतनी है कि कोई अच्छा-खासा कारखाना भी उनके सामने नहीं टिक सकता,लेकिन इस आमदनी पर मंदिरों से टैक्स वसूलने की बात की जाये तो बवंडर खड़ा हो जाता है । मंदिर नया हो या पुराना इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। हाल ही में अयोध्या में बनाये गए राम मंदिर की आमदनी ने भी नए कीर्तिमान बना लिए हैं।

अयोध्या में भाजपा के राम मंदिर उद्घाटन के बाद एक महीने में 25 किलोग्राम सोने और चांदी के आभूषण सहित लगभग 25 करोड़ रुपये का दान मिला है। राम मंदिर ट्रस्ट के कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता ने बताया कि 25 करोड़ रुपये की राशि में चेक, ड्राफ्ट और मंदिर ट्रस्ट के कार्यालय में जमा की गई नकदी के साथ-साथ दान पेटियों में जमा राशि भी शामिल है। उन्होंने बताया कि हालांकि हमें ट्रस्ट के बैंक खातों में ऑनलाइन माध्यम से भेजे गए धन के बारे में जानकारी नहीं है। 23 जनवरी से अब तक लगभग 60 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। राम भक्तों की भक्ति ऐसी है कि वे रामलला के लिए चांदी और सोने से बनी वस्तुएं दान कर रहे हैं, जिनका उपयोग श्री राम जन्मभूमि मंदिर में नहीं किया जा सकता है। इसके बावजूद, भक्तों की भक्ति को देखते हुए राम मंदिर ट्रस्ट सोने और चांदी से बनी सामग्री,आभूषण, बर्तन और दान स्वीकार कर रहा है।

कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती अधिनियम, 1997 है, जिसमें संशोधन के लिए यह विधेयक लाया गया। विधेयक के जरिए अधिनयिम की धारा 17 में संशोधनकिया जाना था । इस कानून की धारा 17 में फंड के लिए एक सामान्य पूल बनाने का प्रावधान है। कर्नाटक सरकार के अनुसार, 2011 में तत्कालीन भाजपा सरकार ने कानून में संशोधन किया था। इस बदलाव के जरिए सामान्य पूल फंड का उपयोग करके कम आय वाले मंदिरों की मदद करने के लिए अधिक आय के मंदिरों से धन इकट्ठा करने में सक्षम बनाया गया। बता दें कि कम आय वाले मंदिरों को सी श्रेणी जबकि अधिक आय वाले को ए श्रेणी में रखा गया है। सरकार के अनुसार, 2011 के संशोधन के जरिए पांच लाख रुपये से 10 लाख रुपये के बीच वार्षिक आय वाले मंदिरों को अपनी शुद्ध आय का पांच फीसदी हिस्सा देना होता है। वहीं ऐसे मंदिर जिनकी वार्षिक आय 10 लाख रुपये से ज्यादा है तो उसे 10 फीसदी हिस्सेदारी देनी होती है।

सवाल ये है जब मंदिरों की सम्पत्ति और स्वामित्व के विवादों में भगवान को अदालतों में पक्षकार बनाया जाता है तो उनकी आमदनी को कर मुक्त करने की बात क्यों की जाती है ? वैसे तो आस्थाओं के सामने कोई तर्क टिकता नहीं किन्तु हकीकत ये है कि मंदिरों को बिना हाथ-पांव चलाये जितनी आमदनी होती है उसका इस्तेमाल भगवान कम उनके आसपास रहने वाले लोग ज्यादा करते है।

मंदिरों की आमदनी का उपयोग काम दुरूपयोग ज्यादा होता है वो भी धर्म की आड़ में।

भारत में मंदिरों की आमदनी अविश्वसनीय है। भारत का सबसे अमीर मंदिर पद्मनाभस्वामी मंदिर है। जो केरल के प्रसिद्ध शहर तिरुवनंतपुरम में स्थित है। यह न सिर्फ भारत बल्कि विश्व का सबसे अमीर टेम्पल माना जाता है। लोग अनुमान लगाते है कि पद्मनाभस्वामी टेम्पल में 1 खरब डॉलर की संपत्ति मौजूद है। तिरुपति के बालाजी मंदिर को हर साल लगभग 600 करोड़ रुपये दान के रूप में देते हैं। वर्ष 2010 में तिरुमाला तिरुपति मंदिर ने भारतीय स्टेट बैंक के पास ब्याज के लिए 1175 किलो सोना जमा था।

शिरडी, में साईंबाबा मंदिर के बैंक खाते में 380 किलो सोना, 4,428 किलो चांदी और डॉलर और पाउंड जैसी विदेशी मुद्राओं के रूप में बड़ी मात्रा में धन के साथ-साथ लगभग 1,800 करोड़ रुपये हैं। 2017 में रामनवमी के अवसर पर एक अज्ञात भक्त द्वारा 12 किलो सोना दान किया गया था। साथ ही, हर साल लगभग 350 करोड़ का दान आता है।वैष्णो देवी मंदिर को हर साल ?500 की वार्षिक आय होती है।मुंबई में सिद्धिविनायक मंदिर सालाना लगभग 125 करोड़ कमाता है। करोड़ों कमाने वाले मंदिरों की लम्बी फेहरिस्त है। देश में छोटे-बड़े पांच लाख से अधिक मंदिर हैं। लेकिन कुछ ऐसे भी हैं जिनमने भगवान के भोग-प्रसाद और पुजारी का वेतन लायक तक पैसा नहीं आता।

मंदिरों को होने वाली आमदनी में से कुछ मंदिरों के न्यास समाज सेवा के नाम पर कुछ अस्पताल,शैक्षणिक संसथान भी चलते हैं लेकिन अधिकाँश का खर्च भोजन-भंडारों और मंदिरों के रख-रखाव के नाम पर ही होता है। अब तो डबल इंजिन की सरकारें इन मंदिरों पर मेहरबान है। वे अपने खजाने खाली कर प्राचीन मंदिरों को पर्यटक स्थल बनाने में लगी हैं ,ताकि वहां से बाद में सरकार को भी आमदनी हो सके। उत्तर प्रदेश सरकार का सपना ही अयोध्या के राम मंदिर के जरिये पर्यटकों की जेब से सलाना 25 हजार करोड़ निकलवाने का है। मंदिरों को परोक्ष कारोबारी संसथान बनाने वाली भाजपा शायद इसीलिए मंदिरों की आमदनी पर करारोपण का विरोध करती है।

मंदिरों पर टैक्स लगाने से जन भावनाएं कैसे आहत होतीं हैं ,मै नहीं जानता ,दूसरे धर्मों के पूजाघरों में भी यदि इस तरह की आय होती है तो उसे कराधान के दायरे में लिए जाना चाहिए ,लेकिन ऐसा होता नहीं है। सरकारें वोट के लालच में ऐसा करना नहीं चाहती । वे मध्यमवर्ग के लोगों की जेब से जबरन टैक्स काट लेतीं है किन्तु मंदिरों की आमदनी पर हाथ डालने से कतरातीं हैं। यदि मंदिरों में बैठे भगवान के विग्रह अदालतों में पक्षकार बन सकते हैं तो उन्हें कर देने में क्या आपत्ति हो सकती है ? यदि होती है तो ये छल है ,क्योंकि उनकी आमदनी तो एकदम श्वेत नहीं है । श्याम भी है। लेने वाले तो भगवान हैं लेकिन देने वाले अंतर्ध्यान है।

मंदिरों में महंगे और बड़े दान देने वाले यदि छंटे जाएँ तो वे ही सबसे बड़े कर अपवंचक निकलेंगे। मंदिरों में मंहगा चढ़ावा चढाने वाले शृद्धा से नहीं बल्कि रिश्वत के रूप में ये चढ़ावा देते है। मेरे एक परिचित दवा व्यवसायी अपनी आमदनी का दस प्रतिशत नियमित रूप से एक मंदिर में दान करते हैं लेकिन कर अपवंचन में उन्हें कभी कोई लज्जा नहीं आती। ऐसे करचोर भक्तों की संख्या बहुत है। इनके लिए मंदिरों में विशिष्ट और अति विशिष्ट सुविधाएं भी उपलब्ध रहतीं हैं। मुझे कभी-कभी लगता है की मंदिरों की आय को कर मुक्त रखने की मांग करने वाले भी ऐसे ही लोग और संगठन होते हैं। सरकार को कर देने से कोई मंदिर या मंदिर के गर्भगृह में बैठे भगवान निर्धन नहीं हो सकते। मंदिरों की आय से यदि चुटकी भर टैक्स सरकारों को मिल जाएगा तो इसे भगवत कृपा ही माना जाना चाहिए न की धर्मविरोधी कृत्य। लेकिन ऐसा हो नहीं सकता।

मुझे पता है कि देश में भगवान को कर छूट दिलाने की वकालत करने वाले हम जैसे लोगों के मुकाबले हजार गुना ज्यादा होंगे। ज्यादतर लोग भगवान के समर्थक हैं ,सरकार के नहीं। लोग उन्हीं सरकारों के समर्थक हैं जो असल मुद्दों पर काम न कर मंदिरों के लिए नए लोक-परलोक बनाने में अपना खजाना खाली करने के लिए तैयार दिखाई देती हैं। भगवान भी जब तक खुद प्रगतिशील कदम नहीं उठाएंगे तब तक स्थितियां सुधरेंगी नहीं। मंदिरों की आमदनी पर धर्म के ठेकदार ,ट्रस्टी,संत,महंत , मंडलेश्वर ,महामंडलेश्वर ही नहीं मौलवी,तथा फादर भी मजे करते रहेंगे। जय सियाराम।

**- राकेश अचल**

## इन्दौर मण्डी में अब लहसुन की नीलामी आढतियों के स्थान पर मंडी कर्मचारियों द्वारा की जायेगी -

इन्दौर । देवी अहिल्याबाई होलकर फल एवं सब्जी मंडी प्रांगण में पूर्व से आने वाली अधिसूचित कृषि उपज लहसुन (गीला तथा सूखा) का विक्रय आढतियों एवं मंडी कर्मचारियों के द्वारा घोष विक्रय के माध्यम से नीलामी किया जाता था। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इन्दौर द्वारा रिट अपील क्र. ङ्क..00130/2017 में पारित आदेश दिनांक 06 फरवरी 2024 के अनुक्रम में आयुक्त सह प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल से प्राप्त निर्देशो के पालन में मंडी समिति इन्दौर द्वारा अधिसूचित कृषि उपज लहसुन (गीला तथा सूखा) की नीलामी आढतियों के स्थान पर मंडी कर्मचारियों के द्वारा घोष विक्रय के माध्यम से ही की जायेगी।

मंडी सचिव नरेश परमार ने बताया कि समस्त कृषकों एवं व्यापारियों को सूचित किया गया है कि अधिसूचित कृषि उपज लहसुन (गीला तथा सूखा) का घोष विक्रय (नीलामी) मंडी कर्मचारियों के माध्यम से 26 फरवरी 2024 सोमवार से प्रात: 9=30 बजे से दोपहर एक बजे तक एवं दोपहर 1=30 बजे से सायं 5=30 बजे तक किया जायेगा।

## इन्दौर बाजार की साप्ताहिक समीक्षा -

इन्दौर । लेवाली कमजोर रहने से शनिवार को अनाज मंडी में चना घटाकर बोला गया। तुअर व उड़द में सुस्ती रही। खाद्य तेलों में नरमी का रूख रहा। तिलहनों में सरसो व रायडा बना रहा। किराना जिंसों में कालीमिर्च बाजार मंदी पर रहे।

किराना =- शनिवार को समाप्त हुए आलौच्य सप्ताह के दौरान स्थानीय सियागंज किराना बाजार में व्यापार की मात्रा कम ही रही। शक्कर में लेवाली के चलते भावों में 50-60 रू. प्रति क्विंटल की तेजी आयी और बाजार 3760-3800 रू. प्रति क्विंटल पर आ गये। खोपरा गोला लेवाली सुस्त रहने से बाजार 113-130 रू. प्रति किलो पर आ गये। कालीमिर्च में लेवाली पूछपरख कमजोर रहने से भावों में 30-35 रू. प्रति किलो की मंदी दिखा गये और कालीमिर्च एटम क्वालिटी मालों में बाजार 618-624 रू. प्रति किलो से घटकर 585-590 रू. प्रति किलो पर आ गया। सूखे मेवों में अब माँग कमजोर पड़ने से बाजार नरमी के देखे गये। बादाम गिरी में बाजार 625-750 रू. प्रति किलो पर आ गये। काजू में पूछपरख के अभाव में बाजार 740-820 रू. प्रति किलो पर आ गये। तरबूज मगज में लेवाली ठंडी रहने से भावों में 750-760 रू. प्रति किलो पर आ गये। नारियलों में पूछपरख ठंडी बनी हुयी है, जिससे भावों में सुस्ती रही। नारियल 120 भरती मालों में बाजार 1400-1450 रू. प्रति थैले पर बने रहे।

तेल तिलहन =- समीक्षा सप्ताह के दौरान खाद्य तेलों में कामकाज की मात्रा कम ही रही। सींगदाना तेलों में बाजार 1420-1440 रू. प्रति 10 किलो पर मजबूत रहे। सोया व कपास्या तेलों में 5-10 रू. प्रति 10 किलो की नरमी आयी और सोया तेल रिफाइंड मालों में बाजार कमोवेश बने रहे। सोया तेलों में रिफाइंड मालों में बाजार 895-900 रू. प्रति 10 किलो पर आ गये। तिलहनों में सोयाबीन बाजार 4350-4400 रू. प्रति क्विंटल पर आ गये। अन्य तिलहनों में बाजार बने रहे।

दाल दलहन =- आलौच्य सप्ताह के दौरान दाल दलहनों में व्यापार की मात्रा कम ही रही। चना पूछपरख के अभाव में बाजार 100-150 रू. प्रति क्विंटल से घटकर 5850-5900 रू. प्रति क्विंटल पर आ गये। तुअर में पूछपरख के अभाव में बाजार टूटकर 8700-9300 रू. प्रति क्विंटल पर आ गये। उड़द में लेवाली के अभाव में बाजार 8800-9200 रू. प्रति क्विंटल पर आ गये। मूंग में पूछपरख रहने से भावों में मजबूती के रहे। मूंग में बाजार 9000-10000 रू. प्रति क्विंटल पर मजबूत नज़र आये। मसूर में बाजार 6000 रू. प्रति क्विंटल पर बना रहा।

## जीडीपी आंकड़े और एफपीआई के रुख तय करेंगे बाजार की चाल

मुंबई। बीते सप्ताह वैश्विक बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की लिवाली की वजह से लगभग एक फीसदी मजबूत रहे सेंसेक्स और निफ्टी की चाल इस सप्ताह चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी), जीएसटी, आईआईपी और पीएमआई आंकड़े के साथ ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के रुख तय करेंगे। कच्चे तेल की कीमत और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की चाल भी घरेलू शेयर बाजार को प्रभावित करेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 716.16 अंक की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 73142.80 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 172 अंक उछलकर 22212.80 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह छोटी कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा। विश्लेषकों के अनुसार इस सप्ताह वित्त वर्ष 2023-24 की दिसंबर में समाप्त हुई तीसरी तिमाही के जीडीपी के आंकड़े आने वाले हैं। साथ ही वस्तु एवं सेवा कर, औद्योगिक उत्पादन के साथ ही विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के पीएमआई आंकड़े जारी होने वाले है। इन आंकड़ों का इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल निर्धारित करने में अहम भूमिका होगी। बाजार के जानकारों ने कहा कि हाल ही में एफपीआई की प्रवृत्ति की एक दिलचस्प विशेषता देखने को मिली कि अमेरिका में दस वर्ष के बांड यील्ड में तेजी के बावजूद एफपीआई इक्विटी का निवेश प्रवाह में कमी आई है। आम तौर पर जब अमेरिका में 10-वर्षीय बांड की यील्ड 4.15 प्रतिशत से ऊपर बढ़ जाती है तो एफपीआई भारी बिकवाली करते हैं लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा है। हालांकि डीआईआई, एचएनआई और खुदरा निवेशक अब प्रमुख निवेशक हैं और उनकी निरंतर खरीददारी बाजार को नए रिकॉर्ड तक पहुंचा रही है।

## जनवरी में देश का इस्पात निर्यात 18 महीने के उच्च स्तर पर

नई दिल्ली। देश का मासिक इस्पात निर्यात जनवरी 2024 में 11 लाख टन के 18 माह के उच्चस्तर पर पहुंच गया है। एक शोध कंपनी की रिपोर्ट कहा कि यूरोपीय संघ की मांग बढ़ने और वैश्विक स्तर पर अनुकूल कीमतों की वजह से इस्पात निर्यात का आंकड़ा अच्छा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके अलावा घरेलू स्तर पर प्रतिस्पर्धी कीमतों ने निर्यात वृद्धि में योगदान दिया है। जनवरी 2023 में इस्पात का निर्यात 6.7 लाख टन रहा था। यूरोपीय संघ (ईयू) की भंडार को भरने की मांग ने जनवरी में कुल निर्यात में 67 प्रतिशत का योगदान दिया है। यह पिछले 18 माह का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। देश में हॉट रोल्ड कॉइल (एचआरसी) की कीमत जहां 54,300 रुपये प्रति टन थी, वहीं वैश्विक स्तर पर यह 710 डॉलर यानी कि लगभग 58,000 रुपये प्रति टन थी। इस कारक ने भी वैश्विक स्तर पर इस्पात की मांग में योगदान दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन में छुट्टियों तथा वियतनाम में त्योहार की वजह से निकट भविष्य में कुल मिलाकर भारतीय इस्पात निर्यात काफी हद तक सीमित दायरे में रह सकता है या इसमें थोड़ी गिरावट आ सकती है।




मेष राशि-आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। आप अपने दिनचर्या में योग और व्यायाम को अपना कर रखें ताकि काफी सारी समस्याओं से मुक्त हो सके। व्यापार में आपको अच्छी सफलता मिलने के योग बनते दिख रहे हैं। आपको लाभ की योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा। आपका कोई काम आज पूरा होते-होते आपके लिए सिरदर्द बन सकता है। संतान की तरक्की में आ रही बाधाएं दूर होंगी।

वृषभ राशि- आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। निजी विषयों में आपकी पूरी रुचि रहेगी। भौतिक वस्तुओं पर आप पूरा फोकस बनाए रखेंगे। व्यापार में सक्रियता रहेगी और करियर को लेकर आप कोई महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। आपके अंदर त्याग और सहयोग की भावना रहेगी।

मिथुन राशि- आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। भाई बंधुओं से आपकी नजदीकियां बढ़ेंगी और आपके मान सम्मान में वृद्धि होने से आप प्रसन्न रहेंगे। परिवार में किसी सदस्य को रिटायरमेंट मिलने से सरप्राइज पार्टी का आयोजन हो सकता है।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप अपनी वाणी और व्यवहार में मधुरता बनाए रखें। लाभ के अवसरों पर आप पूरा ध्यान देंगे। धार्मिक कार्य में आपकी खूब रुचि रहेगी। घर परिवार में लोग आपकी बातों का पूरा मान रखेंगे और आपको किसी संपत्ति संबंधित मामले में जीत मिलती दिख रही है, लेकिन आपको लेनदेन से संबंधित मामलों में सावधान रहने की आवश्यकता है।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्य में आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपको व्यवसाय में मन मुताबिक लाभ मिलेगा। नई योजनाओं से अच्छा लाभ मिलेगा। आपकी नौकरी के प्रयास तेज रहेंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप बिजनेस में कुछ नए उपकरणों को शामिल कर सकते हैं। आपको बिना सोचे समझे किसी योजना में धन लगाने से नुकसान हो सकता है।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए आय और व्यय में बजट बनाकर चलने के लिए रहेगा। आप अपने लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए सावधान रहें और वरिष्ठ सदस्यों का सहयोग और सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए आय और व्यय में बजट बनाकर चलने के लिए रहेगा। आप अपने लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए सावधान रहें और वरिष्ठ सदस्यों का सहयोग और सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। किसी सरकारी योजना का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आपको अपने कामों को लेकर यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी दीर्घकालीन योजनाएं गति पकड़ेगी और आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। शीध्रगामी वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहने की आवश्यकता है। विद्यार्थियों को अपनी परीक्षा की तैयारी में कठिन परिश्रम करना होगा, तभी उसमें कोई सफलता हासिल होती दिख रही है।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए धार्मिक गतिविधियों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। मित्रों के साथ आप किसी मनोरंजन की यात्रा पर जा सकते हैं। आप अपनी अच्छी सोच का कार्यक्षेत्र में लाभ उठाएंगे। आध्यात्मिक कार्य के प्रति आपकी रुचि रहेगी। दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए अपरिचित लोगों से दूरी बनाकर रखने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप समझौते पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। आप बड़ों के प्रति आदर और सम्मान का भाव बनाए रखें। आपको कुछ अजनबी लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है। धर्म कर्म के कार्यों के प्रति आपकी खूब रुचि रहेगी।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आने वाला है। आपको किसी जोखिम भरे काम को करने से बचना होगा और कामकाज के मामलों में दिन अच्छा रहेगा। आपके करीबियों की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। जीवनसाथी का कोई पुराना रोग फिर से उभर सकता है। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलता देख रहा है।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए कला कौशल से एक अच्छी जगह बनाने के लिए रहेगा और आपको व्यवसाय में अच्छे अवसरों पर पूरा ध्यान देना होगा। आप अपनी जिम्मेदारियों को समय से पूरा कर पाएंगे, लेकिन किसी को उधार देने से पहले सोच विचार अवश्य करें। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का बोझ अधिक रहेगा।आपको कुछ विपक्षी लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य में चल रही समस्याओं को आप नजरअंदाज ना करें और आप अपने आवश्यक कामों पर पूरा ध्यान दें। आप कार्यक्षेत्र में अपने सहयोगियों का भरोसा आसानी से जीत पाएंगे।

## शब्दजाल- 7461

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | श | सी | ज | ब | ज | ग | ल | ट |
| रा | ज | ल | प्र | क्ल | ला | व | ना | ज | कां | ड़ |
| य | प | आ | हे | ज | दी | ना | अ | व | प | रू |
| इं | नौ | ब | का | ब | वा | स | त | ल | ट | प |
| प | ना | ह | प्या | र | तो | हो | स | ही | था | त |
| अ | न | क | प | र | स्व | ल | वी | ण | ई | व |
| द | नु | न | न | ट्रे | रू | ङा | र | ज | व | र |
| क | र | कृ | प | क्श | प | का | र | चो | श | ख |
| र | व | त | ति | रा | हो | प | य | अ | रे | अ |
| क | र | ल | प | र्जु | ज | ता | रे | आ | प | द |
| क | ड | क | अ | ध | न | चि | त्र | ब | त | म |

शब्दजाल में 'आकृति' के 10 पर्यायवाची शब्द ढूंढिए.शब्द ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

बनावट, रूप, शक्ल, स्वरूप, आकार, अनुकृति, आरेख, चित्र, तसवीर, नाकनक्श

### शब्दजाल - 7460 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ज | प | रे | दा | आ | ज | ब | न | र | ट |
| दा | रा | अ | न | आ | नो | ग | द | इ | ह | वि |
| अ | व | नू | पू | ग | खा | थ | त | ग | क | ल |
| द् | जा | व | ते | र्व | ज | का | म | न | त | क्ष |
| भु | त | र | दा | री | लं | ग | गो | ग | व | ण |
| त | द | म | नि | य | अ | पू | न | ला | र | नी |
| ती | जं | म | रा | हि | प | नु | श | र | ज | ल |
| क | ल | ग | ला | वि | व | नी | प | ल | न | ण |
| ने | ब | म | बा | फा | चि | त्या | री | म | प | क |
| ज | ग | त | प | ज | ज | त्र | दा | जी | र्य | त |
| वि | शे | ष | त | त | ल | ज | र | वा | त | थ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6405



### ऊपर से नीचे:-

१. जैकीश्रॉफ, रवीना टंडन की फिल्म-२
२. 'तू प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-२
३. 'कागज कलम दवात ला' गीत वाली अमिताभ, गोविंदा, रजनीकांत की फिल्म-२
४. जीतेंद्र, रामेश्वरी, सारिका की फिल्म-३
६. 'हम तो तेरे आशिक हैं' गीत वाली फिल्म-२
८. मिथुन, आयशा जुल्फा की 'थोड़ा इंतजार का मजा' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'ये हसीं वादियां' गीत वाली फिल्म-२
११. राजेश खन्ना, टीना मुनीम की 'जिंदगी प्यार का गीत है, गीत वाली फिल्म-३
१२. 'तिरछी टोपी वाले' गीत वाली फिल्म-३
१३. सुमीत सहगल, शिखा स्वरूप की 'पीछे पीछे आजा मेरी' गीत वाली फिल्म-४
१४. 'गर तुम भुला न दोगे' गीत वाली धर्मेन्द्र शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
१६. 'हवा में क्या है' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'परदेसी तो हैं परदेसी' गीत वाली जीतेंद्र, रणधीर, राकेश रोशन, रेखा की फिल्म-३
२०. देव आनंद, माला सिन्हा की 'कोई सोने के दिलवाला' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'हमारी ही मुट्ठी में' गीत वाली नाना पाटेकर, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-३
२२. अमिताभ, परवीन, आशापारेख कीफिल्म-३
२३. 'क्या मोहब्बत है' गीत वाली फिल्म-४
२४. शशिकपूर, शबाना आजमी की फिल्म-३
२७. 'मेरे ख्वाबों का' गीत वाली जॉन अब्राहम, बिपाशा बसु की फिल्म-२
२८. लक्की अली, गौरी कार्णिक की 'खोया है तूने जो' गीत वाली फिल्म-२

### बायें से दायें:-

१. मनोजकुमार, हेमा की 'बाली उमरिया भजन करू कैसे' गीत वाली फिल्म-३
३. 'दिल तुझपे फिदा' गीत वाली सैफअली खान, काजोल की फिल्म-३
५. संजयदत्त, शरदकपूर, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली कहां' गीत वाली फिल्म-२
७. 'लकड़ी की काठी' गीत वाली नसीरूद्दीनशाह, शबाना की फिल्म-३
९. जीतेंद्र, परवीन बाबी की रविकांत निर्देशित एक एक्शन फिल्म-२
११. 'दीवाना तो कह दिया' गीत वाली विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की फिल्म-२
१३. अजय देवगन, जूही चावला की 'लाल लाल होठों पें' गीत वाली फिल्म-४
१५. बोनीकपूर की फिल्म 'रूप की रानी चोरों का राजा' की नायिका थी-३
१६. अमिताभ, वहीदा, जीनत, परवीन की 'हर गोरी रानी यहां' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'बाबूजी जरा धीरे' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की फिल्म-२
२१. अनिल कपूर, माधुरी की 'तू अपने दिल पे मेरा' गीत वाली फिल्म-४
२३. फिल्म 'कोशिश' में संजीवकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
२४. फिल्म 'दिलजला' में जैकी श्रॉफ के साथ नायिका कौन थी-३
२५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-२
२६. धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की 'जलता है बदन' गीत वाली फिल्म-३,३
२९. फिल्म 'जीवन मृत्यु' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
३०. फिल्म 'पहला पहला प्यार' में ऋषिकपूर, के साथ नायिका थी-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 6404

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | मो | शी | | आ | प | की | क | स | म |
| की | | शा | दी | | ड़ो | | भी | | स्त |
| | आ | | वा | प | स | | ना | | |
| प | ह | चा | न | | न | या | क | द | म |
| रा | | | गी | ता | | | भी | | ड |
| या | रा | ना | | ज | मा | ना | | स | र |
| ध | | य | ति | म | | | रा | नी | |
| न | म | क | | ह | म | रा | ज | | फ |
| | र्या | | | ल | | जे | | | रा |
| अ | दा | ल | त | | इं | द्र | कु | मा | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

26 फरवरी 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.21 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | मेष | 08.51 बजे से |
| मंगल | मकर में | वृष | 10.32 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.30 बजे से |
| गुरु | मेष में | कर्क | 14.43 बजे से |
| शुक्र | मकर में | सिंह | 16.59 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 19.11 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 21.22 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 23.36 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 01.52 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | मकर | 03.58 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 05.44 बजे से |

सोमवार 2024 वर्ष का 57 वां दिन
दिशाशूल पूर्व ऋतु शिशिर।
विक्रम संवत् 2080 शक संवत् 1945
मास फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ)
पक्ष कृष्ण तिथि द्वितीया 23.17 बजे को समाप्त। नक्षत्र उत्तराफाल्गुनी 04.31 बजे प्रातः को समाप्त।
योग धृति 15.27 बजे को समाप्त।
करण तैतिल 09.56 बजे तदनन्तर गर 23.17 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 16.1 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 08° 59'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1871901
जूलियन दिन 2460366.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2550
हिजरी सन् 1445
महीना सावान
तारीख 15

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः प्रेम का बल

एक मां अपने बेटे की शरारतों से बहुत परेशान रहती थी। वह अपने बेटे को समझाने के लिए उस पर बहुत गुस्सा करती थी लेकिन बच्चा कोई बात नहीं समझता था। बच्चे की हरकतों से वह परेशान रहने लगी। एक दिन वह अपने बेटे को लेकर एक फकीर के पास गई। उसने फकीर से कहा, 'मेरा बेटा बहुत शरारतें करता है। यह उपद्रवी है, आप अगर इसे थोड़ा डरा दें तो हो सकता है, यह ठीक हो जाए।' फकीर ने जब यह सुना तो वह खड़ा होकर अपनी आंखें निकालकर इतनी जोर से चिल्लाया कि वह बच्चा तो भय के मारे भाग ही गया, उसकी मां भी घबराकर बेहोश हो गई। थोड़ी देर बाद बच्चा अपनी मां के पास लौटा। तब तक मां को भी होश आ गया था। मां ने होश में आने पर फकीर से कहा, 'आपने तो हद ही कर दी। मैंने आपसे इतना डराने के लिए तो नहीं कहा था।' फकीर ने कहा, 'भय का कोई पैमाना नहीं होता। भय तो भय होता है। जब भय दिखाया जाता है तो पता ही नहीं चलता कि उसे कहां रोका जाए।' मां बोली, 'मैंने तो बच्चे को डराने के लिए कहा था, आपने तो मुझे भी डरा दिया।' फकीर बोला, 'भय जब प्रकट होता है तो ऐसा नहीं हो सकता कि वह एक को डराए, दूसरे को न डराए। तुम्हारी क्या बात करें, मैं तो स्वयं भयभीत हो गया था। देखो, जहां भय है वहां प्रेम पैदा नहीं हो सकता। इसलिए अब कभी भी अपने बच्चे को भयभीत करने की कोशिश न करना। सुधारने का काम डर से नहीं, प्रेम से होता है। प्रेम का बल डर के बल से बहुत अधिक होता है। बच्चे को सही रास्ते पर लाना है तो उसके प्रति स्नेह का व्यवहार करो।' उस दिन के बाद मां ने बच्चे पर कभी गुस्सा नहीं किया। अब वह उसे सभी बातें प्यार से समझाने लगी।

## सूडोकु नवताल- 6714

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6713 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## शब्द पहेली - 7929



### बाएँ से दाएँ

1. दर्द से निकली कराह-2
2. ओट,चिलमन-3
4. जरा,थोड़ा-2
6. कपड़े की दीवार-3
7. निर्माण-3
8. झगड़ा,अनबन-3
9. गहन-3
10. लाज,लज्जा-3
11. रनिवास-3
13. 500 कागजों की गड्डी-2
14. विश्राम,राहत-3
15. थोड़ा-2
16. एक कीमती लकड़ी-3
17. कैनाल,उपनदी-3
18. बूंद-3
19. मृत्युंजय-3
20. मेघ,बदरा-3
21. सम्राट,राजा-3
23. संपत्ति-2
24. विष,गरल-3
25. औषधि-2

### ऊपर से नीचे

1. अग्नि,अनल-2
2. आश्रय,शरण-2
3. लीन,मगन-2
4. कूड़ा-कर्कट-3
5. इंकार-2
6. लेखनी,पेन-3
7. करुणा,दया-3
8. कर्म,भाग्य-3
9. उष्ण-3
10. भद्र,कुलीन-3
11. अवैध,नाजायज-3
12. युद्ध,रण-3
14. आश्रय-3
15. जलजला-3
16. ठंडा-3
17. नमस्कार,प्रणाम-3
18. कद्र,मान-3
19. जो कभी वृद्ध नो हो-3
20. चील,ईगल-2
21. पथ,मार्ग-2
22. इस पर रोटी सेंकते हैं-2

### शब्द पहेली -7928 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | ब | | ह | सी | न | | रा | य |
| न | हा | ना | | मा | र | ना | | म |
| | र | च | ना | | क | पा | स | |
| सा | | ना | का | रा | | क | र | ना |
| व | ध | | म | ह | री | | ल | य |
| न | र | म | | त | स | ला | | क |
| | ती | स | रा | | ना | य | क | |
| रा | | का | य | र | | क | हा | नी |
| ह | त्या | | ता | म | स | | र | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## बीते सप्ताह आपूर्ति में कमी से तेल-तिलहन कीमतों में सुधार हुआ

नई दिल्ली। कम आयात की वजह से आयातित तेलों की आपूर्ति में कमी आने से बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में लगभग सभी तेल-तिलहनों की कीमतों में मजबूती देखी गई। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि आयात घटने के बीच खाद्य तेलों की आपूर्ति प्रभावित होने के कारण सोयाबीन तेल-तिलहन के भाव मजबूत बंद हुए। इसी तर्ज पर सरसों, मूंगफली तेल-तिलहन और बिनौला तेल के भाव भी मजबूत रहे। सोयाबीन की कम आपूर्ति के कारण कच्चे पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन की मांग निकलने से भी सीपीओ और पामोलीन के भाव बीते सप्ताह मजबूत बंद हुए। बीते सप्ताह सोयाबीन की कम आपूर्ति की वजह से पाम पामोलीन की मांग भी बढ़ी है। इस परिस्थिति में सोयाबीन तेल-तिलहन सहित पाम एवं पामोलीन के भाव मजबूत हो गये। सीपीओ का प्रसंस्करण कर उससे पामोलीन बनाने में अधिक लागत बैठती है और कांडला पोर्ट पर पामोलीन, सीपीओ से सस्ता मिल रहा है। बाकी तेलों की तेजी के अनुरूप बिनौला तेल कीमत में भी सुधार आया। पिछले सप्ताहांत के मुकाबले बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 25 रुपये की तेजी के साथ 5,225-5,275 रुपये प्रति क्विंटल पर, सरसों दादरी तेल का भाव 200 रुपये बढ़कर 9,800 रुपये प्रति क्विंटल पर, सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमश= 20-20 रुपये की तेजी के साथ क्रमश= 1,670-1,770 रुपये और 1,670-1,775 रुपये टिन (15 किलो) पर, सोयाबीन दाने और लूज का भाव क्रमश= 35-35 रुपये की तेजी के साथ क्रमश= 4,635-4,665 रुपये प्रति क्विंटल और 4,445-4,485 रुपये प्रति क्विंटल पर, सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम तेल का भाव क्रमश= 425 रुपये, 275 रुपये और 525 रुपये के बढ़त के साथ क्रमश= 10,100 रुपये और 9,700 रुपये और 8,600 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। आयातित खाद्य तेलों की कम आपूर्ति के बीच समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तिलहन के दाम 75 रुपये की तेजी के साथ 6,025-6,300 रुपये क्विंटल पर बंद हुए। मूंगफली गुजरात और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल के भाव भी क्रमश= 200 रुपये और 30 रुपये की तेजी के साथ क्रमश= 14,700 रुपये क्विंटल और 2,195-2,470 रुपये प्रति टिन पर बंद हुए।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 616.1 अरब डॉलर पर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में गिरावट आने से 16 फरवरी को समाप्त सप्ताह में लगातार दूसरे सप्ताह गिरता हुआ 1.13 अरब डॉलर घटकर 616.1 अरब डॉलर रहा गया। वहीं इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.24 अरब डॉलर कम होकर 617.23 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 16 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 74 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 545.8 अरब डॉलर पर आ गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 36.2 करोड़ डॉलर घटकर 47.4 अरब डॉलर रह गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 2.8 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.1 अरब डॉलर रह गया।

## अगले महीने मार्च में 14 दिन बैंकों में अवकाश रहेगा

### - कुछ अवकाश स्थानीय या क्षेत्रीय स्तर के हैं, उन दिनों उससे जुड़े राज्यों या क्षेत्रों में ही बैंक बंद रहेंगे

नई दिल्ली । अगले महीने मार्च में बैंकों में छुट्टियों की भरमार रहेगी। 31 दिनों वाले मार्च महीने में 14 दिन बैंकों में कामकाज नहीं होगा। हालांकि अवकाश वाले दिन भी बैंकों की ऑनलाइन सेवाओं के चालू रहने से बैंक ग्राहकों को कम परेशानियों का सामना करना पेगा। महाशिवरात्रि 8 मार्च, रमजान 12 मार्च, होली 25 मार्च और गुड फ्राइडे 29 मार्च जैसे त्योहार पड़ रहे हैं। इसके अलावा दूसरे व चौथे शनिवार और रविवार को साप्ताहिक अवकाश की वजह से भी बैंकों में कामकाज नहीं होगा। हालांकि पूरे देश के बैंक मार्च में 14 दिन बंद नहीं रहेंगे। आरबीआई द्वारा जारी अवकाश की सूची में कुछ अवकाश राष्ट्रीय स्तर के हैं। उस दिन पूरे देश में बैंक बंद रहेंगे। वहीं कुछ अवकाश स्थानीय या क्षेत्रीय स्तर के हैं। उन दिनों को केवल उससे जुड़े राज्यों या क्षेत्रों में ही बैंक शाखाएं बंद होंगी।

### छुट्टियों की पूरी लिस्ट इस प्रकार हैं-

- 1 मार्च शुक्रवार को मिजोरम में चापचार कुट के अवसर पर बैंक बंद रहेंगे।

- 3 मार्च को रविवार होने की वजह से पूरे देश में बैंक बंद रहेंगे।

- 8 मार्च को महाशिवरात्रि के अवसर पर त्रिपुरा, मिजोरम, तमिलनाडु, सिक्किम, असम, मणिपुर, ईटानगर, राजस्थान, नागालैंड, पश्चिम बंगाल, नई दिल्ली, गोवा, बिहार और मेघालय को छोड़कर पूरे देश में बैंक रहेंगे.

- 9 मार्च को दूसरा शनिवार होने के कारण बैंकों में कामकाज नहीं होगा।

- 10 मार्च को रविवार की वजह से बैंक पूरे देश में बंद रहेंगे।

- 17 मार्च रविवार पूरे भारत में सप्ताहांत अवकाश।

- 22 मार्च शुक्रवार को बिहार दिवस के मौके पर बिहार में बैंकों में छुट्टी रहेगी।

- 23 मार्च को शनिवार की वजह से पूरे देश में छुट्टी रहेगी।

- 24 मार्च को रविवार की वजह से पूरे देश में बैंक अवकाश।

- 25 मार्च को होली (दूसरा दिन) धुलेटी/डोल जात्रा/धुलण्डी के कारण इस दिन कई राज्यों में बैंक बंद रहेंगे।

- 26 मार्च को याओसांग दूसरा दिन/होली को लेकर कई राज्यों में बैंक बंद रहेंगे।

- 27 मार्च को होली के मौके पर बिहार में बैंक बंद रहेंगे।

- 29 मार्च को गुड फ्राइडे के मौके पर त्रिपुरा, असम, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश को छोड़कर पूरे देश में बैंक बंद रहेंगे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शासकीय महाविद्यालय का वार्षिक स्नेह सम्मेलन सम्पन्न





**लांजी ( पद्मेश न्यूज )। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शासकीय महाविद्यालय लांजी के तीन दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन का गरिमायमी आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन देने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। वार्षिक स्नेह सम्मेलन का उद्घाटन जनभागीदारी समिति अध्यक्ष युगेश रामटेककर एवं प्राचार्य रेवाराम सोनवाने सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया। जिसके बाद खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति अध्यक्ष युगेश रामटेककर ने मंच से छात्र छात्राओं को संबोधित किया। साथ ही उन्होंने छात्राओं को आगे भी बेहतर प्रदर्शन करने और महाविद्यालय में सुविधाओं के विस्तार को लेकर काम कराने का आश्वासन दिया।वही 23 फरवरी को महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य प्रो आर आर सोनवाने जी की माताजी का अकस्मात देहांत हो जाने के चलते 23 फरवरी के कार्यक्रम को स्थगित कर समस्त छात्र छात्राओं एवं समस्त स्टॉप के द्वारा मौन धारण किया गया।**

### स्नेह सम्मेलन के दूसरे दिन पहुंचे कोबरा बटालियन के उप कमांडर प्रमोज कुमार आर्य

वार्षिक स्नेह सम्मेलन के दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का दिन रहा, जिसमें महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए कोबरा बटालियन के उप कमांडर प्रमोज कुमार आर्य ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति अडिग रहना चाहिए और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बिना रुके, बिना डरे चलते रहना चाहिए है।

### क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे ने साझा किया अपना महाविद्यालय के दौर का अनुभव

शासकीय महाविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे लांजी क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे ने उपस्थित छात्र छात्राओं से अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि जब मैं कॉलेज में पढ़ता था तब ऐसे ही आयोजन मेरे और मेरे साथियों के द्वारा करवाए जाते थे ऐसा ही उत्साह, ऐसा ही जोश सभी में होता था आज वही मैं आप सब में देख रहा हुं। ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए । विधायक राजकुमार कर्राहे ने महाविद्यालय को बहेतर से बेहतर बनाने की बात कही जिसके लिए अलग से बजट लाया जाएगा। महाविद्यालय में बजट लाकर कैंपस सुरक्षित किया जाएगा।कॉलेज में वाहन, सायकल को रखने के लिए एक स्टैंड का निर्माण किया जाएगा।

### गीत गायन, समूह नृत्य की उत्कृष्ट प्रस्तुतियाँ

वार्षिक स्नेह सम्मेलन से पूर्व कॉलेज परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाली विद्यार्थियो को चुना गया था। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही छात्राओं को पुरस्कृत किया और उन्होंने मंच से लोक संस्कृति आधारित रिकार्डिंग डांस की प्रस्तुति दी। एकल नृत्य से भी छात्राओं ने तालियां बटोरीं तो गीतों की भी प्रस्तुति दी। इसके अलावा मेंहदी, पाक कला, गुब्बारा दौड़, जलेबी दौड़, 100मीटर, 200 मीटर दौड़, जलेबी दौड़, रंगोली, पुष्पसज्जा, कोलाज सहित अन्य प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाली विद्यार्थियो को भी पुरस्कृत किया गया।

### सालभर की गतिविधियों को रखा सामने

स्नेह सम्मेलन के उद्घाटन के दौरान प्राचार्य रेवाराम सोनवाने ने कॉलेज में साल भर आयोजित हुई गतिविधियों को मंच से साझा किया इस दौरान शासकीय महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष युगेश रामटेककर, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष उज्वल श्रीवास्तव, सहित समस्त कॉलेज का स्टॉफ मौजूद था। उक्त कार्यक्रम में सफल संचालन की मुख्य भुमिका महाविद्यालय के वरिष्ठ छात्र आकाश गोस्वामी द्वारा निभाई गयी। जिसके साथ ही उन्होंने एकल गायन में प्रथम स्थान प्राप्त किया । वही स्नेह सम्मेलन के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान महाविद्यालय के वरिष्ठ छात्र-छात्राये रफीक खान, विकाश गोस्वामी, सफीक खान, आरती तरोने, रानी कारे अनमोल बांगरे, भाऊलाल खरे, मनीषा मेश्राम, जेबा मिर्जा, द्वारा दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजकुमार कर्राहे उपस्थित रहे उन्ही के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष लांजी उज्वल श्रीवास्तव जनभागीदारी अध्यक्ष योगेश रामटेककर एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ गौतमा कठाने एवं समस्त स्टॉफ मुख्य रूप से उपस्थित रहा।

# डबल मनी के मास्टरमाईंड हेमराज आमाडारे व राहुल बापुरे को एक और मामले में गिरफ्तार कर लिया पुलिस रिमाण्ड पर



लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी सहित संपूर्ण जिले का बहुचर्चित डबल मनी काण्ड जो कि मुख्य आरोपी सोमेन्द्र कंकरायने, हेमराज आमाडारे, अजय तिड़के, कंकरायेणे परिवार, हेमराज आमाडारे परिवार एवं उसके साथियों के द्वारा लांजी सहित संपूर्ण जिले में प्रारंभ किया गया था इस काण्ड में छोटे से लेकर बड़ा तक हर कोई फंसा है। करोड़ो रूपये इन लोगो ने और इनके हजारो साथियों ने डकार गये। आज भी लोग आस लगाये बैठे है कि हमारा पैसा हमको मिलेगा लेकिन इन डबल मनी के आरोपियों के द्वारा जनता को सिर्फ और सिर्फ ठेंगा दिखाया गया है। डबल मनी के इस काण्ड में आज लांजी क्षेत्र के हजारो युवा बर्बाद हो गये है कोई तो खुद फंसे और कोई रूपयो पैसो की चका चौंध देखकर अपने आप को इस गर्त मे ढकेले है और आज भागते छुपते फिर रहे है क्योंकि डबल मनी के मास्टर माईंड सोमेन्द्र कंकरायने उनके भाई लोग और हेमराज आमाडारे और उनके साथियों ने आज इन सभी लोगों को जो एजेंट बने थे सभी भागने पर मुंह छुपाने पर मजबूर हो गये है। वहीं अब रोजाना हर किसी एजेंट के विरूद्ध अपराध दर्ज हो रहे है। लांजी पुलिस के पास हजारो शिकायत डबल मनी के मास्टर माईंड सहित सैकड़ो एजेंट के विरूद्ध हो चुकी है। जिसको लेकर लांजी पुलिस ने कमर कस ली है और डबल मनी काण्ड में रोजाना किसी ना किसी एजेंट की गिरफ्तारी लगातार हो रही है। लांजी पुलिस के द्वारा डबल मनी के मास्टरमाईंड में से एक हेमराज आमाडारे को लांजी पुलिस ने एक और मामले में गिरफ्तार कर पुलिस रिमाण्ड पर लिया है जिससे लगातार डबल मनी काण्ड को लेकर लगातार पुछताछ जारी है। लांजी पुलिस ने विगत समय में जितने भी अपराध दर्ज किये है उन सभी में आरोपी हेमराज आमाडारे भी है साथ में आमाडारे के साथ उसके साथ कार्य करने वाले भी सभी आरोपी है, आमाडारे के रिश्तेदार मंजु आमाडारे, कुन्दन यादव, कोमिन आमाडारे, धनराज आमाडारे, ललीत वैष्णव, राहुल बापुरे सहित सैकड़ो एजेंटो ने मिलकर डबल मनी का कार्य किया और जनता को फंसाया है इनमें से कुछ लोग तो गिरफ्तार हो चुके है कुछ आज भी फरार है चल रहे है जिन पर लांजी पुलिस की नजर बनी हुई जो कि जल्द पुलिस हिरासत में आ सकते है। दुसरी ओर वर्तमान में जब लांजी पुलिस ने हेमराज आमाडारे और राहुल बापुरे को अपराध क्रमांक 16/23 धारा 420 अनियमित जमा योजना में गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर लिया गया है। आमाडारे और राहुल बापुरे से डबल मनी काण्ड में और भी पुछताछ की जा रही है जिसमें कई और नाम के खुलासे होने की संभावना है जिन पर पुलिस की पैनी नजर है। डबल मनी काण्ड के मास्टर माईंड सोमेन्द्र कंकरायने और उसके भाई जिनमे तामेश मंसुरे, प्रदीप कंकरायने, राकेश मंसुरे, दिनेश कंकरायने, योगेन्द्र कंकरायने, प्रदुम्र कंकरायने, रामप्रसाद मंसुरे, दुर्गेश कबीरे, मोहन उमरे, प्रमोद कबीरे सहित अन्य आरोपी की लंबी फेहरिस्त है इनमे से भी कुछ लोग हिरासत मे है तो वंही सोमेन्द्र सहित उसके भाई पिता एवं रिश्तेदार भी फरार चल रहे है। लंबा समय बीत चुका है लेकिन पुलिस के हाथ इन लोगो तक नही पुंहच पाये है। लेकिन आज या कल इनकी भी गिरफ्तारी सुनिश्चित है जिस प्रकार लांजी पुलिस एक एक करके डबल मनी के आरोपियों को हिरासत मे ले रही है ऐसा प्रतित होता है कि जल्द ही सोमेन्द्र सहित सभी फरार आरोपी लांजी पुलिस की

# खजुराहो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हुई लांजी की बेटी नृत्य गुरु रोमा अधिकारी

लांजी (पद्मेश न्यूज)। यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल खजुराहो में राग बसंत लय पर 1484 कथक नृत्य साधकों के थिरकते कदमों ने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। सीएम मोहन यादव ने 20 फरवरी को नगाड़े बजाकर इसकी शुरुआत की हाथों में दीपक लेकर जब लय ताल और घुंघरू के साथ साधकों के कदम मिले तब भारतीय संस्कृति और परंपरा एक साथ मुस्कुरा उठी। खजुराहो नृत्य महोत्सव के अंतर्गत कला संस्कृति के क्षेत्र में विदिशा की नृत्यू गुरु रोमा अधिकारी अपने नौं छात्रों को लेकर अपनी अहम भूमिका निभाई है। गुरु रोमा अधिकारी ने बताया कि इतनी बड़ी संख्या में एक साथ कभी भी शास्त्री नृत्य का परफॉर्मेंस नहीं हुआ है। पर इस बार मध्य प्रदेश का नाम गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ और गुरु रोमा अधिकारी ने यह भी कहां पिछले 50 सालों से खजुराहो में डांस फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है पर इस बार 50वां नृत्य समारोह में कई राज्यों के नृत्य शिक्षिका और नृत्य साधकों ने बढ़ चढ ?र भाग लिया। साथ ही लांजी शहर के लिए गौरव की बात है कि हमारे शहर की बेटियां नृत्य में प्रस्तुति देकर गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ। बतादे कि लांजी निवासी कथक नृत्यांगना रोमा अधिकारी के द्वारा अनेकों ऐसे नृत्य समारोह में प्रतिभागिता कर लांजी क्षेत्र सहित बालाघाट जिले का नाम रोशन किया है। रोमा अधिकारी की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर शुभकामनाऐं प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की है।




# दिघोरी में अवंती साधना मंच की बैठक संपन्न हुई

लांजी (पद्मेश न्यूज)। अवंती साधना मंच की बैठक ग्राम पंचायत भवन दिघोरी में 25 फरवरी को संपन्न हुई। बैठक अवंती साधना मंच के अध्यक्ष आसाराम कुशले की अध्यक्षता एवं भवन दशरिया मंच उपाध्यक्ष, डॉ अयोध्या प्रसाद बिलावर पोंडी एवं डॉ. टोमेश्वर बापुरे अध्यक्ष लोधी महासभा लाँजी के प्रमुख अतिथ्य में आयोजित हुई। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा वीरांगना रानी अवंती बाई के छायाचित्र का पूजन अर्चन कर बैठक की शुरुआत की। बैठक में विगत वर्ष ग्राम पंचायत दिघोरी के द्वारा ग्राम में एक स्थान चिन्हित कर स्थानीय प्रशासन को मांग पत्र ग्राम सभा द्वारा पारित प्रस्ताव के साथ प्रेषित किया गया था। जिससे प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की शहीद वीरांगना अवंती बाई लोधी रानी की प्रतिमा स्थापित की जा सके। साथ ही 20 मार्च गौरव दिवस के अवसर



पर वीरांगना अवंती बाई लोधी रानी की क्षेत्र में स्थापित प्रत्येक प्रतिमाओं पर मंच द्वारा वाहन रैली के माध्यम से पूजा अर्चन कर माल्यार्पण का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। मंच द्वारा जारी परिवार पंजीयन प्रक्रिया की समीक्षा की गई । ग्राम सिहारी, पोंडी एवं कुम्हारीखुर्द के लिए प्रगणकों की नियुक्ति कर सामग्री वितरित की गई । इस कार्य को प्रारंभ कर चुके प्रगणकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने गणना क्षेत्र में निवासरत समस्त परिवारों की जानकारी पंजीयन प्रपत्र पर अवश्य दर्ज करें। शुल्क नहीं देने वाले परिवार का प्रपत्र क्र. एवं नाम दिए गए रजिस्टर पर अंकित करें। कोई भी स्वजातीय परिवार गणना से न चुके।परिवार पंजीयन का मुख्य उद्देश्य सामाजिक डाटा-संकलन है, जिसके आधार पर मंच द्वारा समाज हित में विविध योजनाएँ क्रियान्वित की जा सके। बैठक में मुख्य रूप से मोतीचंद कलपूरे, डॉक्टर सुभाष उरखेड़े, भुवनेश्वर नागपुरे , भागवत सुलाखे, निशांत दमाहे, सुरेश सुलाखे, मुकुंद लिल्हारे, गोरखनाथ बनोठे, सुरेश मंसूरे, रोहित दशरिया, संजय दमाहे, लखाराम दमाहे, दिनेश सुलाके, सुखदास बनोट, रमेश दमाहे, अंकित दमाहे, दिलीप लिल्हारे, अनिल धनौले, सुखलाल बनोटे, प्रताप दमाहे, अनिल धनवले, रमेश दमाहे, दिलीप लिल्हारे, बीरबल दशरिया, प्रमोद धामने, तोषण मस्करे, विजय दशरिया, पुनाराम पिछोड़े, पवन बिहोने सहित बड़ी संख्या में मंच पदाधिकारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे । बैठक का सफल संचालन कृष्ण कुमार लिल्हारे सचिव अवंती साधना मंच द्वारा किया गया।

# भानेगांव में छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती समारोह एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन का हुआ आयोजन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। प्रगतिशील कुनबी समाज जिला बालाघाट द्वारा 24 फरवरी दिन शनिवार को प्रगतिशील कुनबी समाज मंडल भानेगांव, मंडल लांजी, मंडल किरनापुर, मंडल रजेगांव के संयुक्त नेतृत्व में सामाजिक वरिष्ठबंधु, भगिनी की उपस्थिति में ग्राम भानेगांव में श्रीमंत छत्रपति महाराज जयंती समारोह एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित समाज के संस्थापक सदस्य, वरिष्ठ जन, महिला, पुरुष ,युवा सभी का अविस्मरणीय योगदान प्राप्त हुआ और सबके स्नेह आशीर्वाद से ही यह कार्यक्रम संपादित हुआ। सर्वप्रथम हिंदू राष्ट्र ध्वजवाहक श्रीमंत छत्रपति शिवाजी महाराज जी की छायाचित्र प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया और सभी सामाजिक जनो उन्हें नमन कर उनके विचारों को आत्मसात किया और समाज के वरिष्ठों ने उनकी गाथा उनके शूरवीर उनकी वीरता और उनके विचारों को समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाकर कर उनके आदर्शों पर चलने के लिए आग्रह किया। इस अवसर पर अर्चना रेवेंद्र खोंगल अध्यक्ष जप लांजी, जे एस वाघे, शंकर लाल बढई, येशराम लांगे, रूपचंद रावते, लीलाधर रावते, देवेंद्र खोंगल, बी वाई ठाकरे, दिनेश लांडे, जैनेंद्र बेदर, परमेश्वर कुथे, रेवाज़ी करहटकर, अरविंद कोरे, बेनीराम वाघे,सत्कूलाल जोशी,शकुंतला पारधी,वर्षा बढ़ई,गौरा बाई जोशी, गंगोत्री बुराड़े,ममता बुराडे,छोटीबाई रावते,सुनीता रावते,यशवंत सिलारे,देवेंद्र बढ़ई,सुखदेव पारधी,,श्यामलाल बेदरे,के डी भगड ?र,जीवनलाल कुथे, प्रमोद नखाते, महेंद्र कुथे, चंदू रावते, संध्या रावते, सुषमा ठाकरे ,राजा भुते, हेमंत रावते, काशीराम रावते, प्रकाश रावते,जागेश्वर भगडकर,जागेश्वर रावते,शिव ठाकरे,विभूसंकर बुराडे, मुकेश मानकर, अजीत हाथीमारे, पवन खरखाते, नारायण नाकतोड़े, कौशिक बल्ले, राधेश्याम नखाते, सुरेश नखाते,और सामाजिक महीला पुरुष युवा कार्यक्रम में सभी गणमान्य नागरिक बच्चे उपस्थित थे। समाज का उद्देश्य समाज में एकरूपता समरसता शिक्षा और अन्य विषय पर चिंतन समाज के द्वारा किया गया। आज की वर्तमान परिस्थितियों में जिन कठिनाइयों का सामना समाज के हर परिवार को करना पड़ रहे हैं उन परिवार पर चिंतन किया गया और समाज को एक नई दिशा नई सोच के साथ आगे बढ़ाने के लिए एक मत एक राय से सभी सामाजिक बंधुओ ने अपनी राय रखी और समाज को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने के लिए संकल्प प्रतिबद्धता है। आज जिन परिस्थितियों का ग्रामीण क्षेत्रों में परिवार के द्वारा कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा हैऔर बच्चों को उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर करने के लिए हो चाहे अपने जीवन जीने में जो परेशानियों का सामना कर रहा है इन सब परेशानियों से समाज को मिलकर एक दूसरे का सहयोग करके आगे बढ़ाना है। इसी कार्यक्रम के अन्तर्गत युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें समाज में आज के परिवेश में क्या परेशानी है परिवार को झेलनी पड़ रही है उन समस्याओं के निदान को लेकर चिंतन किया गया और शादी विवाह कार्यक्रम में जो परेशानियां होती है उन परेशानियों को दूर करने के लिए सभी लोग एक साथ एक मंच पर उपस्थित होकर एक दूसरे को सहयोग करें जिससे हमारे बेटे बेटियों को विवाह को लेकर जो कठिनाइयां आती है पारिवारिक समस्या आती है हम उन्हें सरलता से एक दूसरे तक पहुंचे और अपने आचार विचार का दान प्रदान करके अगर आवश्यक हुआ तो परिवार एक दूसरे से मिलकर बातें कर कर अपने बेटे बेटियों के लिए योग्य वर ,वधु के चयन को लेकर स्वयं चिंतन करें और परिवार को आगे बढ़ाएं।




**बेचना है**
बालाघाट में माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त DCA एवं PGDCA की केवल मान्यता (सामान नहीं) बेचना है
कीमत 5 लाख रूपये
इच्छुक लोग संपर्क करें 9981090413

**दुकान किराये से देना है**
संपर्क करें- कैलाश साहू
जे.के.प्रिंटर्स, गौली मोहल्ला
वार्ड नं. 15, बालाघाट, मो.9425140128

**प्लॉट बेचना है**
गोंगलई मे गोंदिया रोड़ से लगा हुआ प.ह.नं. 19 मे रकबा 0.0023 हे. 39म 65X2535 वर्गफीट डायवर्सन युक्त प्लॉट बेचना है।
संपर्क करें 9993754780

**लांजी में ''पद्मेश''**
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

**भानेगांव में ''पद्मेश''**
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

**बोलेगांव में ''पद्मेश''**
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# पुलिस ने फर्राटेदार साईलेंसर निकाले एवं वसूला 2 हजार रूपये जुर्माना

लांजी (पद्मेश न्यूज)। आज कल ध्यान आकर्षित करने के लिये युवा वर्ग मोटर सायकल को मॉडिफाईड करवा रहे है और इसके लिये युवाओं की पहली पसंद रॉयल एनफील्ड और स्पोर्ट्स बाइक्स है। इन दोनो ही बाइक मे जो यूथ को सबसे अधिक आकर्षित करता है वो है इंजन और साइलेंसर, फटे हुये साउंण्ड वाला साइलेंसर इन्हे भले ही भा रहा हो पर लोगो के लिये यह असहनीय है, सुबह हो या आधी रात, तेज कर्कश आवाज में ये ध्वनि प्रदूषण बढा रही है और लोगो को खासी परेशान कर रही है। लांजी नगर में बाइक सवार युवा वाहनों में प्रेशर हॉर्न लगवाकर सड़कों पर फर्राटे से दौड़ा रहे हैं। नगर के व्यस्ततम मार्ग पर तेज रफ्तार से बाइक दौड़ाते और प्रेशर हॉर्न बजाते हुए युवा वर्ग सहज ही देखे जा सकते हैं। हद तो तब हो जाती है कि जब नाबालिग जिनके पैर वाहन से जमीन तक भी नहीं पहुंचते हैं, वे भी तेज रफ्तार से बाइक दौड़ाते निकालते रहते हैं। नगर में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण से बुजुर्ग व बच्चों पर विपरीत असर पड़ता है। नगर में कुछ समय से यह देखा जा रहा है कि कुछ युवकों द्वारा अपने वाहनों पर, बाइक पर तरह-तरह के फर्राटे दार साइलेंसरो का उपयोग किया जा रहा है जिसमें बड़ा पंजाब साइलेंसर, मिनी पंजाब साइलेंसर, इंदौरी साइलेंसर, डॉल्फिन साइलेंसर और बजुका साइलेंसर जैसे कई अन्य प्रकार के फर्राटेदार साइलेंसर का उपयोग किया जा रहा है। जिसको लेकर शिकायतें भी हुई है इन्ही शिकायतों को ध्यान में रखते हुये 24 फरवरी को लांजी पुलिस के द्वारा शाम में रॉयल एनफील्ड वाहन क्रमांक सीजी 08 एई 8445 को अभिरक्षा में लेकर फर्राटे दार साईलेंसर निकाले गये तथा उनसे 2 हजार रूपयें समंस वसुला गया है। साथ ही थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी ने बताया की आगे भी यह कार्यवाही जा रहेगी कोई भी मॉडिफाईड साईलेंसर या प्रेशर हॉर्न लगाता है यातायात नियमों को पालन नही करता था उन पर कार्यवाही की जायेगी।



# शिक्षा विभाग के पोर्टल पर मुरैना के 35 हजार छात्र लापता

## - 325 स्कूल कार्रवाई की जद में

भोपाल। राज्य शिक्षा केंद्र ने कक्षा पहली से 12वीं तक के हर बच्चे की जानकारी एजूकेशन पोर्टल पर दर्ज करना अनिवार्य कर दिया है, इसके बाद भी मुरैना जिले के 35000 छात्र-छात्राएं शिक्षा विभाग के ऑनलाइन रिकॉर्ड से गायब हैं।

यह गलती सरकारी और प्राइवेट स्कूल संचालकों से हुई है, इसीलिए जिला शिक्षा केंद्र (डीपीसी) ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए 325 स्कूलों के हेड मास्टरों को नोटिस जारी किया है, इनमें 208 निजी स्कूल हैं, जिनकी मान्यता पर तलवार लटक गई है। मुरैना जिले में निजी और सरकारी स्तर के प्राइमरी से हायर सेकंडरी तक के 3155 स्कूल हैं। इन स्कूलों के हाजिरी रजिस्टरों में कुल 3 लाख 85 हजार 181 बच्चों के नाम लिखे हैं। इन बच्चों के नाम शिक्षा विभाग के एजूकेशन पोर्टल पर भी होने चाहिएं, लेकिन पोर्टल पर 35000 बच्चों के नाम ही दिख रहे हैं। इनमें कक्षा एक से आठवीं तक के 16000



बच्चे और कक्षा 9 से 12वीं तक के 19000 से अधिक बच्चों के नाम आनलाइन रिकार्ड में नहीं हैं।

यह 35000 बच्चे 325 स्कूलों के हैं। इसलिए राज्य शिक्षा केंद्र ने 325 स्कूलों पर कार्रवाई तय की है, इनमें से 208 स्कूल निजी हैं, जिन्हें मान्यता निरस्त करने के नोटिस जारी किए गए हैं। इनके अलावा 117 स्कूल सरकारी हैं, इनके हेडमास्टर व प्रिंसीपलों को डीपीसी ने कारण बताओ नोटिस दिया है। इसके साथ ही कलेक्टर ने जिलेभर के सीएसी को पत्र जारी कर, इन 35000 ड्रापबाक्स (छूटे हुए) बच्चों के बारे में जानकारी मांगी है। सरकारी स्कूलों में पढने् वाले बच्चों को सरकार द्वारा बजीफा से लेकर साइकलें, स्कूटी, लैपटाप जैसी सुविधाओं के अलावा किताबें तक देती है। इन सभी सुविधाओं के लिए बच्चे का नाम एजूकेशन पोर्टल पर होना जरूरी है। एजूकेशन पोर्टल पर प्रत्येक छात्र-छात्रा के नाम-पते के अलावा उसके परिवार से जुड़ी जानकारी, स्कूल की प्रोफाइल और बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षक के संबंध में कोई जानकारी अपलोड की जाती है। यह काम उसी स्कूल को करना होता है, जहां बच्चे का दाखिला है, इसीलिए 325 स्कूलों पर कार्रवाई तय की जा रही है।

### रोजगार के लिए माता-पिता गए तो बच्चों का भी स्कूल छूटा

स्कूलों से बच्चों की संख्या कम होने का प्रमुख कारण मुरैना जिले में बढ़ती बेरोजगारी और रोजगार के लिए उद्योग व अन्य सुविधाएं नहीं होना है। पहाडगढ़ से लेकर अंबाह-पोरसा क्षेत्र तक एक लाख से ज्यादा लोग ऐसे हैं, जो बेरोजगारी के लिए दिल्ली, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र से लेकर केरला तक पलायन कर चुके हैं। इनमें से हजारों परिवार हैं, जो अपने बच्चों के साथ रोजगार की तलाश में दूसरी जगह चले गए हैं, इस कारण इन बच्चों का स्कूल छूट गया है। शिक्षा विभाग के अफसरों का मानना है, कि पोर्टल पर जो 35 हजार बच्चे लापता है, उनमें से ऐसे बच्चे कितने हैं जो जिले से बाहर चले गए हैं। यह 35 हजार बच्चे शिक्षा विभाग के पोर्टल पर दर्ज नहीं हैं। इनमें से कई बच्चे बाहर पढने् चले गए हैं, तो कईयों बच्चे परिवार के साथ मजदूरी व अन्य कारणों से पलायन करने वाले भी हैं। इस संबंध में 208 निजी स्कूलों को मान्यता निरस्त करने संबंधी नोटिस व 117 सरकारी स्कूलों के प्रभारी को नोटिस दिए गए हैं। शनिवार को ही जिलेभर के सीएसी को सूची दे दी है? वह सर्वे कराकर कारण सहित जानकारी देंगे, इसके लिए सीएसी को सात दिन का समय दिया गया है।

# वन कर्मचारियों पर प्राण घातक हमला करने वालों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए

भोपाल। कटनी वन मंडल के ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र में कार्यरत वन कर्मचारियों के ऊपर गिरफ्तार किए गए वन्य जीव शिकारियों ने सरपंच के साथ मिलकर वन चौकी में ही प्राण घातक हमला कर किया है। जिसमें दो वनरक्षक रोहित कोल एवं प्रदीप तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। लेकिन पुलिस ने वन कर्मचारी की शिकायत के बावजूद भी 24 घंटे निकल जाने के बाद ना तो एफआईआर दर्ज की है और ना ही शिकारियों को गिरफ्तार किया है। मध्य प्रदेश वन कर्मचारी मंच प्रदेश के वन मंत्री को पत्र सौंप कर मांग की है कि घायल वन कर्मचारियों को सुरक्षा एवं सहायता उपलब्ध कराई जाए एवं फरार शिकारियो को तत्काल गिरफ्तार करके उनके विरुद्ध रासुका की कार्रवाई की जाए।

### लगातार हो रहे हमले

मध्य प्रदेश वन कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि प्रदेश की वन कर्मचारियो पर वर्ष 2023 में 18 एवं वर्ष 2024 में पांच प्राण घातक हमले शिकारी एवं वन माफिया द्वारा किए गए, लेकिन सरकार ने अभी तक वन कर्मचारी की सुरक्षा की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। इस कारण वन कर्मचारियों में असुरक्षा का वातावरण निर्मित हो गया है। निहत्थे वन कर्मचारी प्रदेश के 16 वन वृतो में वनों की सुरक्षा जान जोखिम में डालकर कर रहे हैं।

### 19 महीने से माल खाने में जमा हैं हथियार

9 जुलाई 2022 को घटित लटेरी कांड के बाद 22 अगस्त 2022 को वन कर्मचारियों ने घटना के बाद पुलिस द्वारा की गई करवाई के विरोध में अपने सरकारी हथियार वन विभाग के माल खाने में जमा कर दिए गए थे, जो 19 महीने बाद भी वन विभाग के माल खाने में जमा है।

# कलेक्टर बनने में दूसरे राज्यों से पिछड़े मप्र के आईएएस

## कैडर मिस मैनेजमेंट की वजह से नए अफसरों को करना पड़ रहा है इंतजार

भोपाल। आईएएस में चयन होने के बाद इस सेवा के हर अफसर का सपना कलेक्टर बन कर जिले की कमान सम्हालने का होता है। मप्र ऐसा राज्य है, जहां पर नए आईएएस अफसरों को कलेक्टर बनने के लिए अन्य राज्यों की तुलना में कई साल अधिक इंतजार करना पड़ता है। इसकी वजह है प्रदेश में इस कैडर को लेकर जारी मिस मैनेजमेंट है। यही वजह है कि अन्य राज्यों में जहां दो से चार साल पहले नए आईएएस अफसरों को कलेक्टर बनाने का मौका मिल चुका है, जबकि प्रदेश में उनके साथ ही आईएएस बनने वाले अफसर अब भी अपनी बारी का इंतजार करने को मजबूर बने हुए हैं। इसकी वजह से उनके करियर प्रोफाइल पर भी बुरा असर पड़ रहा है।

अगर अन्य राज्यों की बात की जाए तो उड़ीसा, छत्तीसगढ़, राजस्थान, झारखंड जैसे राज्यों की तुलना में मप्र काफी पीछे है। उड़ीसा में 2018, राजस्थान में 2016,और छत्तीसगढ़ में 2017 बैच के आईएएस अफसर कलेक्टर के पद पर पोस्टिंग पा चुके हैं। इन राज्यों की तुलना में मप्र में अभी 2014 बैच के कुछ आईएएस अधिकारियों को ही कलेक्टर बनाने का मौका मिल सका है। इसकी वजह से प्रदेश में अभी 2015 और उसके बाद के बैच के अफसरों को कलेक्टर बनने का इंतजार करना पड़ रहा है। अहम बात यह है कि प्रदेश में लाड़ली बहना का ढिंढोरा पीट जा रहा है, लेकिन 2012 बैच की लाड़ली बहना नेहा मारव्या को अब तक कलेक्टर तक नहीं बनाया गया है। हालांकि इसके पीछे की वजह है उनके द्वारा एक बड़े साहब के खास अफसर के करोड़ों के घोटाले की जांच कर फाइल शासन को भेज दी गई थी। यह बात अलग है कि उस फाइल पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### छह साल में मिलती है




### कलेक्टरी

दो साल के प्रशिक्षण के बाद आईएएस अफसर को एक साल एसडीएम, दो साल जिला पंचायत सीईओ और एक साल एडीएम या नगर निगम कमिश्नर के रूप में पदस्थ किया जाता है। इस छह साल की अवधि के बाद ही आईएएस अफसर को जिले की कमान दी जाती है, लेकिन मप्र में यह अवधि बढ़ती ही जा रही है। अगर बीते सालों पर नजर डालें तो 2010 बैच के अधिकारी 6-6.5 साल बाद 2011, 2012 और 2013 बैच के अफसर 7 साल बाद और 2014 बैच के अफसर आठ साल बाद कलेक्टर के पद पर पदस्थ किए गए थे। इसके बाद 2015 बैच के अफसर 8.5 साल बाद होने के बाद भी कलेक्टर नहीं बनाए गए हैं। इसकी वजह से 2016 और 2017 बैच के अधिकारियों को 9 साल से अधिक समय लगना तय है। दरअसल सामान्यत- किसी आईएएस अधिकारी की 13 साल की सेवा अवधि तक कलेक्टर के पद पर पोस्टिंग की जाती है।

### मनोबल पर पड़ रहा है विपरीत असर

कलेक्टर के पद पर पोस्टिंग में देरी का असर आईएएस अफसरों के मनोबल पर भी पड़ रहा है। एक ही पद पर कई वर्षों तक काम करने की वजह से उनका मनोबल टूट रहा है। दूसरे राज्यों में उनके बैच के अधिकारी कलेक्टर के पद पर पदस्थ हैं और मप्र में आईएएस वर्षों से जिला पंचायत सीईओ, मंत्रालय में उप सचिव, एडीएम जैसे पदों पर पदस्थ हैं।

### तीन बैच में मिले अधिक अफसर

दरअसल प्रदेश को 2012, 2013 और 2014 बैच के तीन सालों में बड़ी संख्या में आईएएस अफसर मिले थे। इसकी वजह रही प्रदेश सरकार द्वारा इन तीन सालों में अधिक अफसरों की मांग की जाना। इसकी वजह से भी कैडर बिगडने् की वजह मानी जा रही है।

### तीन साल पहले तक माना जाता था आदर्श राज्य

दरअसल वर्ष 2020 से पहले आईएएस के कैडर मैनेजमेंट के मामले में मप्र को आदर्श राज्य के रूप में देखा जाता था, लेकिन इसके बाद यहां कैडर मिस मैनेजमेंट का जो काम किया गया, उससे लगातार हालत बिगड़ते चले गए। प्राय- एक बैच के सभी आईएएस अफसरों को कलेक्टर के पद पर एक साथ पदस्थ किया जाता है। मप्र में अब ऐसा नहीं होता है। प्रदेश में एक ही बैच के अफसरों को कलेक्टर अलग-अलग समय पर बनाया जा रहा है। खास बात यह है कि इसमें भी वरिष्ठता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। जो अफसरों के चहेते हैं, उन्हें तो लगातार कलेक्टर बनाया जा रहा है, लेकिन जो अफसर किसी आला अफसर या राजनेता के चहेते नहीं है, उन्हें कलेक्टरी नहीं मिल पा रही है। गौरतलब है कि कलेक्टर की पदस्थापना के लिए जिलों को ए, बी और सी जैसी तीन कैटेगरी में बांटा जाता है। ए कैटेगरी में बड़े जिले, बी कैटेगरी में मध्यम जिले और सी कैटेगरी में छोटे जिले आते हैं। सबसे पहले किसी आईएएस को छोटे जिले में, फिर मध्यम और फिर बड़े जिले में पदस्थ किया जाता है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में मप्र में कलेक्टर की पदस्थापना में इसका भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है।

# ओबीसी आरक्षण मामलों की सुनवाई के लिए नई बेंच गठित करने की मांग

भोपाल। लंबे समय से विचाराधीन अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण संबंधी मामलों की सुनवाई के लिए हाई कोर्ट में नई बेंच गठित किए जाने की मांग की गई है। इस बारे में मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ को एक अभ्यावेदन सौंपा है। अभ्यावेदनओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने द्वारा सौंपा गया है। इसके जरिए मामले को गंभीरता से लेकर अपेक्षाकृत त्वरित सुनवाई के लिए अतिशीघ्र नवीन बेंच की व्यवस्था दिए जाने पर बल दिया गया है। वर्तमान में यह मामला हाई कोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधीश शील नागू की अध्यक्षता वाली युगलपीठ के समक्ष विचाराधीन है। अभ्यावेदन में सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का हवाला दिया गया था। साथ ही यह मामला लंबे समय से लंबित होने की वजह से ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों को होन रहे नुकसान की भी जानकारी दी गई है। महाधिवक्ता कार्यालय द्वारा इस मामले में बार-बार अगली तिथि लिए जाने के रवैये पर भी एतराज जाहिर किया गया है। प्रदेश में 51 प्रतिशत ओबीसी आबादी के साथ न्याय की मंशा से इस दिशा में अविलंब ठोस कदम उठाए जाने की दृष्टि से किसी नतीजे पर पहुंचने की मांग की गई है।




# किसान सम्मेलन के जरिए 1 करोड़ मतदाताओं तक पहुंचेगी भाजपा

भोपाल। मध्य प्रदेश के करीब एक करोड़ किसानों तक पहुंचने के लिए बीजेपी ने लोकसभा इलेक्शन प्लान तैयार किया है। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने के लिए किसान सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह सम्मेलन हर विधानसभा में होंगे। संबंधित विधानसभा के मंत्री, विधायक, वर्तमान सांसद समेत प्रदेश पदाधिकारी इसमें शामिल होंगे।

बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता वंदना त्रिपाठी ने बताया कि इन सम्मेलनों की जिम्मेदारी सिर्फ बीजेपी किसान मोर्चा की नहीं बल्कि सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों को सौंपी गई है। किसानों से संबंधित योजनाओं के साथ किसानों को लेकर बीजेपी के विजन को भी पहुंचाया जाएगा। इसमें कृषि संबंधित तमाम हितग्राहियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। किसानों से संवाद से नई दिशा और नीति भी तैयार होगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी हमेशा चुनावी मोड में काम करती है। किसानों की आय दोगुनी करने के लिए सरकार और संगठन अपने स्तर पर निरंतर प्रयास कर रहा है।

### बीजेपी शासनकाल में 20 हजार किसानों की आत्महत्या- कांग्रेस

कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता स्वदेश शर्मा ने बीजेपी के किसान सम्मेलनों पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी सरकार किसान विरोधी है। यही कारण है कि दिल्ली में किसानों का आंदोलन जारी है। प्रदेश में बीजेपी सरकार के कार्यकाल करीब 20 हजार किसानों ने आत्महत्या की। दोगुनी आय का दावा करने वाली



बीजेपी सरकार में कृषि घाटे का धंधा बन गया है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार किसान हितैषी है तो तत्काल स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू किया जाए। कांग्रेस ने यह भी दावा किया कि लोकसभा चुनावों में किसान बीजेपी को सबक सिखाने का काम करेगा।

# अब जिला सहकारी बैंकों से नहीं बंटेगा कमीशन

भोपाल। प्रदेश में राशन दुकानों से राशन बांटने वाले सेल्समैन व कर्मचारियों को अब जिला सहकारी बैंकों के माध्यम से कमीशन का भुगतान नहीं होगा। राज्य सरकार ने इनके कमीशन भुगतान के लिए ऑनलाईन सिस्टम एनआईसी के माध्यम से लागू किया है। इसका फायदा यह होगा कि राशन वितरण की मानिटरिंग आसान होगी और सेल्समैन के काम की निगरानी भी की जा सकेगी। इसकी शुरुआत उज्जैन, बड़वानी, विदिशा एवं मुरैना जिले से हो गई है। अगले माह से बाकी जिलों की उचित मूल्य दुकानों को भी ऑनलाईन कमीशन भुगतान देने का काम शुरू हो जाएगा।

अपर मुख्य सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति स्मिता भारद्वाज ने उज्जैन जिले की 790 उचित मूल्य दुकानों को राशन वितरण पर ऑनलाईन कमीशन भुगतान व्यवस्था शुरू की। इसके बाद प्रदेश में 27651 उचित मूल्य दुकानों से 5.30 करोड़ पात्र हितग्राहियों को प्रतिमाह राशन बांटने पर यह फायदा मिलने लगेगा। इस व्यवस्था में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनांतर्गत (पीएमजीकेएवाय) नि-शुल्क खाद्यान्न एवं शक्कर, नमक के साथ अन्य योजनाएं- मध्यान्ह भोजन, एकीकृत महिला बाल विकास योजना, कल्याणकारी संस्थाओं (केकेवाय) एवं छात्रावास में खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है।

हर माह स्टेट लेवल पर होगी भुगतान की समीक्षा

राज्य, जिला एवं उचित मूल्य दुकान स्तर पर भुगतान की जाने वाली राशि प्रदर्शित होगी। सभी योजनांतर्गत वितरित खाद्यान्न एवं राशन सामग्री का कमीशन उचित मूल्य दुकानों को एक साथ प्राप्त हो सकेगा। सेल्समैन को कमीशन प्राप्त करने के लिए किसी कार्यालय एवं बिल प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं रहेगी एवं विधिवत रिकार्ड संधारण किया जा सकेगा। प्रतिमाह कमीशन भुगतान की जिला एवं राज्य स्तर पर समीक्षा की जा सकेगी। अब तक जो व्यवस्था थी उसके अनुसार मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन द्वारा उचित मूल्य दुकानों को कमीशन भुगतान सीधे दुकान संचालन करने वाली संस्थाओं न दिया जाकर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के माध्यम से कमीशन भुगतान की व्यवस्था थी। इसमें कमीशन भुगतान में अधिक समय एवं श्रम भी लगता था।

### एनआईसी ने तैयार किया साफ्टवेयर

योजनावार वितरित राशन सामग्री एवं निर्धारित दर अनुसार दुकानवार कमीशन की गणना एनआईसी भोपाल द्वारा की गई है। उचित मूल्य दुकानों को कमीशन भुगतान के लिये एनआईसी भोपाल के माध्यम से नये साफ्टवेयर का निर्माण कराया गया। उचित मूल्य दुकानों को ऑनलाईन कमीशन भुगतान के लिये संस्थाओं के बैंक खाते, आईएफएससी संकलन एवं संस्था का नाम, दुकान का नाम, प्रबंधक, विक्रेता आदि का भी सत्यापन जिला एवं राज्य स्तर पर कराया गया है। इससे संस्थाओं के सही बैंक खाते में कमीशन का भुगतान निर्बाध रूप से हो सकेगा। पीएमजीकेएवाय एवं अन्य कल्याणकारी योजनांतर्गत माह की एक तारीख से माह अंत तक उचित मूल्य दुकान से वितरित राशन सामग्री का डाटा एनआईसी हैदराबाद द्वारा एपीआई के माध्यम से एनआईसी भोपाल को उपलब्ध कराई गई है।

### कमीशन भुगतान के लिए ऐसा होगा तारीख वार काम

पीओएस मशीन से हर माह की एक तारीख से अंतिम तारीख तक वितरित राशन की जानकारी 2 तारीख तक देना होगी और इसकी जिम्मेदारी एनआईसी हैदराबाद द्वारा निभाई जाएगी। कमीशन राशि की गणना करके दी जाने वाली राशि का विवरण जारी करने का काम एनआईसी भोपाल द्वारा किया जाएगा। प्राथमिक स्तर पर दी जाने वाली राशि का परीक्षण कर भुगतान के लिए आगे बढ़ाने का काम दुकान के सेल्समैन द्वारा 5 तारीख तक किया जाएगा। इसके बाद 9 तारीख तक दूसरे स्तर पर जांच का काम प्रबंधक द्वारा किया जाएगा। हर माह की 12 तारीख तक डीएम एमपी एससीएससी द्वारा बिलों को स्वीकृति दी जाएगी। 13 तारीख को डीएम एमपी एससीएससी द्वारा बिलों को भुगतान के लिए जेआईटी को भेजा जाएगा। 14 तारीख को एनआईसी भोपाल द्वारा बैंकों को बिल भुगतान के लिए भेजा जाएगा। 15 तारीख को बैंकों द्वारा भुगतान का काम हर माह किया जाएगा।

# मध्य प्रदेश को जल्द मिलेंगे 543 आयुर्वेद डाक्टर

भोपाल। मध्य प्रदेश को जल्द ही 543 आयुर्वेद डाक्टर मिल जाएंगे। मप्र लोक सेवा अयोग ने साक्षात्कार के उपरांत चयनित डाक्टरों की सूची गुरुवार को जारी कर दी है। अब आयोग द्वारा हाई कोर्ट में केविएट दायर करने की तैयारी है, जिससे कोई अभ्यर्थी या अन्य व्यक्ति हाई कोर्ट में याचिका लगाता है तो आयोग का पक्ष पहले सुना जाए।

आयुष मेडिकल एसोसिएशन के प्रवक्ता डा. राकेश पांडेय ने बताया कि भोपाल, उज्जैन, इंदौर, सतना, रीवा, जबलपुर, ग्वालियर, खंडवा, धार, झाबुआ समेत प्रदेश के लगभग सभी जिलों में नए डाक्टरों को पदस्थ किया जाएगा। इनमें अनारक्षित श्रेणी के 188, अनुसूचित जाति के 110, अनुसूचित जनजाति के 138, अन्य पिछड़ा वर्ग के 97, ईडब्ल्यूएस के 69 समेत 602 डाक्टरों की सूची जारी होनी थी, परंतु 543 डाक्टर ही चयनित हो सके। उल्लेखनीय है कि इसके लिए लिखित परीक्षा 25 सितंबर 2022 को हुई थी। परीक्षा परिणाम आने के बाद इस वर्ष दो जनवरी से 15 फरवरी तक साक्षात्कार हुए थे।

# टाइगर रिजर्व में अब इलेक्ट्रिक वाहनों से होगी सफारी

## - नियमों में किए जाएंगे नए प्रविधान

भोपाल। मध्य प्रदेश के टाइगर रिजर्व में अब इलेक्ट्रिक वाहनों से सफारी कराई जाएगी। जंगल में इलेक्ट्रिक वाहनों को प्राथमिकता देने के लिए वन विभाग नए प्रविधान लागू करने जा रहा है। टाइगर रिजर्व में भ्रमण के लिए निजी आपरेटरों के वाहनों को वन विभाग पंजीकृत करता है। पर्यटक इन वाहनों से ही निर्धारित किराए का भुगतान कर टाइगर रिजर्व में भ्रमण करते हैं। डीजल एवं पेट्रोल से चलने वाले वाहनों से होने वाले प्रदूषण से वनों व वन्यजीवों के बचाने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों का चलन बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। वर्तमान में महज कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में एक इलेक्ट्रिकल सरकारी वाहन है।

दरअसल, वर्तमान में यह व्यवस्था है कि टाइगर रिजर्व में भ्रमण के लिए निजी वाहनों का वन विभाग काफी संख्या में पंजीकरण तो कर लेता है लेकिन उन्हें बारी-बारी से भ्रमण के लिए टाइगर रिजर्व के अंदर जाने की अनुमति मिलती है। किसी-किसी वाहन की तो भ्रमण के लिए दो से तीन दिन बाद बारी आती है। लेकिन वन विभाग बैटरी चलित वाहनों के लिए प्रविधान करने जा रहा है कि जितने भी ऐसे वाहन आएंगे, उन्हें तत्काल वन के अंदर भ्रमण के लिए जाने की अनुमति मिलेगी। उन्हें दो से तीन दिन तक अपनी बारी आने का इंतजार नहीं करना होगा। वर्तमान में भोपाल के राष्ट्रीय उद्यान वनविहार में ही बैटरी चलित इलेक्ट्रिक वाहनों से पर्यटक भ्रमण करते हैं।

# नियुक्ति तृतीय श्रेणी पद पर, सुविधाएं चतुर्थ श्रेणी की

## आयुष विभाग में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ भेदभाव

भोपाल। मप्र आयुष विभाग में अधिकारियों की भर्राशाही और लापरवाही का खामियाजा विभाग की महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। आलम यह है कि नियमानुसार तृतीय श्रेणी के पद पर पदस्थ इन कार्यकर्ताओं को चतुर्थ श्रेणी की सुविधाएं दी जा रही हैं। आयुष कर्मचारी संघ की उपाध्यक्ष लता मंगेश परमार का कहना है कि हम वर्ष 2015 से सघर्ष कर रहे है। उन्हें तृतीय श्रेणी में रखने के लिए गजट में भी स्पष्ट उल्लेख है। उसके बाद भी उनके सम्मान को ठेस पहुंचाई जा रही है।

जानकारी के अनुसार 8 साल से प्रदेश में आयुष विभाग के अधीन फील्ड में पदस्थ एक हजार महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को नैसर्गिक न्याय की प्रतीक्षा है। यह कर्मचारी सभी योग्यताएं पूरी रखते हैं। गजट में भी नोटिफिकेशन किया गया। इसके बाद भी इन्हें तृतीय की बजाय चतुर्थ श्रेणी में रख दिया गया है, जबकि 1980 नियम में इन महिला सेवकों को तृतीय श्रेणी पद पर ही नियुक्त किया गया था। 16 फरवरी 2015 को आयुष विभाग ने इसके लिए राजपत्र का प्रकाशन किया था। गजट नोटिफिकेशन में बाकायदा उल्लेख है कि हायर सेकंडरी परीक्षा उत्तीर्ण स्तर के सभी पद तृतीय श्रेणी में सम्मिलित हैं। उसमें एएनएम, दाई के पद का संवर्ग भी तृतीय श्रेणी में रखा गया है, जबकि संचालनालय के अधीन प्रदेश के औषधालयों में पदस्थ महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को चतुर्थ श्रेणी में रखा गया है।

### नियमों की हो रही अनदेखी

शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा तैयार नियमों का सभी डिपार्टमेट पालन करते है। कर्मियों का आरोप है कि आयुष में जीएडी नियमों की अनदेखी की जा रही है। इससे अनेक आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। आयुष विभाग के अंतर्गत संचालित प्रदेश के 700 औषधालयों में इन कर्मचारियों की पदस्थापना है। तृतीय श्रेणी में आने के लिए इन महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा बाकायदा सभी योग्यताएं पूरी की। विभाग ने गजट में जो नोटिफिकेशन किया है, उसके अनुसार हायर सेकंडरी उत्तीर्ण की। इन्होंने पैरामेडीकल पंजीयन भी कराया। इसके साथ ही एक वर्षीय डिप्लोमा भी किया। उसके बाद भी इन्हें तृतीय की बजाय चतुर्थ श्रेणी कर दिया है।

### आर्थिक क्षति के साथ सम्मान को भी ठेस

महिला कर्मचारियों का कहना है कि यह आर्थिक क्षति के साथ उनके सम्मान को भी बड़ी ठेस है। महिला कर्मचारियों का कहना है कि 1980 के नियम में उनकी तृतीय श्रेणी पद पर ही नियुक्ति की गई थी। फिर हायर सेकडरी परीक्षा पास करना अनिवार्य की। यह आईता भी पूरी की, इसके बाद भी उनके साथ न्याय नहीं हो पाया है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के चौथे कार्यकाल में आयुष राज्यमंत्री रहे रामकिशोर कांवरे ने भी इन कर्मियों को न्याय दिलाने की कोशिश की थी। तब उन्होंने सामान्य प्रशासन विभाग को नोटशीट लिखी थी। इसमें उल्लेख किया गया था कि यह कर्मचारी तृतीय श्रेणी पद पर काम करने की पूरी पात्रता रखाते है। नतीजतन तत्काल इन्हें इस पद पर काम करने का मौका मिलना चाहिए। उसके बाद भी इस विषय में कोई ध्यान नहीं दिया गया है। आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार का कहना है कि यह मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं है। इस संबंध में वह पता करेंगे कि महिला स्वास्थ्य कर्मचारियों को किस नियम के तहत तृतीय श्रेणी में रखा जाना है।

# चीता सफारी शुरू करने पर रोक

श्योपुर । कूनो नेशनल पार्क में प्रस्तावित चीता सफारी निर्माण का काम फिलहाल रुक गया है। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने वन संरक्षण को लेकर एक आदेश में कहा था कि वन भूमि पर चिड़ियाघर खोलने या सफारी शुरू करने के लिए अब उसकी अनुमति लेनी होगी। इसी कारण 26 फरवरी को मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव प्रस्तावित चीता सफारी का भूमिपूजन नहीं करेंगे।

सेसईपुरा आ रहे मुख्यमंत्री अब पूर्व निर्धारित कार्यक्रम चीता मित्रों को साइकिल वितरण और कूनो के पेट्रोल पंप का भूमिपूजन करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव जंगल रिसार्ट में चीता प्रोजेक्ट रिव्यू बैठक लेंगे।

# भारतीय टीम को जीत के लिए चाहिये 152 रन

## इंग्लैंड दूसरी पारी में 145 पर सिमटी, भारत ने दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के बनाये 40 रन

रांची। इंग्लैंड की टीम भारत के खिलाफ चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में अपनी दूसरी पारी में 145 रनों पर ही आउट हो गयी। मेहमान टीम के पास पहली पारी के आधार पर 46 रनों की बढ़त थी। इस प्रकार भारतीय टीम को जीत के लिए 192 रनों का लक्ष्य मिला है। इसका पीछा करते हुए भारतीय टीम ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय तक अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 40 रन बना लिए थे। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा 24 जबकि यशस्वी जायसवाल 16 रन बनाकर खेल रहे थे।

भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 307 जबकि इंग्लैंड ने 353 रन बनाये थे। चौथे टेस्ट के तीसरे दिन भारत ने सात विकेट पर 219 रनों से आगे खेलते हुए ध्रुव जुरेल के 90 रनों की सहायता से 307 तक बनाये। ध्रव ने 149 गेंदों पर 6 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 90 रन पर बनाये। इंग्लैंड की ओर से शोएब बशीर ने सबसे अधिक पांच विकेट लिए।

इंग्लैंड की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसके बल्लेबाज भारतीय स्पिनरों रविचंद्रन अश्विन और कुलदीप यादव के सामने टिक नहीं पाये। अश्विन ने 5 जबकि कुलदीप ने 4 विकेट लिए।



वहीं इससे पहले जुरेल की शानदार अर्धशतकीय पारी 90 रनों की सहायता से भारतीय टीम ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में अपनी पहली पारी में 307 रन बनाये। भारतीय टीम ने दूसरे दिन के सात विकेट पर 219 रनों से आगे खेलते हुए जुरेल की शानदार पारी की सहायता से चौथे दिन अपनी पारी में 307 रनों का अच्छा स्कोर बनाया। ध्रुव ने 149 गेंदों पर 6 चौकों और 4 छक्कों की सहायता से 90 रन बनाये। इससे पहले इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 353 रन बनाये थे। इस प्रकार पहली पारी के आधार पर इंग्लैंड टीम को 46 रनों की बढ़त मिली है। मेहमान टीम की ओर से शोएब बशीर ने सबसे अधिक पांच विकेट लिए। भारतीय टीम की इस मैच में शुरुआत अच्छी नहीं रही और सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा 2 रन बनाकर ही आउट हो गये। वहीं सरफराज खान 14 रन ही बना पाये। इसके बाद यशस्वी जायसवाल ने अर्धशतक लगाकर टीम को संभाला पर मेहमान टीम के बशीर ने चार विकेट लेकर एक बार फिर भारतीय टीम को करार झटका दिया। भारतीय टीम मध्यक्रम के विफल होने से उम्मीद के अनुसार स्कोर नहीं बना पायी। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक भारतीय टीम ने 7 विकेट पर 219 रन बना लिए। तब ध्रुव 30 और कुलदीप यादव 17 रनों पर खेल रहे थे। वहीं इससे पहले इंग्लैंड टीम की भी पहली पारी में शुरूआत अच्छी नहीं रही थी। अच्छी नहीं थी। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज आकाशदीप ने शुरूआत में ही तीन विकेट लेकर मेहमान टीम को संकट में डाल दिया था पर इसके बाद अनुभवी जो रुट ने टीम को संभाला और एक अच्छे स्कोर तक पहुंचाया। रूट ने 274 गेंदों पर 10 चौकों की मदद से 122रन बनाए। उन्हें जॉनी बेयरस्टो 38, जैक क्राउले 42, बेन फोक्स 47 का भी साथ मिला। अंत में ओली रॉबिन्सन ने तेजी से 58 रन बनाए और अपनी टीम को 353 रन तक पहुंचाया। भारतीय टीम की ओर से मोहम्मद सिराज ने 2 जबकि आकाश दीप ने 19 ओवरों में 83 रन देकर तीन विकेट लिए। वहीं रवींद्र जडेजा ने केवल महज 67 रन देकर 4 विकेट लिए। अश्विन को भी एक विकेट मिला।

## यशस्वी 600 रन बनाने वाले खिलाड़ियों के क्लब में शामिल हुए



रांची। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम दर्ज की है। यशस्वी ने अपनी इस पारी के साथ ही सीरीज में 600 रन पूरे किये। इस प्रकार वह ये आंकड़ा हासिल करने वाले पांचवें भारतीय बल्लेबाज हैं। यशस्वी ने अपनी सातवीं पारी के दौरान यह उपलब्धि अपने नाम की है। उन्होंने शोएब बशीर की गेंद पर एक रन लेकर नाबाद 55 रन बनाने के साथ ही अपने 600 रन पूरे किये।

यशस्वी ने इस सीरीज के दूसरे और तीसरे टेस्ट में दो दोहरे शतक लगाये हैं। इस प्रकार इस खिलाड़ी ने एक टेस्ट सीरीज में 600 से ज्यादा रन बनाने के एक विशेष क्लब में नाम दर्ज कराया है। इस क्लब में पहले से ही पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर, विराट कोहली, राहुल द्रविड़ और दिलीप सरदेसाई जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

गावस्कर, कोहली और द्रविड़ ने अपने करियर में एक टेस्ट सीरीज में दो बार 600 से ज्यादा रन बनाए थे। वहीं सरदेसाई ने यह उपलब्धि 1970-71 में वेस्टइंडीज में हुई सीरीज में ये उपलब्धि हासिल की थी। वहीं गावस्कर ने 1970-71 की इस सीरीज में ही चार शतक और तीन अर्धशतकों से 774 रन है। गावस्कर ही एकमात्र भारतीय बल्लेबाज हैं जिन्होंने एक टेस्ट सीरीज में दो अवसरों पर 700 से ज्यादा रन बनाये हैं।

## ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को तीसरे टी20 में भी हराकर 3-0 से क्लीन स्वीप किया

ऑकलैंड । ऑस्ट्रेलिया ने वर्षा बाधित तीसरे टी20 क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को डकवर्थ लुईस नियम के तहत 27 रनों सेहराकर 3-0 से सीरीज अपने नाम की है। अपना 100 वां टी20 अंतरराष्ट्रीय खेल रहे कीवी टीम के कप्तान मिचेल सेंटनर ने टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलियाई टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। ऑस्ट्रेलियाई टीम की बल्लेबाजी के बीच में तीन बार बारिश के कारण बाधा आई। टीम ने किसी प्राकर 10.4 ओवर में चार विकेट पर 118 रन बनाये। इसके बाद डकवर्थ-लुईस नियम के तहत ही न्यूजीलैंड को 10 ओवर में जीत के लिए 126 रनों का संशोधित लक्ष्य दिया गया था पर उसका पीछा करते हुए मेजबान कीवी टीम 3 विकेट पर 98 रन ही बना पायी। ।



ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्पेंसर जॉनसन ने अपने दो ओवरों में 10 रन देकर एक विकेट लिया। वहीं नाथन एलिस ने अपने दो ओवरों में केवल 11 रन दिए, मिशेल स्टार्क ने केवल 15 और एडम जम्पा ने 20 रन देकर एक विकेट लिया। एलिस ने पांचवें ओवर में न्यूजीलैंड के आक्रामक बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स को रन नहीं बनाने दिया। टीम को अंत में 30 गेंदों पर जीत के लिए 75 रनों की जरूरत थी जो उसके लिए संभव नहीं रहा। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने अच्छी लाइन और लेंथ से गेंदबाजी करते हुए कीवी टीम पर अंकुश लगाये रखा। इस का कारण था कि कीवी टीम को जीत के लिए अंतिम ओवर में 43 रनों का असंभव सा लक्ष्य मिला। आखिरी ओवर में गेंदबाजी मैट शॉर्ट ने की। इस ओवर की पहली गेंद पर छक्का लगा पर अगली तीन गेंदें सिंगल थीं, पांचवीं गेंदों पर दो रन के लिए और अंतिम गेंद पर चौका लगा।

## वेटरन प्रीमियर लीग : लेवी की आक्रामक बल्लेबाजी से रेड कार्पेट दिल्ली जीती

### छत्तीसगढ़ वॉरियरर्स को 22 रनों से हराया

ग्रेटर नोएडा। रिचर्ड लेवी के आक्रामक शतक की सहायता से इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग (आईवीपीएल) में रेड कार्पेट दिल्ली ने छत्तीसगढ़ वॉरियरर्स को 22 रन से हरा दिया। इस मुकाबले के दौरान दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज लेवी ने शतक लगाकर टीम को 255 रनों तक पहुंचाया। वहीं अंत में थिसारा परेरा ने आक्रामक पारी खेलकर स्कोर बढ़ाया। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए छत्तीसगढ़ की ओर से नमन ओझा और सौरभ तिवारी ने टीम का स्कोर 233 तक पहुंचाया पर ये दोनो टीम को जीत नहीं दिला पाये। इस मुकाबले में छत्तीसगढ़ वॉरियर्स को अंतिम दो ओवर में जीत के लिए 45 रन चाहिए थे पर पूरी टीम 22 रन ही बना सकी और 233 रन बनाकर ऑलआउट होने के कारण 22 रन से हार गयी। रेड कार्पेट दिल्ली की ओर से समीउल्लाह बेग ने 4 विकेट जबकि बिपुल शर्मा ने तीन विकेट लिए। इससे पहले छत्तीसगढ़ के कप्तान मुनफ पटेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। दिल्ली की शुरुआत अच्छी रही। कप्तान हर्शेल गिब्स ने 30 रन बनाकर स्कोर 72 तक पहुंचा दिया। इसके बाद रिचर्ड लेवी ने अगले आठ ओवर में स्कोर 190 पर पहुंचा दिया। लेवी ने 52 गेंदों पर 6 चौके और 15 छक्कों की मदद से 133 रन बनाए। अंत में परेरा ने 14 गेंदों में 38 रन बनाकर टीम का स्कोर 250 पार पहुंचा दिया। 256 रन के लक्ष्य का पीछा करने करते हुए उतरी छत्तीसगढ़ वॉरियर्स के बल्लेबाज जतिन सक्सेना खाता भी नहीं खोल पाये। इसके बाद नमन ने 100 के ऊपर पहुंचाया। सौरभ तिवारी ने तेजी से बल्लेबाज की पर उनके आउट होने के बाद टीम ढ़ह गयी।

## गावस्कर के बयान पर बोले रुट, स्कूप शॉट सही विकल्प नहीं था

रांची। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में शानदार शतक लगाने वाले इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रुट की जमकर प्रशंसा की है पर कहा था कि उनको स्कूप शॉट खेलकर अपना शतक पूरा करना था। शुरुआती तीन मैचों में खराब प्रदर्शन के बाद रुट ने भारतीय टीम के खिलाफ चौथे टेस्ट की पहली पारी में 122 रन बनाये।

वहीं रूट ने गावस्कर के बयान का जवाब देते हुए कहा कि मेरे दिमाग में भी रिवर्स स्कूप खेलने की बात आई थी पर मेरे लिए यह एक अच्छा विकल्प नहीं था क्योंकि पारी में इसी कारण मुझे अपना विकेट खोना पड़ा था। इस बार में टीम के लिए कुछ रन बनाना चाहता था और ऐसा करके मुझे खुश हुई है।

## पीएसएल में दर्शकों पर भड़के बाबर आजम

लाहौर। पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2024 में अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम विवादों में फंस गये हैं। आजम यहां अपनी दर्शकों पर भड़क गये। इसका कारण ये था कि दर्शकों ने उन्हें जिमबाबर कहकर ताना माना इससे बाबर गुस्से में आ गये और वह हाथ में बोतल लेकर दर्शकों को

धमकी देने लगे। उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हुआ है। इस मैच में पेशावर जाल्मी और मुल्तान सुल्तांस की टीमें आमने-सामने थीं। वहीं बाबर अपनी टीम के प्रबंधकों, कोचों के साथ कुर्सी पर बैठे दिखे। इस दौरान दर्शक बाबर पर ताना कसने लगे।

## विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला खेल सकती है पाकिस्तान

कराची। पाकिस्तान जून 2024 में होने वाले विश्व कप की तैयारी के सिलसिले में न्यूजीलैंड के खिलाफ अप्रैल में पांच मैचों की टी20 श्रृंखला खेल सकती है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अधिकारी ने पुष्टि कर बताया कि न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ इस श्रृंखला की तिथियों और स्थान को लेकर चर्चा चल रही है। इस श्रृंखला का आयोजन 13 से 24 अप्रैल के बीच लाहौर और रावलपिंडी में हो सकता है, क्योंकि इसी दौरान पाकिस्तान कराची में वेस्टइंडीज की महिला टीम की मेजबानी करेगा।

पाकिस्तान ने पिछले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 मैच की टी20 श्रृंखला खेली थी। न्यूजीलैंड ने श्रृंखला में 4-1 से जीत दर्ज की थी। दरअसल टी20 विश्व कप का आयोजन इस साल जून में



अमेरिका और वेस्टइंडीज में होगा। वहीं, पीसीबी के नवनियुक्त अध्यक्ष मोहसिन नकवी अमेरिका और वेस्टइंडीज में इस साल जून में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले राष्ट्रीय टीम के लिए विदेशी कोच और सहयोगी स्टाफ रखने पर विचार कर रहे हैं। पीसीबी के सूत्रों ने कहा कि बोर्ड के नए अध्यक्ष नकवी पाकिस्तान के कोचिंग स्टाफ के लिए उपलब्ध विकल्पों पर विचार कर रहे हैं तथा वह विदेशी कोच और सहयोगी स्टाफ रखने के इच्छुक हैं।

उन्होंने कहा कि नकवी पहले ही चयन समिति के अध्यक्ष वहाब रियाज को उपलब्ध विकल्पों से बातचीत करने के लिए कह चुके हैं क्योंकि वह जानते हैं कि वनडे विश्व कप में असफलता के बाद जिस तरह से मिकी आर्थर, ग्रांट ब्रैडबर्न और एंड्रयू पुटिक को बाहर किया गया यह देखकर विदेशी कोच पाकिस्तान की टीम से जुड़ने से कतरा सकते हैं। अनुभवी प्रशासक नकवी को इस महीने की शुरुआत में तीन साल के कार्यकाल के लिए पीसीबी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

## सरफराज के नक्शेकदम चल रहे उनके छोटे भाई मुनीर, लगा रहे शतक

नई दिल्ली। सरफराज के छोटे भाई मुनीर भी उनके नक्शेकदम चल रहे हैं। वह भी दनादन शतक लगा रहे हैं। बता दें कि भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ इस वक्त टेस्ट सीरीज में खेल रही है। 5 मैचों की इस सीरीज में लंबे समय से रणजी ट्रॉफी में रनों का अंबार लगाने वाले बल्लेबाज सरफराज खान को डेब्यू करने का मौका मिला। राजकोट में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में उन्होंने अपना पहला मैच खेलते हुए धमाकेदार शुरुआत की और दोनों ही पारियों में अर्धशतक जमाया। सरफराज के छोटे भाई भी उनकी राह पर चल रहे हैं और दना दन शतक लगा रहे हैं। हैदराबाद में मैच गंवाने के बाद विशाखापत्तनम और फिर राजकोट टेस्ट को अपने नाम किया। 0-1 से पीछे होने के बाद दो जीत दर्ज कर टीम इंडिया ने 2-1 की बढ़त बनाई। तीसरे मुकाबले में घरेलू क्रिकेट में शतक पर शतक जमाकर रनों का अंबार लगाने वाले सरफराज खान को डेब्यू करने का मौका मिला। अब उनके छोटे भाई ने मुंबई की टीम के लिए जलवा बिखेरा है।



जहां राजकोट टेस्ट मैच में सरफराज खान ने धमाकेदार डेब्यू किया और सबकी वाहवाही लूटी। वहीं उनका छोटा भाई मुशीर खान का बल्ला भी जमकर हल्ला मचा रहा है। साउथ अफ्रीका में खेले गए अंडर 19 विश्व कप में दमदार पारी खेलते हुए दो शतक जमाने के बाद अब वह घरेलू क्रिकेट में भी सैंकड़ा जमाया है। रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में बड़ौदा के खिलाफ मुश्किल में मुंबई के लिए मुशीर ने सेंचुरी ठोकी। इसके अलावा मुंबई की टीम के 142 रन के स्कोर पर ही 5 विकेट गिर चुके थे और यहां से मुशीर खान ने टीम को 250 रन के पार पहुंचाया। कप्तान अजिंक्य रहाणे महज 3 रन ही बनाकर अपना विकेट गंवा बैठे। जब ?कि मुशीर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 179 बॉल का सामना करते हुए 6 चौके की मदद से शतक जड़ा।

## अश्विन ने कुंबले का एक रिकार्ड तोड़ा

रांची। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में पांच विकेट लेने के दौरान एक अहम उपलब्धि हासिल की है। अश्विन अब घरेलू मैदान पर टेस्ट क्रिकेट में भारत की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गये हैं। अश्विन ने घरेलू मैदान पर अपने 59वें टेस्ट में 351वां विकेट लेकर दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले को पीछे छोड़ दिया है। कुंबले के नाम 350 विकेट का रिकार्ड है। अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के तीसरे दिन लंच के बाद के ही ये अहम रिकार्ड अपने नाम किया। अब अश्विन घरेलू मैदान पर 350 या उससे अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन, इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन, स्टुअर्ट ब्रॉड और भारत कुंबले के बाद 5वें गेंदबाज बने हैं। अश्विन ने बेन डकेट का विकेट लेने के साथ ही कुंबले की बराबरी की, इसके बाद उन्होंने ओली पोप को खाता खोले बिना ही पेवेलियन भेजकर कुंबले को पीछे छोड़ दिया। घरेलू मैदान पर 350 या अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों में मुरलीधरन के नाम 493, एंडरसन के नाम 434, ब्रॉड के नाम 398 विकेट और अश्विन के नाम 351 विकेट जबकि कुंबले के नाम 350 विकेट हैं।

## रांची पिच को रैंक टर्नर नहीं मानते म्हाम्ब्रे

रांची। भारतीय क्रिकेट टीम के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे के अनुसार उन्हें अंदाजा था कि रांची का विकेट धीमा होगा पर दूसरे ही दिन से ऐसा होगा ये उन्होंने सोचा नहीं था। म्हाम्ब्रे ने कहा कि इसे रैंक टर्नर पिच नहीं कहा जा सकता है। रैंक टर्नर उस पिच को कहा जाता है जिसमें गेंद ज्यादा टर्न होती है। भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे दिन स्टंप तक 7 विकेट पर 219 रन बनाये। वहीं मेजबान टीम इंग्लैंड के ऑफ स्पिनर शोएब बशीर ने 84 रन देकर 4 विकेट लिए।



म्हाम्ब्रे ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा कि यहां पर हमने पहले जो मैच खेले हैं, उन्हें देखते हुए जैसे जैसे खेल आगे बढ़ता है, ये विकेट धीमा होता जाता है। उन्होंने कहा कि इसकी प्रकृति के हिसाब से ही यह धीमा होता है। हमें इसकी उम्मीद थी पर हमने ये नहीं सोचा था कि यह दूसरे दिन से ही इतना धीमा हो जाएगा। इस तरह की पिच से अलग तरह के उछाल की उम्मीद नहीं थी। म्हाम्ब्रे ने कहा कि मैं अभी इसे 'रैंक टर्नर नहीं कहूंगा क्योंकि उछाल नीचा है जिससे बल्लेबाजी करना कठिन होता है। मुझे नहीं लगता कि इसपर गेंद इतनी ज्यादा गेंद तेजी से स्पिन हुई थीं या इसे खेलना असंभव था। साथ ही कहा कि तैयार करना स्थानीय संघ के ही अधिकार क्षेत्र में आता है और इसमें टीम प्रबंधन का कोई नियंत्रण नहीं होता। हमने यहां टर्निंग पिच बनाने की भी कोई मांग नहीं की थी।

## विराट कोहली तोड़ सकते हैं सचिन के टेस्ट शतक का रिकॉर्ड

नई दिल्ली। मॉर्डन डे क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर ने टेस्ट में सबसे ज्यादा 51 शतक बनाए हैं। अब इनका रिकॉर्ड तोड़ने के लिए विराट को दावेदार बताया जा रहा है। हालांकि विराट को भी तीन अन्य दिग्गज चुनौती दे रहे हैं। फैब-4 यानी विराट कोहली के अलावा स्टीव स्मिथ, जो रूट और केन विलियमसन का नाम आता है। वैसे वनडे में शतकों का रिकॉर्ड विराट कोहली (50 शतक) अपने नाम कर चुके हैं। ऐसे में उम्मीद की जा रही थी कि टेस्ट में भी वह इस कीर्तिमान को अपने नाम कर लेंगे। लेकिन क्रिकेट के इस फॉर्मेट में कहानी अलग दिख रही है। विराट कोहली को यहां मॉर्डन क्रिकेट के तीन दिग्गजों से कड़ी टक्कर मिल रही है। हाल ही में रांची टेस्ट में शतक के साथ जो रूट ने अपना 31वां टेस्ट शतक पूरा किया और इस जंग को और दिलचस्प बना दिया है।

जानकारी के अनुसार टेस्ट क्रिकेट में कोहली के नाम जहां अभी 29 शतक हैं। वहीं, स्टीव



स्मिथ (34 शतक), जो रूट (33 शतक) और केन विलियमसन (32 शतक) उनसे आगे चल रहे हैं। साथ ही उम्र के मामले में ये तीनों क्रिकेटर उनसे बाजी मार रहे हैं। कोहली जहां 35 साल के हैं। वहीं, विलियमसन (33 साल), जो रूट (33 साल) और स्टीव स्मिथ (34 साल) के हैं। उम्र क्रिकेटर कितनी साल क्रिकेट खेलेगा उसको काफी हद तक करती है। उस लिहाज से कोहली को इन तीनों से कड़ी टक्कर मिल रही है और आगे भी मिलते रहने की संभावना है। आंकड़ों पर निगाह डालें तो शतकों के लिहाज से विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट में खास नहीं कर पाए हैं। उनके नाम पिछले 29 टेस्ट में केवल दो शतक ही लगाए हैं। जिसमें उन्होंने एक पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ (121) 20 जुलाई 2023 को और दूसरा 9 मार्च 2023 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद में लगाया था।

क्रिकेट के जानकार बता रहे हैं कि अगर कोहली को इस रेस में आगे निकलना है तो अपने शतकों की रफ्तार में इजाफा करना होगा। अन्य तीन बल्लेबाजों की बात करें तो ये तीनों ही आज कल कमाल की फॉर्म में चल रहे हैं। विलियमसन ने हालिया बांग्लादेश के खिलाफ लगातार दो टेस्ट में तीन शतक ठोक दिए। स्टीव स्मिथ ने भी बीते साल 3 शतक लगाए थे और इस साल 91 रन पर नाबाद रह चुके हैं। ऐसे में वह लगातार क्रिकेट के मैदान में आगे बढ़ रहे हैं।

## भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में लगे सबसे ज्यादा छक्के

### यशस्वी ने सहवाग को पीछे छोड़ा

रांची। भारत और इंग्लैंड के बीच जारी टेस्ट सीरीज में जमकर चौके छक्के लग रहे हैं। इस सीरीज में अब तक काफी रन बने हैं पर इसके साथ ही गेंदबाजों को भी काफी विकेट मिले हैं। पांच टेस्ट मैचों की इस सीरीज में अब तक 75 छक्के लगे हैं और ये एक नया विश्व रिकार्ड है। अब तक किसी टेस्ट सीरीज में इतने छक्के नहीं लगे हैं।

इससे पहले का रिकार्ड गत वर्ष एशेज सीरीज 2023 में बना था। तब 74 छक्के लगे थे पर अब ये रिकॉर्ड टूट गया है। वहीं साल 2013-14 में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज में 65 छक्के लगे थे जबकि साल 2019 में भारत और अफ्रीका टेस्ट सीरीज में बल्लेबाजों ने 65 लगे लगे थे। वहीं साल 2014 में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेली गई टेस्ट सीरीज में 59 छक्के लगे थे। इस सीरीज में भारतीय टीम के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने दो दोहरे शतक भी लगाये हैं। यशस्वी इस सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

भारतीय टीम की ओर से यशस्वी ने इस दौरान सात 7 पारियों में 23 छक्के लगाये हैं। यशस्वी ने अब तक इस सीरीज में 618 बनाये हैं और उनका औसत 103 का है। यशस्वी ने इस दौरान वीरेंद्र सहवाग के 16 साल पुराने रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। यशस्वी अब टेस्ट क्रिकेट में एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड सहवाग के नाम था जिन्होंने 2008 में भारत की ओर से टेस्ट में एक कलैंडर ईयर में 22 छक्के लगाए थे। यशस्वी ने 600 से अधिक रन बनाने के साथ ही भारत की ओर से किसी एक टेस्ट सीरीज में सबसे अधिक रन बनाने वाले बाएं हाथ के पहले भारतीय बल्लेबाज भी बने हैं।

# नगर के प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी मन की बात कार्यक्रम के 110 वें संस्करण को रेडियो के माध्यम से देशवासियों से संवाद किया। इस कार्यक्रम को बालाघाट जिले के प्रत्येक बूथ पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आमजनमानस के साथ में भव्य रूप प्रदान किया गया, जिस अवसर पर भाजपा जि़लाध्यक्ष रामकिशोर कावरे बूथ क्र.238 में,पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन ने बूथ क्र.187 जिला भाजपा कार्यालय में,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा बिसेन 192 में ,पूर्व भाजपा जि़लाध्यक्ष रमेश रंगलानी 180 में,सत्यनारायण अग्रवाल बूथ क्र.233 में,महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लता एलकर बूथ क्र.190 में,लोकसभा विस्तारक दीपकजी बूथ क्र 200 में ,नपा अध्यक्ष भारती ठाकुर ने बूथ क्र 189 में पूर्व नपा अध्यक्ष अनिल धुवारे ने बूथ क्र 228 में सहित सभी बूथों में प्रमुख नेता व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में मन की बात सुनी गई साथ ही बालाघाट जिले के जनप्रतिनिधियों और भाजपा पदाधिकारियों ने जिले भर के मंडल कार्यालयों, बूथों और मतदान केंद्रों पर भी कार्यकर्ताओं एवं वार्डवासियों,ग्रामवासियों के साथ प्रधानमंत्री की मन की बात को बड़ी ध्यान से सुना । मन की बात इस



कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने भारतीय परंपरा और संस्कृति का उल्लेख करते हुए स्वच्छता अभियान जैसे सामाजिक विषयों पर देशवासियों को मार्गदर्शन दिया । मन की बात के 110 वें संस्करण में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा की यह कार्यक्रम 3 अक्टूबर 2014 को विजयादशमी पर्व के दिन प्रारंभ हुआ तो आप सभी के आशीर्वाद के साथ यात्रा करते हुए अपने 110 वे भाग को पूर्ण कर रहा है ।वहीं आने वाला 111 वाँ संस्करण शुभ अंक के साथ शुभ घड़ी में अनेक सौग़ातों के साथ आगामी समय में होगा ।

### लोगों के जीवन में बदलाव का माध्यम बने प्रधानमंत्री - रामकिशोर

बालाघाट नगर सहित जिले के सभी बूथों में आयोजित मन की बात के 110 वे संस्करण को सुनने के बाद भाजपा जि़लाध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने कहा की प्रधानमंत्री के मन की बात आज देश के जन-जन की आवाज है, और यह एक सामाजिक आंदोलन और जनक्रांति बन गई है। प्रधानमंत्री की मन की बात के माध्यम से देश और समाज के साथ साथ अपने कार्य क्षेत्र में महारथ हासिल करने वाले लोगो को देश के सामने लाने का मौका मिलता है। प्रधानमंत्री द्वारा कही गई बात को एक जन आंदोलन के रूप में हमने देखा और साकार किया है चाहे वह वोकल फॉर लोकल हो या हर घर तिरंगा । आज हम खेल, कृषि, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया जैसे अनेक क्षेत्रों में विश्व स्तर पर आगे बढ़ रहे है और नेतृत्व कर रहे है । निश्चित ही प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम भारत को जगतगुरु का स्थान देकर संपूर्ण विश्व पर अपनी अलग पहचान स्थापित करेंगे ।आने वाले समय में इन्हीं शुभ संकल्पों के साथ सभी के आशीर्वाद से पपन: तीसरी बार 400 पार से मोदीजी प्रधानमंत्री बनकर भारत माता को परम वैभव पर पहुँचाने के संकल्प को पूरा करें ।

### प्रत्येक संस्करण हम सभी के लिए प्रेरणादायक - गौरीशंकर बिसेन

मन की बात कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन ने कहा कि अक्टूबर 2014 विजयादशमी के शुभ अवसर पर मन की बात की यात्रा शुरु हुई थी। तब से से लेकर आज तक इसका हर संस्करण अपने आप में विशेष रहा है। बालाघाट जिले सहित पूरे देश से, हर कोने से, हर आयु के लोग मन की बात से जुड़े है। प्रधानमंत्री ने अपने पिछले संस्करण में बालाघाट जिले की बात कही थी । इसके माध्यम से बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत आंदोलन, खादी के प्रति प्रेम, प्रकृति की बात, आज़ादी का अमृत महोत्सव, अमृत सरोवर व योग संस्कृति को वैश्विक स्तर पर नई पहचान देने ऐसे कई विषयों पर आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने देशवासियों से अपने विचार साझा किए । मन की बात जिस विषय से जुड़ा वो जन आंदोलन बन गया है। हर संस्करण के तरह यह संस्करण भी अपने आप में विशेष और प्रेरणादायी रहा । बिसेन ने आगे कहा की हम अपने मन की शक्ति को जानते है परंतु समाज की शक्ति से देश की शक्ति कैसे बढ़ सकती है इसे हमे जानना और पहचानना है । प्रधानमंत्री के साथ भारत को विश्वगुरु बनाने में सहयोग प्रदान करना है । मन की बात का कार्यक्रम 22 राष्ट्रीय भाषाओं, 11 विदेशी भाषाओं और 29 बोलियों में प्रसारित होने वाला यह कार्यक्रम सही अर्थों में जन-जन की बात है । मन की बात के इस यात्रा में सहयात्री बन कर राष्ट्रहित के लिए कार्य करे ।

## लाखों रूपयो की लागत से बने सेग्रीगेशन शेड उपयोग के पूर्व ही हो रहे हैं क्षतिग्रस्त



किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत किरनापुर अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतो मे शासन द्वारा सेग्रीगेशन शेड का निर्माण कार्य करवाया गया है।लेकिन जिम्मेदार ग्राम पंचायतो की उदासीनता के कारण समुचित देखभाल नही होने एवं रख रखाव नही होने के चलते लाखों की लागत से बनी यह सेग्रीगेशन शेड़ इस्तेमाल होने के पूर्व ही क्षतिग्रस्त हो रहे हैं जिससे शासन की इस महती मंशा पर पानी फिरता दिखाई दे रहा है। बताएं कि ग्राम पंचायतो द्वारा वर्ष 2021-22 में सेग्रीगेशन शेड बनवाया गया था। स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत गांवों से गीला व सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र किया जा सके। साथ ही कचरे से खाद बनाई जा सके। इस उद्देश्य को लेकर शासन द्वारा लगभग 7 लाख रुपए की लागत सी गांव गांव में सेग्रीगेशन शेड का निर्माण कार्य करवाया गया था ।लेकिन वर्तमान समय में यह सेग्रीगेशन शेड पूरी तरह अनुपयोगी साबित हो रहे हैं जिसके चलती धीरे-धीरे अब यह शेड क्षतिग्रस्त हो रहे हैं तथा खंडहर में भी तब्दील होते जा रहे हैं जिससे शासन की मंशा पर पानी फिरता नजर आ रहा है ।ऐसा ही एक मामला जनपद पंचायत किरनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत परसवाड़ा में दिखलाई दिया जहां शेड में जगह-जगह दीवारें क्षतिग्रस्त दिखलाई दे रही है। जो स्वयं ही गुणवत्ताहीन कार्य होने साथ-साथ अपनी कहानी स्वयं ही बयां कर रही है जिस पर ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत के आला अधिकारियों को इस दिशा में ध्यान देकर समुचित पहल किए जाने की मांग ग्रामीणों द्वारा की गई है जिससे कि शासन की मंशा को सार्थक रूप से फलीभूत किया जा सके।

## कटंगी में चुनावी कार्यालय का किया शुभारंभ

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। 2024 लोकसभा चुनाव नजदीक है ऐसे में भारतीय जनता पार्टी तैयारियों में जुट चुकी है. जिसके चलते पार्टी ने कटंगी विधानसभा में अपने कार्यालय का शुभारंभ किया है. विधायक गौरव सिंह पारधी के चुनावी कार्यालय को भाजपा ने लोकसभा चुनाव के कार्यालय के तौर पर शुरू किया है. भाजपा जिला अध्यक्ष पूर्व राज्य मंत्री रामकिशोर कावरे, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश रंगलानी, विधायक गौरव सिंह पारधी, जिला पदाधिकारी महेंद्र सुराना, शैलेंद्र सेठी ने रिबन काटकर कार्यालय का शुभारंभ किया. लोकसभा चुनावी कार्यालय के शुभारंभ के अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश रंगलानी ने कहा आगामी समय में लोकसभा में कटंगी तहसील मुख्यालय में जिले का पहला लोकसभा चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया है विधानसभा चुनाव में कटंगी विधानसभा में भाजपा को लगभग 85000 मत प्राप्त हुए थे भाजपा के उम्मीदवार गौरव सिंह पारधी 22000 से अधिक मतों से विजय हुए थे अब लोकसभा चुनाव में हमारे उम्मीदवार को 85000 से अधिक मत प्राप्त होने चाहिए. क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी ने कहा आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को भारी मतों से जिताने के लिए हम सभी कार्यकर्ता को मिलकर तैयारी करनी होगी केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओ की जानकारी घर-घर तक पहुंचानी है इस बार भाजपा का एनडीए गठबंधन पूरे देश में 400 से अधिक लोकसभा सीटें जीतकर आएगी. हम सभी कार्यकर्ताओं को एक बार फिर मजबूत देश के लिए मजबूत प्रधानमंत्री चुनकर भेजने के लिए आगामी 100 दिन पार्टी के लिए तन मन देना होगा. 2047 तक देश को विकसित बनाने के वर्ष लिए मोदी जी का हाथ मजबूत करना है।

## अर्जुननाला में मनाई गई संत रविदास महाराज की जयंती

### समाज ने भवन निर्माण के लिए विधायक से रखी मांग, विधायक ने सहयोग का दिया भरोसा

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। निर्गुण भक्ति शाखा के महाकवि, महान चिंतक और विचारक संत रविदास जी की 647 वीं जयंती कटंगी शहर के वार्ड क्रमांक 01 और 02 अर्जुननाला में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बेहद धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई. इसके अलावा सिवनी रोड़ स्थित श्रीराधा कृष्ण गोंविद मंदिर में भी उनके अनुयाईयों ने साधारण तरीके से जयंती मनाई. अर्जुननाला में आयोजित जयंती समारोह में क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. जयंती के अवसर पर सुबह अर्जुननाला में प्रभात फेरी निकाली गई. वहीं संत रविदास जी के मंदिर में दिन भर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित हुए. शाम के वक्त लघु मंचीय कार्यक्रम का आयोजन विधायक गौरव सिंह पारधी की उपस्थिति में हुआ. जिसमें समाज के कई वक्ताओं ने हिस्सा लिया और वर्तमान में समाज के परिदृश्य से स्वजातीय जनों को अवगत करवाया. कीर्तनकार और वरिष्ट जन अमीरचंद छिपेश्वर ने इस बात पर गहरा दु:ख व्यक्त किया कि आज भी अन्य समाज के लोग संत रविदास जयंती समारोह से दूरी बनाकर रखते है. उन्होंने गत वर्ष निकाली गई समरसता यात्रा के दौरान हुई एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि जब भाजपा ने यात्रा निकाली तो एक व्यक्ति ने कहा कि हमारी तो यात्रा में शामिल होना एक मजबूरी है. यह यात्रा तो जाति विशेष के लोगों के लिए निकाली गई है. जयंती समारोह के दौरान नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष सुंदर लाल बिन्झाड़े ने समाज की ओर से विधायक के सक्षम ब्लॉक में समाज के लिए भवन प्रदान करवाने की मांग रखी. जिस पर विधायक ने कहा कि समाज के लोग अपने लिए भूमि की तलाश करें. जिसकी रजिस्ट्री का खर्च वह वहन करेंगे और सामुदायिक भवन बनवाने की जिम्मेदारी उनकी रहेगी. यह विश्वास विधायक ने समाज के लोगों को दिलवाया है. सुंदर लाल बिन्झाड़े के नेतृत्व में समाज के लोगों ने विधायक को इस संबंध में एक ज्ञापन भी सौंपा. जयंती समारोह में राजकुमार तरवरे, मुलकराज आनंद, योगराज ठाकरे, दिमाग चंद टेम्भरे सहित अन्य अतिथि के रुप में शामिल हुए. जयंती समारोह के सफल आयोजन मे हरिलाल खरोले, सुरेन्द्र खरोले, धनपाल तरवरे, राजेन्द्र खरोले, अनिल खरोले, महेन्द्र खरोले, मोहित खरोले, रवि खरोले, राधेश्याम खरोले, अनिल खरोले, गोविंद खरोले, रंजन खरोले, प्रवीण खरोले, अरूण खरोले सहित अन्य की सराहनीय भूमिका रही।

फोटो कैप्शन-

501- संत रविदास की प्रतिमा की पूजा करते विधायक गौरव सिंह पारधी.

502- रविदास समाज के लोग विधायक को ज्ञापन सौंपते हुए.

## संत शिरोमणि रविदास जयंती पर आज विविध कार्यक्रम

किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। अखिल भारतीय रविदासिया समाज संगठन तहसील शाखा किरनापुर के तत्वाधान मे मानव समाज के प्रेरणा सोत्र समता बंधुता व भाईचार,शिक्षा आर्थिक विषमता से मुक्ति का संदेश देने वाले संत शिरोमणि रविदासजी की जयंती समारोह कार्यक्रम संत रविदासिया सामुदायिक भवन किरनापुर मे आयोजित किया जा रहा है।इस कार्यक्रम मे संत शिरोमणि गुरू रविदासजी के जीवन पर संत वाणियों तथा अतिथियों के द्वारा मार्गदर्शन किया जावेगा।कार्यक्रमों की कड़ी मे आज 26 फरवरी दिन सोमवार को प्रात: 9 बजे दी प्रज्जवलित कर शोभायात्रा संत रविदास भवन किरनापुर से ग्राम वारा स्थित संत रविदास मंदिर तक निकाली जाएगी।जहां पूजा अर्चना करने के उपरांत शोभायात्रा ग्राम का भ्रमण कर वापस रविदास भवन किरनापुर



पहुंचेगी।जहां मंचीय कार्यक्रमों का आयोजन दोपहर 1 बजे से किया जाएगा।एवं शाम 4:30 बजे से महाप्रसादी भण्डारे का आयोजन किया गया है।तथा शाम 7 बजे से भजन मण्डली कार्यक्रम सम्पन्न होंगे।कार्यक्रम की अध्यक्षता आवा आश्रम के मठाधीश परम पूज्य झाड़ूदास बाबाजी द्वारा की जाएगी। इस अवसर परअखिल भारतीय रविदासिया समाज संगठन शाखा किरनापुर के अध्यक्ष मनोहर छिपेकर,घानश्याम ताण्डेकर,गजानंद मोहबे,राजकुमार ताण्डेकर,रोशनलाल ताण्डेकर,पी.डी.रायगड़े,रोहिदास बिंझलेकर,गंगाराम बरईकर,नारायण राठौर,रामभरोस कनौजे,चैतराम ताण्डेकर,हरिप्रसाद कनौजे,अजय बिंझलेकर,यशवंत कनौजे,रामप्रसाद चौधरी ,चैनदास भोंडेकर,उदेलाल भोंडेकर,अरूण तान्डेकर,विजय हटिले,कैलाश कनौजे,विजय बारेकर,जितेन्द्र भौंडेकर,उमाशंकर कुम्भरे,राजू तान्डेकर,गनपत कनौजे,राजेश छिपेकर,रंजीत भौंडेकर,अशोक मोहबे,महेन्द्र कनौजे,पृथ्वीराज मोहबे,एस.एल.रायगडे,कैलाश भोंडेकर,मुकेश कनौजे,पवन भोंडेकर,बीरजलाल भोंडेकर,नरेश गौंधर,उदाराम कनौजे,राजकुमार कुम्भरे,राजकुमार छिपेकर,रूपेन्द्र कनौजे,राजकुमार ताण्डेकर,बिसनलाल बारेकर,श्यामू तान्डेकर,राजकुमार भोन्डेकर,धर्मेन्द्र तान्डेकर सहित अन्ण्य ने समस्त सामाजिक बंधुओं से आयोजित कार्यक्रमों मे उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## कोस्ते तालाब को भरा जाये नहर के पानी से

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। कोस्ते ग्राम पंचायत के मछुआरे ग्राम के तालाब को नहर के पानी से भरने की मांग कर रहे है। मछुआरों का कहना है कि तालाब सूखने लगा है। उनके द्वारा जो मछली के बीज डाले गये थे वे अब परिपक्क हो गये है। मगर पानी के अभाव में हमारी मछलियां मर जायेंगी। ऐसे में हम चाहते है कि तालाब के पास से निकली ढूटी नहर का पानी अगर सड़क को काटकर उसमें पाईप डाल दिया जाये तो हमेशा तालाब में पानी बना रहेगा। जिससे हमारी मछलियां भी नही मरेंगी वही हमे आर्थिक नुकसान भी नही होगा। हमने अपनी यह मांग सरपंच के सामने रखी है। पद्मेश को जानकारी देते हुये मछुआरे मोहनलाल मेश्राम ने बताया कि हम जिस तालाब में मछली का पालन करते है वो सूखने लगा है। आगामी समय गर्मी का है ऐसे में तालाब की मछली पानी के अभाव में मर जायेगी जिससे हम लोगों को



काफी नुकसान होगा। हम यही चाहते है कि जो तालाब के किनारे से नहर निकली है। उसमें सड़क को काटकर मोंगा डाल दिया जाये जिससे जब जब नहर प्रारंभ होगी तब तब तालाब का जलस्तर बना रहेगा। वही हम मछुआरों को भी राहत होगी। हमने इस संबंध में सरपंच सचिव के सामने इस समस्या को रखा है वही हम सिंचाई विभाग के पास नही गये है।

### इनका कहना है -

इस संबंध में पद्मेश को जानकारी देते हुये ग्राम सरपंच ने बताया कि हम ऐसा नही कर सकते। हालाकि सिंचाई विभाग ने एक नाली कई वर्ष पूर्व ही बना दी है। जिससे हम समय समय पर तालाब को भरते रहते है। अगर हम मुछआरों की इस मांग को मानते है तो सलाना ६० से ७० हजार रूपये हम पर बोझ पड़ेगा। हमारी ग्राम पंचायत काफी छोटी है जिसकी आय भी कम है। ऐसे में हम सड़क काटकर मोंगा नही लगा सकते। जैसी व्यवस्था पूर्व समय से बनी हुई है हमे उसके मुताबिक ही चलना पड़ेगा।

**योगेश टेकाम**
**सरपंच कोस्ते**

## सुकली में करीब दो एकड़ में जली गन्ने की फसल

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम सुकली में ठेके पर लिए गन्ने के खेत में कचरा जलाने के लिए एक किसान के द्वारा लगाई गई आग से गांव के ही 04 अन्य किसानों के खेतों में करीब 02 एकड़ भूमि में लगी गन्ने की फसल जलकर नष्ट हो गई. आग लगाने वाले किसान के खिलाफ रविवार को पीड़ित किसानों ने थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज करवाई है. वहीं किसानों ने प्रशासन से मुआवजा प्रदान करने की भी मांग रखी. आगजनी की घटना शुक्रवार करीब 02 बजे के आस-पास की है. पीड़ित किसान कुंजीलाल गोपाले, विनोद गोपाले, आदित्य गोपाले, चेतन गोपाले ने बताया कि किशनलाल गोपाले ने अपने खेत में कचरा जलाने के लिए आग लगाई थी. उसे ऐसा करने से रोका गया था क्योंकि आस-पास में गन्ने के खेत थे लेकिन किशनलाल ने खेत पड़ोसियों की एक भी बात नहीं मानी और आग लगा दी. गर्मी



और हवा की वजह से आग जल्द ही पड़ोस के गन्ने के खेतों में भी लग गई. किसानों ने बताया कि खेतों में लगी आग पर काबू पाने के हरसंभव प्रयास भी किए गए लेकिन सारे प्रयास विफल साबित हुए और चंद मिनटों में करीब 02 एकड़ में लगी गन्ने की फसल जल गई. इस घटना के बाद किशनलाल ने पीड़ित किसानों को नुकसानी भरकर देने की बात कहीं थी लेकिन घटना के दो दिन बाद किशनलाल अपनी बातों से मुकर गए. जिसके चलते पीड़ित किसानों ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई है।

## समाधान आपके द्वार लोक अदालत शिविर का हुआ सफल आयोजन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट के मार्गदर्शन में 24 फरवरी शनिवार को लोक अदालत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर जिला न्यायालयों, तालुका न्यायालयों, समस्त राजस्व न्यायालयों, विद्युत विभाग, वन विभाग में लोक अदालत में आयोजित किया गया। लोक अदालत शिविर के माध्यम से संपूर्ण जिले में 8500 से अधिक लंबित प्रकरणों तथा 10000 से अधिक प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया गया । जिसमें शमनीय मामलें, राजस्व, विद्युत, वन विभाग में लंबित मामले ,एवं ,प्री-लिटिगेशन मामले शामिल है। साथ ही एक दिवसीय आधार कार्ड बनाये एवं संशोधन किये जाने के लिये भी शिविर लगाया गया। जिसमें अधिवक्तागण, आमजन एवं बच्चों का आधार कार्ड में संशोधन कर लाभान्वित किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री दिनेश चन्द्र थपलियाल द्वारा समाधान आपके द्वार अंतर्गत लोक अदालत शिविर में प्रकरणों के निराकरण में जिले के समस्त समाचार पत्रों के संपादक, प्रधान संपादक, प्रिंट तथा इलेक्ट्रानिक मीडिया के सभी सदस्यों द्वारा लोक अदालत शिविर की सफलता के लिये विशेष रूप से आभार व्यक्त किया गया। इसके अतिरिक्त प्रशासनिक शा.अधिकारी, पुलिस अधिकारीगण, अधिवक्तागण एवं समाजसेवीगण तथा आमजन को लोक अदालत शिविर के इस पावन कार्य में सहयोग के लिये भी आभार व्यक्त किया गया है।

## प्रगतिशील कुनबी समाज ने मनाई छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जहां छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती प्रगतिशील कुनबी समाज द्वारा 19 फरवरी को अपने-अपने ग्रामीण स्तरों और क्षेत्रो में मनाई गई। तो वही प्रगतिशील कुनबी समाज के संयुक्त तत्वाधान में सामूहिक रूप से इस जयंती का आयोजन रविवार 25 फरवरी को किया गया। जहां नगर मुख्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम के तहत नगर के आंबेडकर चौक स्थित कमला नेहरू सभागृह के सामने से नगर में एक बाइक रैली निकाली गई।यह वाहन रैली नगर के विभिन्न मार्गों का गस्त करते हुए सीधे इतवारी बाजार स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज प्रतिमा में स्थल पर पहुंची,जहां सामाजिक बंधुओ ने छत्रपति शिवाजी महाराज का जय घोष कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात विशेष पूजा अर्चना कर यह वाहन रैली वापस नगर का भ्रमण करते हुए जागपुर घाट रोड स्थित समाज के भवन में पहुंची। जहां इस रैली का समापन किया गया। जहां बाइक रैली समापन के पश्चात शिवाजी संस्कृतिक भवन में प्रगतिशील कुनबी समाज द्वारा सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित पदाधिकारी सदस्यों व सामाजिक बन्धुओ ने पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम संपन्न कराए, तो वहीं उद्बोधन कार्यक्रम के दौरान सामाजिक बन्धुओ ने देश, समाज ,सामाजिक एकता आदि मुद्दों पर चर्चा कर छत्रपति





शिवाजी महाराज की जीवनी से प्रेरणा लेकर उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। तो वहीं उन्होंने समाज संगठन को एकजुट करने पर भी जोर दिया। जहां उद्बोधन सहित अन्य कार्यक्रमों के बाद देर शाम कार्यक्रम का समापन किया गया।

### जय शिवाजी-जय भवानी के जयघोष से गूंजा शहर

छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर सामाजिक बंधुओं द्वारा भगवा मोटर सायकिल रैली निकाली गई। जो आंबेडकर चौक, हनुमान चौक होते हुए छत्रपति शिवाजी जैविक कृषि मंडी पहुंची। जहां स्थित समाज के आराध्य छत्रपति शिवाजी महाराज की आदमकद प्रतिमा पर सामाजिक बंधुओं ने माल्यार्पण कर जय शिवाजी-जय भवानी के जयघोष का गुंजायमान किया।यहां से भगवा मोटर सायकिल रैली मेनरोड से काली पुतली चौक, आंबेडकर चौक, सहस्त्रबाहु चौक होते हुए पॉलीटेक्निक कॉलेज के पीछे स्थित छत्रपति शिवाजी सांस्कृतिक भवन में मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां अतिथी व सामाजिक लोगों ने समाज के आराध्य शिवाजी महाराज, मां सरस्वती और सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एक बार फिर जय शिवाजी-जय भवानी का जयघोष किया। जिसके बाद समाज की महिलाओं द्वारा शिवाजी की आरती की गई। वही यहां मंचीय कार्यक्रम में बारी-बारी से अतिथियो का स्वागत सामाजिक बंधुओं द्वारा किया गया।कार्यक्रम में महासचिव शिवशंकर शिवणकर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भागवत कुथे, कोषाध्यक्ष श्रीराम दानी, नीलकंठ बहेकार, ए.के. थेरकर, मनोहर थेरकर, सीमासिंह पटेल, कल्पना बहेकार, मंदा बहेकार, साधना कुथे, संगीता फुंडे सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

### इतिहास के पन्नों में सुनहरे अक्षरों में दर्ज है शौर्यगाथा- खोटेले

सामाजिक भवन में कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रगतिशील कुनबी समाज अध्यक्ष सुनील खोटेले ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज मराठा सम्राट थे, जिनकी शौर्यगाथा इतिहास के पन्नों में सुनहरे अक्षरों में दर्ज है। शिवाजी महाराज की वीरता की मिसाल पूरे देश में दी जाती है और गर्व और ऊर्जा के साथ उनका नाम लिया जाता है। वह एक देशभक्त, कुशल प्रशासक और साहसी योद्धा थे। मुगलों को परास्त करने वाले शिवाजी महाराज ने मराठा साम्राज्य की नींव रखी। जितने ओजस्वी शिवाजी खुद थे, उतने ही ऊर्जावान उनके विचार भी थे। मराठा साम्राज्य की स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य की गूंज आज भी सुनाई देती है। शिवाजी महाराज, हिन्दु राज के एक महान शासक थे।

# 4 वर्षों से बनकर तैयार मंडी कॉम्प्लेक्स का नहीं हुआ आवंटन

## धीरे-धीरे होने लगा क्षतिग्रस्त, लगभग 8 करोड़ से अधिक की लागत से बनाया गया है कॉम्प्लेक्स ,इन दिनों बना असामाजिक तत्वों का अड्डा

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। 4 वर्षों से बनकर तैयार मंडी कॉम्प्लेक्स अभी तक आवंटित नही हुआ है जिसकी लागत लगभग 8 करोड़ से अधिक की बतायी जा रही है ,जबकि अब मंडी परिसर धीरे धीरे क्षतिग्रस्त होता नजर आ रहा है , अभी तक इस मंडी परिसर को आवंटित कर दिया जाना चाहिए था, किंतु संबंधित विभाग के द्वारा इसका लोकार्पण पूर्व प्रदेश के मुख्या शिवराज सिंह चौहान के द्वारा तो करवा दिया गया , किंतु आज तक इसे आवंटित नहीं किया गया है, अब यह असामाजिक तत्वों का अड्डा बनते जा रहा है, जबकि इसके आवंटित होने का इंतजार शहर के व्यापारी वर्ग भी कर रहे हैं, किंतु जिस प्रकार से इन दिनों कॉम्प्लेक्स की स्थिति दिख रही है उसे देखकर लग रहा है कि जल्द ही यह कॉम्प्लेक्स धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त होना शुरू हो जाएगा। आपको बता दे की शहर के पुराने इतवारी गंज की जमींन पर मंडी विभाग का 165 दुकानों का एक भव्य कॉम्प्लेक्स बनकर तैयार हो गया है। मंडी निधि की करीब 8 करोड़ 40 लाख की लागत से इस कॉम्प्लेक्स का निर्माण किए करीब चार साल का समय हो चुका है। बावजूद इसके कॉम्प्लेक्स के डेढ़ सैकड़ा से अधिक कमरों का आवंटन अब तक नहीं हो पाया है। कमरों की नीलामी होने का इंतजार व्यवसायी एवं जरूरतमंद कर रहे हैं। ताकि वे अपना रोजगार प्रारंभ कर सके। लेकिन इनका इंतजार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। और अब इस कॉम्प्लेक्स की स्थिति धीरे-धीरे खराब होती जा रही है एवं यहां असामाजिक तत्वों के द्वारा रात्रि में उत्पाद मचाते हुए कॉम्प्लेक्स के बने कमरों एवं लाइटिंग को तोड़फोड़ किया जा रहा है, तो वहीं बिना देखरेख के अभाव में यह कॉम्प्लेक्स और भी खराब होता जा रहा है।



### वर्ष 2020 में बनकर तैयार हो चुका था

आपको बता दें कि मंडी बोर्ड ने वर्ष 2015 में इस काम्पलेक्स में 165 दुकानों का निर्माण कार्य शुरू करवाया, जो वर्ष सितंबर 2020 में पूर्ण रूप से बनकर तैयार हो चुका है। लेकिन नीलामी और लोकार्पण में देरी हो रही थी। नीलामी में देरी के पीछे क्या कारण है, इसके बारे में कोई जानकारी प्रसारित नहीं की जा रही है। और अभी इसकी नीलामी कब होती हैं यह कहा भी नही जा सकता है।

### शिवराज सिंह चौहान ने किया था लोकार्पण

जानकारी के अनुसार मंडी काम्प्लेक्स का लोकार्पण कुछ समय पूर्व प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान ने किया था। इसके साथ ही कयास लगाए जा रहे थे कि शीघ्र ही यहां की दुकानों की नीलामी प्रक्रिया पूर्ण कर दुकानों का आवंटन कर दिया जाएगा। लेकिन काम्पलेक्स के कमरों के आवंटन की प्रक्रिया लंबे समय से अटकी हुई है। कृषि कार्यों से संबंधित व्यवसाय के लिए यहां के कमरों का आवंटन किया जाएगा।

### असामाजिक तत्वों का रहता है जमावड़ा

मंडी काम्प्लेक्स की सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। ना ही कोई सुरक्षा गार्ड यहां तैनात है। इस कारण यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा देखा जा रहा है। खासकर शाम के समय असामाजिक तत्वों यहा नशाखोरी करते देखे जाते हैं। स्थानीय व्यापारियों की माने तो कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा नशा करने वालों ने खाली पड़े काम्पलेक्स को अपना ठिकाना बना लिया है। शाम के समय यहां शोरगुल भी होता है। इस कारण व्यापारियों को भी परेशानी होती है। इस मामले की शिकायत भी की गई है। लेकिन देखरेख की कोई व्यवस्था नहीं बनाई जा रही है।

### धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त होते नजर आ रहा काम्पलेक्स

स्थानीय व्यापारियों की माने तो मंडी काम्पलेक्स के कमरों का आवंटन करने में प्रशासन काफी लेटलतीफी कर रहा है। वहीं इस ओर कोई ध्यान भी नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में काम्पलेक्स में असामाजिक तत्व उत्पात मचा रहे हैं। इससे करोड़ों के काम्पलेक्स के क्षतिग्रस्त व टूट फूट होने की बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। व्यापारियों की माने तो शीघ्र कमरों की नीलामी की जानी चाहिए। ताकि काम्पलेक्स की सुरक्षा होने के साथ ही शासन प्रशासन को भी राजस्व प्राप्त होने लगेगा। नहीं तो यह काम्पलेक्स धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त होना शुरू हो जाएंगे क्योंकि अभी कंपलेक्स की बाहरी दीवारों की डेंटिंग ,पेंटिंग उखाड़ना शुरू हो गई है तो वहीं असामाजिक तत्वों द्वारा काम्पलेक्स के अंदर बहुत से कमरे व लाइटिंग को तोड़फोड़ दिया गया है जिससे प्रशासन को लाखों की क्षति इन्हे पुन: बनाने में लगेगी।

# फिर भटेरा चौकी पंप हाउस गली में अज्ञात चोरों ने बनाया सूने मकान को अपना निशाना

## 5 हजार रूपये नगद लेकर फरार हुआ अज्ञात चोर

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। भले ही पुलिस चोरी का खुलासा कर रही हो, किंतु शहर में चोरी की वारदात रुकने का नाम नहीं ले रही है, अब इसे पुलिस की नाकामी कहे या चोरों के द्वारा पुलिस के साथ आंख मिचोली का खेल कहे, लगातार भटेरा चौकी स्थित वार्ड नंबर 2 में चोरी की वारदातें रुकने का नाम ही नहीं ले रही है, बीती रात फिर अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए नगद पार किया और आहट पाते ही चोर भाग खड़े हुए हालांकि बताया जा रहा है कि चोरों द्वारा महज कुछ हजारों की चोरी ही करके भाग खड़े हुए अन्यथा भटेरा चौकी में एक बड़ी चोरी की वारदात घटित हो सकती थी कोतवाली सहित बालाघाट पुलिस अनुभागीय क्षेत्र में चोरी और चोरी के प्रयासों के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। शनिवार और रविवार की दरमियानी रात करीब दो से ढाई बजे के बीच कोतवाली थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-दो पंप हाउस गली में रहने वाले आशीष पिता नंदलाल मिश्रा के सूने घर का अज्ञात चोरों ने ताला तोड़ दिया। गनीमत रही कि चोरों को नकदी 5 हजार रूपये ही पार किये और जहाँ जेवर रखे थे वहा का ताला तोड़ा ही था की आहट पा कर चोर भाग गये । बता दें कि आशीष मिश्रा पेशे से पत्रकार हैं और अपने पिता और बड़े भाई मनीष मिश्रा के साथ रहते हैं। जानकारी के अनुसार, आशीष मिश्रा शनिवार को सतना में थे। जबकि उनके पिता नंदलाल रामपायली में थे। आशीष मिश्रा के घर के बगल में रहने वाले उनकी भाभी मंजू मिश्रा ने रात में चोरों की आहट सुनी और शोर मचाया। पकड़े जाने के डर से अज्ञात चोर भाग निकले। आशीष मिश्रा ने बताया कि उन्हें सुबह फोन पर चोरी की सूचना मिली थी। शहर में रात्रि गश्त को और बढ़ाने की जरूरत है ताकि चोरों या असामाजिक प्रवृत्ति के लोगों में पुलिस व कानून का डर हो। शहर में लगातार हो रही चोरी की वारदातों ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े किए हैं। स्वजनों की सूचना पर रविवार सुबह पुलिस ने मौका स्थल पहुंचकर बारीकी से जांच की और मामले को जांच में लिया है। हालांकि, जानकारी सामने आ रही है कि चोरों ने घर में रखे पांच हजार रुपये नकदी चुराए हैं, इस महीने चोरी व चोरी के प्रयास का यह संभवत- छठवां मामला है।



### अलमारी में 5 हजार रुपए नगद रखे हुए थे - मंजूलता मिश्रा

मंजूलता मिश्रा बताती है कि जब वह सुबह सोकर उठे तो वह हर दिन की तरह 25 फरवरी को भी मकान को चेक करने के लिए गयी तो उन्होंने देखा कि मकान का ताला टुटा हुआ है जबकि वह बिते दिनों चोरी होने की वजह से वह अधिकतर सतर्क ही रहती हैं ,और घर पर कोई नहीं था तो वह हर दिन घर को चेक करते ही रहती हैं ,और उन्होंने देखा कि घर का पर्दा खुला हुआ है और उन्होंने अपने बेटे को उठाया और अंदर देखा तो दरवाजा खुला था और अलमारी से पूरे कपड़े बिखरे पड़े थे और जब उन्होंने अपने परिजनों से फोन कॉल पर बात की तो पता चला की अलमारी में 5000 रुपए नगद रखे हुए थे संभव तो अज्ञात चोर उन्हें ही उड़ा ले गए और फिर भी अभी यह क्लियर नहीं कहा जा सकता कि क्या-क्या चोरी गया है जब उनके परिजन आ जाएंगे तभी क्लियर हो पाएगा कि अंदर से क्या-क्या गया है उन्होंने बताया कि वह रात्रि में डेढ़ से 2:00 बजे तक घर पर ही जग ही रहे थे उसके बाद 3:00 बजे रात्रि में कुछ आहट पाकर वह जाग गई और उनके जागने की वजह से अज्ञात चोरों को घर पर हलचल सुनाई दी हो होगी जिस वजह से चोर भाग गए, उन्होंने पुलिस प्रशासन से यह मांग की है कि उनके वार्ड में पुलिस की गस्त रात में होनी चाहिए जबकि उनके वार्ड में पुलिस रात्रि में गस्त करने नहीं आती है।

# कृषक साइकिल सहित 7 फीट गहरे पुलिया में गिरने से घायल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। लालबर्रा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम अतरी में एक कृषक साइकिल सहित पुलिया के नीचे गिरने से घायल हो गया। 24 फरवरी की रात्रि 8:00 बजे करीब यह घटना उस समय हुई जब यह कृषक अपने खेत से साइकिल से घर आ रहा था। घायल कृषक राम सहाय पिता फकीरा पंचेश्वर 57 वर्ष ग्राम अतरी निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामसहाय पंचेश्वर अपने परिवार के साथ खेती किसानी करता है। जिसके परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटी एक बेटा है तीनों की शादी हो चुकी है। दोनों बेटी अपने परिवार के साथ अपने ससुराल में रहती है। बताया गया है कि 24 फरवरी की रात्रि 8:00 बजे रामसहाय पंचेश्वर अपने खेत का मोटर पंप बंद करने के बाद साइकिल से अपने घर आ रहा था तभी ग्राम समीप अतरी के पास सामने से आ रही मोटरसाइकिल का लाइट रामसहाय पंचेश्वर की आंख में पढ़ने से वह असंतुलित होकर के साइकिल सहित रोड किनारे 7 फीट गहरे पुलिया में गिर गया जो सिर में चोट लगने से घायल हो गया था। घायल हालत में ही रामसहाय पंचेश्वर ने अपने पास रख मोबाइल से अपने पड़ोसियों को फोन करके बताया। तब पड़ोसी उसके परिवार के साथ पुलिया पहुंचे जिन्होंने घायल रामसहाय पंचेश्वर को घर लाये। रात में 108 एंबुलेंस नहीं पहुंचने उसके बाद कोई साधन नहीं होने के कारण। 25 फरवरी को रामसहाय पंचेश्वर अपने साधन से जिला अस्पताल आया। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती का उपचार किया जा रहा है।






# एक व्यक्ति ने अपने छोटे भाई को सिर में हथौड़ी से वार कर किया घायल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। रामपायली थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम झाड़गांव में एक युवक को उसके बड़े भाई ने सिर में हथौड़ी से वार कर घायल कर दिया 24 फरवरी की शाम को यह घटना घरेलू विवाद के चलते उपजी रंजिश को लेकर हुई। घायल युवक उमेश पिता धुरन लाल खजरे 31 वर्ष ग्राम झाड़गांव निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उमेश खजरे तीन भाई है और तीनों भाई एक ही मकान में अपने परिवार के साथ अलग-अलग रहते हैं। उमेश खजरे अपनी पत्नी आशा खजरे के साथ रहता है जो खेती किसानी के अलावा ठेकेदारी में मकान बनाने का काम करता है। इसके समीप ही उसका मंझला भाई हंसलाल खजरे भी अपने परिवार के साथ रहता है। बताया गया है की उमेश खजरे ने अपने गांव के ईश्वरी का मकान ठेका में बनाने लिया है। दो दिन पहले उमेश खजरे निर्माणाधीन मकान में सेंटरिंग का काम होने से वह अपने भाई हंसलाल के पास रखी सेंटरिंग ले जाने के लिए आया था ।किंतु हंस लाल ने सेंटरिंग ले जाने से मना कर दिया ।इसी को लेकर के दोनों भाई के बीच विवाद हुआ था।24 फरवरी की शाम 5:00 बजे हंसलाल खजरे ने घर के मीटर से लाइन काट दिया था ।जिसके कारण पूरे घर की लाइट बंद हो गए थी। इसके कुछ देर बाद उमेश खजरे काम करके अपने घर आया और देखा घर की लाइट बंद थी। तब उसने अपनी पत्नी से पूछा तो उसने जेठ हंस लाल द्वारा मीटर से लाइन काटना बताई थी। उमेश खजरे घर की लाइट चालू करने मीटर से लाइन जोड़ रहा था ।तभी उसका भाई हंसलाल खजरे आया और दोनों की भाई के बीच विवाद हो गया और हंसलाल खजरे ने वही रखी सेंटरिंग में खिला ठोंकने की हथौड़ी से उमेश के सिर में दो बार वार कर दिया। जिससे उमेश खजरे घायल हो गया था ।बीच बचाव के बाद गंभीर रूप से घायल उमेश खजरे को डोंगरमाली के अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायल उमेश खजरे को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया है। रामपायली पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।









प्रवेश प्रारंभ
सत्र जनवरी 2024
माखनलाल चतुर्वेदी पं. एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल से संबद्ध
प्रवेश प्रारंभ (कम फीस एवं आसान किश्तों में)
* PGDCA - 1 वर्षीय PG डिप्लोमा योग्यता-किसी भी विषय से स्नातक
* DCA - 1 वर्षीय PG डिप्लोमा योग्यता-किसी भी विषय से 12वीं
* TALLY, BCA डिग्री व Msc(cs) मा. डिग्री
* नि:शुल्क CPCT व इंटरनेट सुविधा
टीप-12वीं अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं के लिये नि:शुल्क 5 दिवसीय कम्प्यूटर प्रशिक्षण
नोट-डीटीपी या कोरल ड्रा शिक्षक व ऑफीस ब्वाय की आवश्यकता है
यूनिवर्सल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालाजी
भटेरा रोड रेल्वे क्रासिंग के पास बालाघाट
Mo. 9406764413, 07632-356492

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.१, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट